रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 20 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-60 मूल्य 3.00 ₹

आईईडी विस्फोट में दो जवान शहीद नक्सलियों ने की कांग्रेस नेता की हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर के उसूर ब्लॉक में कांग्रेस नेता त्रिपति भंडारी की नक्सलियों ने हत्या कर दी जबकि बारुदी सुरंग विस्फोट की घटना में सुरक्षा बलों के दो जवान शहीद हो गये तथा दो अन्य घायल हो गये। कांग्रेस नेता एवं पूर्व सरपंच त्रिपति मंडारी की नक्सलियों ने तेजधार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार उसूर थाना क्षेत्र के ग्राम उसूर के सहकारी समिति सोसाइटी में चांवल बांटते समय अज्ञात तीन-चार लोग आए और त्रिपति भंडारी को दुकान से बाहर निकाल हत्या कर दी। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। अपने साथियों की मौत से बौखलाए नक्सली छिटपुट घटनाओं के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी बीच छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने शनिवार को किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में भारत-तिब्बत सीमा बल (आईटीबीपी) के दो जवान शहीद हो गए तथा दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। पुलिस की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि नारायणपुर जिले के ओरछा, मोंडी एवं एरठभट्टी से आईटीबीपी, सीमा सुरक्षा बल एवं जिला रिजर्व पुलिस बल की संयुक्त पार्टी नक्सली अभियान के लिए धुरबेड़ा की ओर रवाना हुयी थी। वापसी के दौरान दोपहर ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में बारूदी सुरंग के चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान अमर पनवार (36) महाराष्ट्र और राजेश (36) आंध्रप्रदेश के निवासी शहीद हो गये। अन्य दो घायल जवानों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। वहीं, बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक पी सुंदरराज ने भी इस घटना की पुष्टि की है।

जवानों के शहीद होने पर साय ने जताया शोक

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि नारायणपुर जिले के ग्राम कोडलियर के समीप जंगल में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान वीरगति को प्राप्त हो गए। विस्फोट में दो पुलिस जवानों के घायल होने की भी दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। साय ने कहा,'ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। गौरतलब है कि नारायणपुर के जंगलों में शनिवार को नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट कर दिया जिससे सुरक्षा बल के दो जवान शहीद हो गये तथा दो अन्य घायल हो गये।

क्विक न्यूज

झारखंड के लिए भाजपा के 66 उम्मीदवार घोषित

नयी दिल्ली। भाजपा ने झारखंड विधानसभा के चुनाव के लिए 66 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की आज घोषणा कर दी। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने झारखंड के भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को धनवार सीट से टिकट दिया गया है जबकि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को सरायकेला से और सीता सोरेन को जामताड़ा से टिकट दिया गया है। पहली सूची के 66 उम्मीदवारों में से 12 महिलाओं को टिकट दिया गया है।

दक्षिण विधानसभा उप चुनावः नामांकन के दूसरे दिन 9 आवेदन खरीदे गए

रायपुर। रायपुर दक्षिण विधानसभा उप निर्वाचन 2024 के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे दिन शनिवार को 9 नामांकन आवेदन खरीदे गए। अब तक 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन आवेदन खरीदा है। भरे हुए नामांकन पत्रों को 21 अक्टूबर को रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष जमा कर सकते है। भारतीय जनता पार्टी से सूरज यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दयाराम मेढ़े, निर्दलीय से जितेंद्र शर्मा, निर्दलीय से महेंद्र कुमार बाघ, निर्दलीय से सुषमा अग्रवाल, निर्दलीय से प्रकाश कुमार उरांव, निर्दलीय से आकाश तिवारी, निर्दलीय से मोहम्मद अनवर रिजवी, निर्दलीय शबिस्ता खान ने नामांकन आवेदन खरीदा है। नामांकन आवेदन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। 28 अक्टूबर को नामांकन की सवीक्षा की जाएगी।

वेस्ट से बनाएं वेल्थ, वैकल्पिक ईंधन कम करेंगे लागत : गडकरी

भोपाल। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क एवं पुल निर्माण से जुड़े विशेषज्ञों को उनके कार्यक्षेत्र से जुड़ी बेहद बारीकियों की जानकारी देते हुए कहा कि देश में 'वेस्ट' से 'वेल्थ' बनाने और निर्माण सामग्री की लागत कम करने की आवश्यकता है, जिसके लिए वैकल्पिक ईंधन एक बेहतर उपाय हो सकते हैं। गडकरी ने आयोजित सड़क और पुल निर्माण में उभरती नवीनतम प्रवृत्तियों और तकनीकों पर केंद्रित दो दिवसीय सेमिनार को संबोधित किया। समारोह के इस उद्घाटन सत्र में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उपस्थित रहे। अपने लगभग एक घंटे के संबोधन में गडकरी ने ना केवल प्रशासनिक कमजोरियों पर सबका ध्यान आकर्षित किया, बल्कि अपने कार्यक्षेत्र से जुड़ी त्रुटियों को भी रेखांकित किया।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 26.69 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने भिलाई-चरोदा नगर निगम में 26 करोड़ 69 लाख रुपए लागत के 144 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 23 करोड़ 29 लाख रुपए के 128 कार्यों का भूमिपूजन और तीन करोड़ 40 लाख रुपए के 16 कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। साव ने कार्यक्रम में खेल मैदान के लिए एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की। साव ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ने पिछले दस महीनों में शहरों के विकास के लिए 2800 करोड़ रुपए जारी किए हैं। हमने सरकार बनते ही 12 दिनों में किसानों को दो वर्षों के बोनस का भुगतान किया। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजनान्तर्गत महिलाओं को एक हजार रुपए हर माह दिए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गरीब परिवारों को 18 लाख आवास उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें से आठ लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मिल चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में राज्य का सांय-सांय विकास हो रहा है। भिलाई-चरोदा के विकास के लिए भी राशि की कमी नहीं होगी।

एमपी में एक नवंबर को देय वेतन 28 अक्टूबर को मिलेगा

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने दीपावली पर्व के मद्देनजर राज्य सरकार के अधिकारियों कर्मचारियों को एक नवंबर को देय वेतन दीपावली पर्व के पहले 28 अक्टूबर को ही कर्मचारियों को दिए जाने के आदेश संबंधित विभागों को दिए हैं। डॉ यादव ने इस संबंध में सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है, दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी शासकीय सेवकों के 1 नवंबर को देय अक्टूबर माह का वेतन 28 अक्टूबर की स्थिति में आहरण करने हेतु संबंधित सभी विभागों को आदेशित किया है। समस्त शासकीय सेवकों को त्यौहार पूर्व वेतन भुगतान होने से निश्चित ही दीपोत्सव अधिक आनंददायक होगा, मेरी ओर से दीपावली पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं।

सुनील सोनी भाजपा के उम्मीदवार घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने पूर्व सांसद सुनील सोनी को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हां ना की स्थिति के बाद आखिरकर बृजमोहन अग्रवाल की पसंद पर भाजपा ने मुहर लगा दिया। सुनील सोनी रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के अति करीबी माने जाते है। सोनी इसके पहले रायपुर से सांसद रहे, वह महापौर, आरडीए के अध्यक्ष और नगर निगम के सभापति भी रह चुके हैं। हालांकि सुनील सोनी के अलावा भाजपा नेता केदारनाथ गुप्ता, राजीव कुमार अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, मनोज शुक्ला, नंदन जैन, अवधेश कुमार जैन, मृत्युंजय दुबे, मीनल चौबे का नाम भी चला था लेकिन अंततः बृजमोहन अग्रवाल की पसंद पर भाजपा ने मुहर लगा दी।

अमन साहू 28 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

झारखण्ड के अपराधी अमन साहू को कोर्ट ने 28 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अब वह रायपुर केंद्रीय जेल में बंद रहेगा। जेल में उसके लिए अलग से व्यवस्था की गई है। उसे अन्य बंदियों से अलग रखा जायेगा और वह किसी भी कैदी से बातचीत नहीं कर सकेगा। पुलिस रिमांड खत्म होने के बाद शनिवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया था।

रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्राद्योगिकी का लाभ उठाये सेना : राजनाथ

पायनियर संवाददाता ◄ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना नेतृत्व से जटिल समस्याओं का गंभीरता से समाधान सोचने, अप्रत्याशित परिस्थितियों के अनुरूप ढलने और निरंतर बदल रहे भू-राजनीतिक परिदृश्य में रणनीतिक फायदे के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने का शनिवार को आह्वान किया। सिंह ने 62वें राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज पाठ्यक्रम के एमफिल दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों से रणनीतिक विचारक बनने का आग्रह किया जो सोच समझकर भविष्य के संघर्षों का अनुमान लगाने, वैश्विक राजनीतिक गतिशीलता को समझने और नेतृत्व करने में सक्षम हों। रक्षा मंत्री ने कहा, युद्ध, पारंपरिक युद्धक्षेत्रों से आगे निकल गया है और अब एक बहु-डोमेन वातावरण में संचालित होता है जहां साइबर, अंतरिक्ष और सूचना युद्ध पारंपरिक संचालन के समान ही महत्वपूर्ण हैं।

संविधान नहीं होता तो केंद्र सरकार मुझे फांसी पर लटका देती : सत्येंद्र जैन

नयी दिल्ली। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अगर न्यायपालिका और संविधान नहीं होता तो भाजपा की केंद्र सरकार उन्हें फांसी पर लटका देती। जैन ने अपने परिवार के साथ सरस्वती विहार में स्थित जैन मंदिर में पूजा अर्चना की और सभी देशवासियों के कल्याण की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा, देश के अंदर अभी भी न्याय और संविधान है। सबको इसे मानना पड़ेगा। अगर संविधान, न्याय और अदालतें नहीं होतीं तो आज केंद्र में जिस तरह की सरकार चल रही है वह शायद फांसी पर लटका देती। अरविंद केजरीवाल ने हमसे शुरू में ही कहा था कि हम इस देश की राजनीति को बदलने की कोशिश कर रहे हैं। जो भी यह कोशिश करेगा उसे जेल तो जाना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा, जेल जाने के बाद कई बार सोचा कि इन लोगों ने मुझे जेल भेज दिया, अरविंद केजरीवाल को जेल भेज दिया। मनीष सिसोदिया और संजय सिंह को जेल भेज दिया। आम आदमी पार्टी के अंदर ऐसा क्या है कि ये हमारी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। इसके पीछे केवल एक ही कारण है कि इस देश में कई पार्टियां बनीं, लेकिन ये बड़ी-बड़ी पार्टियां भी इनका कुछ नहीं बिगाड़ पाईं। राजनीति पहले जैसे चल रही थी, वैसे ही चल रही है। उस तरह से चलते रहे तो कोई दिक्कत नहीं है।

मुबारक गुल ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रो टेम स्पीकर की शपथ ली

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के नेता एवं विधायक मुबारक गुल को जम्मू-कश्मीर विधानसभा के प्रो टेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलायी गयी। गुल को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां विधानसभा के प्रो टेम स्पीकर के रूप में शपथ दिलाई। गुल सदन के नए अध्यक्ष के चयन और पदभार ग्रहण तक अस्थायी अध्यक्ष के पद पर बने रहेंगे। वह विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाएंगें। उसके बाद सदन नये अध्यक्ष का चुनाव करेगा। अधिकारियों के अनुसार, नये सदस्यों को 21 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे यहां विधानसभा भवन में सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी। उपराज्यपाल ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम की धारा के तहत गुल को अस्थायी अध्यक्ष नियुक्त किया। गुल श्रीनगर जिले के ईदगाह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से लगातार छठी बार चुने गए हैं। गुल 1952 में जन्मे गुल विधि स्नातक हैं। इससे पहले, वह 1983, 1986, 2002, 2008 और 2014 में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए चुने गए थे। 1987 में, वह जम्मू-कश्मीर विधान परिषद के लिये चुने गये थे और 2013 में सर्वसम्मति से विधानसभा के अध्यक्ष चुने गये थे।

प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल स्वागत करेंग

पीएम मोदी आज वाराणसी में 23 परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

एजेंसी ◄ वाराणसी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को वाराणसी का दौरा करेंगे और 6611.18 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे काशी अपने सांसद के भव्य स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है। क्रमोदी वाराणसी से तीसरी बार सांसद चुने गए। प्रधानमंत्री मोदी 6,611.18 करोड़ रुपये की लागत वाली 23 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। क्रमोदी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, खेल, धर्म, पर्यटन, रोजगार, आवास और विमानन से जुड़ी कई सार्वजनिक सुविधाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रमुख परियोजनाओं में क्रमोदी वाराणसी एयरपोर्ट के विस्तार और नए टर्मिनल के निर्माण की आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा वह आरजे शंकर नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में 20,000 से अधिक लोगों को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मंच से काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट द्वारा संस्कृत विद्यालयों और अस्पतालों में देखभाल करने वालों के लिए मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने की नई पहल की घोषणा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के तय कार्यक्रम के अनुसार वह दोपहर करीब एक बजे वाराणसी पहुंचेंगे और शाम छह बजे प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल स्वागत करेंगे, जबकि उत्तर प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्रियों समेत कई केंद्रीय और कैबिनेट मंत्रियों के कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय और ओलंपिक संघ के अधिकारियों के भी मौजूद रह सकते हैं। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि रविवार को काशी आगमन पर प्रधानमंत्री मोदी का ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी जगह-जगह स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली हैं। बाबतपुर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड स्थित शंकर नेत्रालय का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से सिगरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जाएंगे, जहां वह कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वह सिगरा स्टेडियम में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, बुद्धिजीवियों, गणमान्य लोगों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं समेत 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। क्रमोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अत्याधुनिक आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा 380.13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित सिगरा स्टेडियम समेत 14 परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया जाएगा। इसके अलावा 2,874.17 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली दो प्रमुख योजनाओं का शिलान्यास भी किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी श्रीकांची कामकोटि मेडिकल ट्रस्ट के तत्वावधान में माधोपुर गांव के हरहुआ गाजीपुर रिंग रोड-1 में 90 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल भी मौजूद रहेंगी। इस अस्पताल का उद्देश्य पूर्वांचल और उत्तर प्रदेश के पड़ोसी राज्यों में आर्थिक रूप से वंचित व्यक्तियों को बेहतर और मुफ्त नेत्र चिकित्सा प्रदान करना है।



योगी ने की प्रदेश में होने जा रहे उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, भाजपा की जिला इकाइयों के प्रभारियों और पदाधिकारियों के साथ राज्य भर में नौ विधानसभा सीटों पर होने वाले आगामी उपचुनाव की रणनीति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में चुनावी परिदृश्य और सभी सीटों पर जीत हासिल करने के उद्देश्य से लक्षित रणनीतियों के विकास पर गहन चर्चा की गई। योगी ने पार्टी के जिला प्रभारियों और पदाधिकारियों को विशिष्ट जिम्मेदारियां भी सौंपीं, जिसमें चुनावों से पहले एक सुसंगत और प्रभावी अभियान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया। बैठक के दौरान योगी ने मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच मजबूत टीम वर्क की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर दिया कि पार्टी नेताओं को आगामी उपचुनाव में अपनी जिम्मेदारियों के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहिए और कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। योगी ने कहा कि इन उपचुनावों में जीत न केवल एक राजनीतिक उपलब्धि होगी, बल्कि जनता के विश्वास का भी प्रतीक होगी, उन्होंने सभी से निष्ठा और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को उपचुनाव को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने का निर्देश दिया। इस बात पर जोर दिया कि हर सीट महत्वपूर्ण है और इस जमीनी स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी की जरूरत है। उन्होंने नेताओं को अपने समुदायों में सक्रिय रहने और स्थानीय बैठकों के माध्यम से जनता से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन्हें 'चौपाल' के रूप में जाना जाता है। फिर उन्होंने पार्टी में अधिक विश्वास बनाने के लिए इन सभाओं में जनता के मुद्दों को समझने और संबोधित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अलावा योगी ने मंत्रियों और अधिकारियों को उन जिलों में अधिक समय बिताने का निर्देश दिया जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने, उनकी चिंताओं को सुनने और त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। योगी ने स्थानीय जिला अधिकारियों के साथ समन्वय के माध्यम से चुनावी तैयारियों को बढ़ाने का आह्वान किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की और सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने घोषणा की कि पार्टी सभी नौ सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उपचुनाव में पूरी मजबूती के साथ उतरेगी। चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी न केवल नौ सीटें जीतेगी, बल्कि दसवीं सीट भी जीतेगी, जिसकी घोषणा अभी नहीं हुई है। आगामी उपचुनाव में कुल दस सीटें दांव पर हैं, जिनमें से पांच पहले समाजवादी पार्टी (सपा) और पांच एनडीए गठबंधन के पास थीं। इनमें से तीन सीटें भाजपा के पास हैं, जबकि राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) और निषाद पार्टी के पास एक-एक सीट है। 2022 के चुनाव में सपा ने कटेहरी, करहल, सीसामऊ और कुंदरकी सीटों के साथ अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर भी कब्जा जमाया है, जिस पर अभी उपचुनाव नहीं होना है। इसके अलावा फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर सीटों पर उपचुनाव होंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और सूर्य प्रताप शाही के साथ ही प्रभारी मंत्री समेत कई वरिष्ठ मंत्री और भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए।

देवताओं के नजराने में पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी : सुखविंदर सिंह सुक्खू

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अतंरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा-2024 के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए देवी-देवताओं के नजराने में पांच प्रतिशत तथा बजंतरियों के मानदेय और दूरी भत्ते में 20-20 प्रतिशत बढ़ोतरी करने की घोषणा की। उन्होंने कुल्लू जिला के पिरडी में ब्यास नदी के लेफ्ट और राइट बैंक को जोड़ने के लिए लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से पुल के निर्माण की घोषणा भी की। सुक्खू ने कहा कि भूभू-जोत टनल का मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष उठाया गया है और राज्य सरकार इस टनल के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने मनाली के हरिपुर में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि को बढ़ाकर तीन लाख रुपये करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में 100 बिस्तर क्षमता वाले मातृ एवं शिशु अस्पताल को राज्य सरकार सुदृढ़ करेगी ताकि जिला के लोगों को यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों, नर्सों और पैरा मेडिकल स्टाफको नियुक्त करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू के सभी आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतलीकूहल में अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार पर्याप्त डॉक्टरों और नर्सों की नियुक्ति की जाएगी। कुल्लू जिला अस्पताल में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाएगा और राज्य सरकार इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व भारतीय जनता पार्टी सरकार ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र का बंटाधार किया। कुल्लू जिला में सिर्फ भवन बनाकर छोड़ दिए गए और न ही यहां डॉक्टर और न ही नर्सों व अन्य स्टाफ की नियुक्ति की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचा सुदृढ़ कर रही है। सुक्खू ने आपदा राहत कार्यों के लिए लोक निर्माण मंडल कुल्लू को आठ करोड़ रुपये और मनाली मंडल को पांच करोड़ रुपये प्रदान करने की घोषणा की। कुल्लूवी बोली में संबोधन शुरू करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा,''विदा दशमी री तूसा सभी बै बधाई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की भूमि है और वह गत वर्ष भी यहां आना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य कारणों से नहीं आ सके।

45 लाख की अफीम के साथ अंतरराज्यीय महिला तस्कर गिरफ्तार

वार्ता ◄ मुरादाबाद
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब 45 लाख़ रुपये कीमत की तीन किलो अफीम के साथ मादक पदार्थों की अंतरराज्यीय महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। झारखंड के हजारीबाग से लुधियाना पंजाब जाते समय मुरादाबाद रेलवे स्टेशन के समीप यात्री शेड पर खड़ी मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक महिला को तड़के पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके पास से तीन किलो 228 ग्राम अवैध रूप से अफीम बरामद हुई है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 45 रुपये से अधिक आंकी जा रही है। बताया गया है कि आरोपी महिला पिछले काफी समय से ड्रग्स तस्करी में लिप्त रही है। महिला की पहचान झारखंड के हजारीबाग जिले के थाना चौपारण क्षेत्र के देहर निवासी हेमवन्ती पत्नी लखन दास के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक (नगर) कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि झारखंड के हजारीबाग निवासी महिला ड्रग्स तस्कर द्वारा मादक पदार्थों की बड़ी खेप ले जाने के बारे में आज़ तड़के लगभग पांच बजे पुलिस को सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर महिला तस्कर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम लगाई गई। दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे-09 स्थित उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस अड्डे के पास पुलिस चैकिंग के दौरान एक महिला बस से उतर कर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 01 के समीप यात्री शेड पर जा कर जैसे ही खड़ी हुई तुरंत पुलिस टीम द्वारा महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला के कब्जे से तीन किलो 228 ग्राम अफीम बरामद हुई। जिसका अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित मूल्य 45 लाख़ रुपये है। पुलिस को पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह झारखंड हजारीबाग से अफीम लेकर पंजाब के लुधियाना शहर को जा रही थी कि मुरादाबाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

सुरक्षा बलों ने सुरनकोट में दो आतंकवादियों को किया गिरफ्तार

जम्मू। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में पुंछ सेक्टर के सुरनकोट इलाके में कई आतंकवादी हमलों में शामिल दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। सेना ने कहा कि खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया गया और अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन नाम के दो आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। सेना की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और हथगोले भी बरामद किए। विज्ञप्ति के अनुसार यह अभियान आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि दोनों आतंकवादी धार्मिक स्थलों और अस्पतालों पर ग्रेनेड हमले, आतंकवाद के वित्तपोषण, राष्ट्र-विरोधी प्रचार और हथियारों की तस्करी सहित अन्य आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल थे। विज्ञप्ति में कहा गया है, हालिया गिरफ्तारियों ने क्षेत्र में आतंकवादी समूहों के रसद और परिचालन नेटवर्क को कमजोर कर दिया है और यह उनके प्रयासों के लिए एक मजबूत झटका है। सेना ने कहा कि पुलिस के सहयोग से भारतीय सेना की त्वरित और समन्वित प्रतिक्रिया ने न केवल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है।

पराली जलाने के मामलों में किसानों पर कार्रवाई का फैसला वापस ले सरकार : हुड्डा

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को कहा कि हरियाणा सरकार को पराली जलाने के मामलों में किसानों पर कार्रवाई का फैसला वापस लेना चाहिये। हुड्डा ने अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा कि सरकार को पराली का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करके किसानों से इसकी खरीद करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि पराली जलाने को लेकर सरकार द्वारा किसानों पर की गयी कार्रवाई पूरी तरह निंदनीय है और सरकार को यह 'किसान विरोधी फैसला' वापिस लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों पर जुर्माना लगाने, उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और उनको 'रेड लिस्ट' करने की बजाय इसके समाधान पर काम करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पराली की खरीद करके इसका इस्तेमाल से कई तरह की चीज़ें बनाई जा सकती हैं, जैसे ईंधन, बायो-थर्मोकोल, इथेनॉल, बायो-बिटुमन, पैलेट, लुगदी, खाद, ईंट और बिजली आदि उत्पादन जैसे कार्यों में उपयोग करना चाहिये।

पिंकसिटी प्रेस क्लब का 33वां स्थापना दिवस समारोह 21 से 23 अक्टूबर तक मनाया जायेगा

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्थित पिंकसिटी प्रेस क्लब का 33वां स्थापना दिवस समारोह 21 से 23 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। क्लब अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़ ने शनिवार को बताया कि स्थापना दिवस का शुभारम्भ 21 अक्टूबर को लाईट डेकोरेशन स्वीच ऑन एवं फोटो प्रदर्शनी के साथ ही गजल गीतों का आयोजन किया जाएगा। डॉ. राठौड़ ने बताया कि 22 अक्टूबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा एवं 23 अक्टूबर को मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। क्लब महासचिव योगेन्द्र पंचौली ने बताया कि 23 अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित मुख्य समारोह में वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर लाईफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, बेस्ट प्रिण्ट एण्ड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रिपोर्टर, फोटोजर्नलिस्ट, वीडियोजर्नलिस्ट, फोटोप्रदर्शनी अवार्ड एवं विशेष सम्मान से नवाजा जाएगा।

राजस्थान में विधानसभा उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार ने किया अपना नामांकन दाखिल

जयपुर। राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को होने वाले सात विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन दौसा से पहला नामांकन पत्र भरा गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार दौसा विधानसभा सीट के लिए राइट टू रिकॉल पार्टी के उम्मीदवार मोहन लाल मीणा ने अपना नामांकन पत्र भरा। उन्होंने इसके लिए नामांकन का एक सेट दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि दौसा, झुंझुनूं, रामगढ़, खींवसर, देवली-उनियारा, चौरासी एवं सलूंबर विधानसभा क्षेत्रों की रिक्त सीटों पर होने वाले इस उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरु की गई थी और पहले दिन किसी ने नामांकन पत्र नहीं भरा। उम्मीदवार 25 अक्टूबर तक अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। रविवार को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे।

मैहर की छात्रा का रूस में निधन, सरकार की ओर से लाया जा रहा शव : यादव

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बताया कि रूस में अध्ययनरत मैहर की छात्रा सृष्टि शर्मा के सड़क हादसे में निधन के बाद मध्यप्रदेश सरकार द्वारा छात्रा का शव सतना लाया जा रहा है। डॉ. यादव ने एक्स पर पोस्ट कर बताया, 'रूस में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मैहर जिले की रहने वाली एमबीबीएस की छात्रा सृष्टि शर्मा पुत्री डॉ. राम कुमार जी शर्मा की कुछ दिनो पूर्व सड़क दुर्घटना में मृत्यु का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ था। मध्यप्रदेश सरकार बेटी के पार्थिव शरीर को यथाशीघ्र परिवार तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार की सहायता से प्रयासरत थी। सृष्टि बिटिया का पार्थिव शरीर दिल्ली पहुंच गया है जहां से म.प्र. शासन की ओर से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सतना हवाई पट्टी लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ उनकी गहरी शोक संवेदनाएं हैं।

हिमाचल में टीबी को खत्म करने के रोडमैप पर चर्चा

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश में क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन लक्ष्यों को मजबूत करने के लिए, राज्य क्षय रोग सेल तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम)-हिमाचल प्रदेश ने द यूनियन अगेंस्ट ट्यूबरकुलोसिस के सहयोग से शनिवार को शिमला में एक मीडिया सहभागिता सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश में टीबी को खत्म करने के रोडमैप पर चर्चा करना और मीडिया कर्मियों को टीबी उन्मूलन के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य टीबी सेल द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालना रहा। इस कार्यक्रम ने मीडिया कर्मियों को स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं, केमिस्टों और टीबी चौंपियंस से जुड़ने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को टीबी की रोकथाम की रणनीतियों, नियंत्रण उपायों और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चल रही गतिविधियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा ने दीप प्रज्वलित किया तथा डॉ. रविंदर कुमार, एसपीओ एनटीईपी, हिमाचल प्रदेश ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। सत्र के दौरान सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जिसमें स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाना, जांच सुविधाओं तक पहुंच में वृद्धि करना, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करना और टीबी उन्मूलन के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना शामिल है। समुदाय-स्तरीय प्रतिबद्धता और राज्य द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए किए जा रहे नवाचार पर हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करता है कि राज्य का प्रत्येक गाँव और प्रत्येक जिला इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है, जिससे हम टीबी मुक्त हिमाचल प्रदेश के लक्ष्य के करीब पहुंच सकें। प्रियंका वर्मा ने स्वास्थ्य के लिए प्रभावी संचार के महत्व और टीबी मुक्त हिमाचल के मिशन में सभी हितधारकों को शामिल करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम न केवल अपनी स्थानीय प्रगति को दिखाएं, बल्कि अपनी उपलब्धियों की तुलना राष्ट्रीय और वैश्विक मानकों से भी करें। यह व्यापक दृष्टिकोण हमें राज्य में अपनाई गई नई तरीकों को उजागर करने में मदद करता है, जैसे कि विभिन्न क्षेत्रों के साथ मिलकर काम करना।

मीडिया इस प्रयास में एक अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि वह सही और प्रभावी जानकारी लोगों तक पहुंचाकर जागरूकता फैलाने का काम करता है। इसके साथ ही, मीडिया विभिन्न जिम्मेदार व्यक्तियों को उनके कर्तव्यों के प्रति जवाबदेह बनाने और कार्यक्रमों के संदर्भ में जरूरी जानकारी देकर सामूहिक प्रयास को प्रेरित करता है। डेटा आधारित कहानियों को महत्व देकर, हम जनता का विश्वास मजबूत कर सकते हैं और टीबी के खिलाफ चल रही लड़ाई में उनकी भागीदारी बढ़ा सकते हैं। डॉ. रविंदर कुमार, राज्य कार्यक्रम अधिकारी (एनटीईपी) ने हिमाचल प्रदेश में टीबी नियंत्रण प्रयासों में विभिन्न हस्तक्षेपों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

अग्रोहा टीले की खुदाई का काम शुरू ना करने से वैश्य समाज में भारी रोष : गर्ग

एजेंसी ◄ सिरसा
www.dailypioneer.com

अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश के व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग के बाद कहा कि अग्रोहा धाम में 10 नवंबर को विशाल वार्षिक मेला लगेगा। जिसमें देश के कौने-कौने से लाखों लोग भाग लेंगे। अग्रोहा धाम में 30 करोड़ रुपए की लागत से महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर दो संग्रहालय बनाए गए हैं और 1300 सीटिंग का ऑडिटोरियम बनाया गया है। र्ग ने यहां पत्रकार वार्ता में कहा कि अग्रोहा धाम में 125 एकड़ में जो महाराजा अग्रसेन जी का महल था, जो टीले के रूप में बदल चुका है। सरकार ने अग्रोहा टीले की खुदाई करवाने की घोषणा करने के बावजूद अभी तक खुदाई का काम शुरू ना करने से वैश्य समाज में रोष है। सरकार को अपनी घोषणा के अनुसार तुरंत प्रभाव से टीलें की खुदाई का काम शुरू करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि केंद्र सरकार ने वार्षिक बजट में हिसार, अग्रोहा, सिरसा को रेलवे लाइन से जोडने् का वार्षिक बजट में प्रस्ताव पास करने के बावजूद भी काम शुरू ना करने से जनता में भारी नराजगी है, जबकि अग्रोहा धाम में हजारों लोग हर रोज दर्शन के लिए आते हैं और लगभग तीन हजार मरीज अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में हर रोज ईलाज के लिए आते हैं, मगर सरकार की तरफसे अग्रोहा में रेलवे लाईन व अन्य सुविधा ना होने के कारण आने वाले यात्रियों को बड़ी-बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। गर्ग ने कहा कि सरकार को अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनाना चाहिए, अगर सरकार अग्रोहा में इंडस्ट्रीज जोन व टैक्सटाइल हब बनती है तो हजारों अग्रोहा धाम से जुड़े हुए उद्योगपति अग्रोहा में पूंजी निवेश करने के लिए तैयार है। अग्रोहा में इंडस्ट्रीज लगाने से लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा जबकि अग्रोहा धर्म नगरी है और महाराजा अग्रसेन जी की राजधानी थी।

अग्रोहा के साथ देश के वैश्य समाज की आस्था जुड़ी हुई है। इस अवसर पर अग्रोहा धाम वैश्य समाज के प्रधान अनिल सर्राफ़ व्यापार मंडल जिला प्रधान व प्रदेश महासचिव हीरालाल शर्मा, संगठन मंत्री अंजनी कनोडिया, महिला प्रधान कमलेश बांसल, युवा प्रधान संदीप मिढा भी मौजूद थे।

विजयपुर व बुधनी विधान सभा सीट के लिए दूसरे दिन भी नहीं हुआ कोई नामांकन

भोपाल। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 02-विजयपुर और सीहोर जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 156-बुधनी में उप निर्वाचन के लिये नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि नाम-निर्देशन पत्र दाखिल करने के दूसरे दिन भी दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कोई भी नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। इन विधानसभा सीट के नाम-निर्देशन पत्र भरने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर, नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 अक्टूबर को, नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर, मतदान-13 नवम्बर को और मतगणना - 23 नवम्बर को होगी।

पंजाब के मंडी संकट के लिये राज्य, केंद्र की सरकारें जिम्मेदार : शर्मा

होशियारपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने शनिवार को आरोप लगाया कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार और केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पंजाब की मंडियों के वर्तमान संकट के लिये जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि धान की फसल तैयार है, लेकिन मंडियों और गोदामों की हालत सरकार के 'कुप्रबंधन' के कारण खस्ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पंजाब और केंद्र की सरकार धान की खरीद सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी में विफल रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब किसानों की फसल मंडियों से नहीं उठायी जाती तो वह कम दामों पर निजी तौर पर बिक्री के लिये मजबूर हो जाते हैं। शर्मा यहां जिले की चब्बेवाल समेत पंजाब की चार विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के मद्देनजर आये थे।

शिमला में होगा ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण : अनुपम

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशानुसार शिमला शहर में भूस्खलन और भूमि धंसने की विभिन्न घटनाओं का अध्ययन प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण करवाने जा रही है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को इस बारे में सुझाव दिया था, जिसके बाद हिप्र राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकारण ने कान्वुलेशन इंजिनियरिंग कन्सल्टेंसी एलएलपी कंपनी के माध्यम से सर्वे करवाने के फैसला किया है। इसके तहत शिमला शहर का 21 अक्टूबर से 21 नंवबर 2024 तक ड्रोन सर्वेक्षण किया जाएगा। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कुछ समय से शिमला शहर में भूस्खलन और भूमि घंसने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इसी के चलते हिमाचल प्रदेश सरकार ने इस मामले को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के रखा था ताकि शिमला शहर की विस्तृत जांच हो सके और भविष्य के लिए बेहतर योजना के तहत ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने में सफल प्रयास हासिल हो सकें। राज्य आपदा प्राधिकरण ने इस सर्वे का जिम्मा एक कंपनी को सौंपा है जो कि अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। शिमला शहर में ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण की योजना के लिए सात सितम्बर 2024 को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा बैठक आयोजित की गई थी। इसमें जिला प्रशासन शिमला, जीएसआई चंडीगढ़ के प्रतिनिधि, जीएचआरएम के प्रतिनिधि, वरिष्ठ भूविज्ञानी (जीएसआई कोलकाता), नगर निगम और राज्य आपदा प्राधिकरण के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसी में ड्रोन सर्वे करवाने का फैसला लिया गया था। बैठक में लिए निर्णय अनुसार जिला प्रशासन, डीडीएमए शिमला पूरी प्रक्रिया का समन्वय कर रहा है। शिमला शहर के नो-फ्लाई जोन में ड्रोन सर्वे की अनुमति से जुड़ी सारी औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। जिला प्रशासन ने शहर के सभी प्रमुख स्थानों, जहां पर अनुपमति लेने की आवश्यकता है, की अनुमति ले ली है। सेना के आधीन क्षेत्र में सर्वे को लेकर सूचित कर दिया गया है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी कानून एवं व्यवस्था की ओर से शिमला शहर के ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण के लिए अनुमति आदेश जारी कर दिए गए है। ड्रोन आधारित एलआईडीएआर तकनीक का इस्तेमाल ड्रोन आधारित एलआईडीएआर सर्वेक्षण, भौगोलिक विशेषताओं का पता लगाने के लिए लेजर सेंसर का इस्तेमाल करने की एक तकनीक है। इसे लाइट डिटेक्शन ऐंड रेंजिंग भी कहते है। इस तकनीक में, ड्रोन पर लगे एलआईडीएआर सेंसर से लाखों लेजर पल्स जमीन पर भेजते है।

भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में किए वादे पूरे होंगे : बड़ौली

चंडीगढ़। भाजपा की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली

ने कहा कि भाजपा ने जो चुनावी घोषणापत्र जारी किया था, पार्टी की सरकार उसे पूरा करेगी। बड़ौली ने यहाँ जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जो वादे किए थे उन्हें भी पूरा करने का काम जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सैनी ने शपथ ग्रहण समारोह से पहले 24 हजार युवाओं को नौकरी देने की बात कही थी और उन्होंने 24 हजार युवाओं को रोजगार देकर अपना वादा पूरा किया है। भाजपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के जो नेता हिसाब मांगते घूम रहे थे।

एमएसपी खत्म करने का रोज नया षड्यन्त्र हो रहा है : रणदीप सुरजेवाला

वार्ता ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सांसद रणदीप सुरजेवाला ने शनिवार को आरोप लगाया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खत्म करने का रोज नया षड्यन्त्र किया जा रहा है। सुरजेवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने 18 अक्टूबर तक हरियाणा से पिछले साल के मुकाबले 53 प्रतिशत और पंजाब से 39 प्रतिशत कम धान ख़रीदा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा-पंजाब की मंडियां धान से अटी पड़ी हैं, किसान 2,320 रुपये प्रति क्विंटल के एमएसपी के मुक़ाबले 2,100/2,200 रुपये प्रति क्विंटल धान बेचने के लिये मज़बूर हैं। उन्होंने कहा कि बिना एमएसपी 1509 की क़िस्म का धान पिछले साल के मुक़ाबले 700/800 रुपये प्रति क्विंटल कम बिक रहा है, पर कोई सुनने वाला नहीं। कांग्रेस नेता ने यह भी आरोप लगाया कि हरियाणा की भाजपा सरकार ने तो मजबूरी में पराली जलाने वाले किसान की फसल एमएसपी पर दो साल तक न ख़रीदने का फ़रमान जारी कर दिया है। इस बीच, कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि पराली जलाने पर रोक के उपायों का मामला उच्चतम न्यायालय में चल रहा है, सरकार अदालत के आदेश के अनुसार ही काम करेगी।

एथेनॉल प्लांट बंद की मांग को 27वां दिन भी पथर्रा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनॉल प्लांट बंद की मांग को 27वां दिन भी पथर्रा में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहा इसके साथ ही आंदोलनकारी ताकत बढ़ाने प्रतिदिन धरना के बाद आसपास के गांव में समर्थन और जन जागरण रैली निकाल रहे है। इसी तारतम्य में कल सरदा में और आज कठिया में जागरण अभियान चलाया गया। यहां उल्लेख करना आवश्यक होगा कि कठिया में वर्षा बायो फ्यूल्स के नाम से एक और एथेनॉल प्लांट को स्वीकृति प्रदान की गई है।

बायोटेक फ्यूल्स के प्रबंधन द्वारा ग्राम पथर्रा से इस प्लांट की लिए ग्राम सभा की अनापत्ति प्राप्त करने की बात को पथर्रा वासियों ने झूठा करार दिया पथर्रा गांव के लोगों का कहना है ग्राम सभा द्वारा इस प्लांट को किसी प्रकार की अनुमति प्रदान नहीं की गई है बल्कि ग्राम पंचायत द्वारा इस प्लांट के दी गई अनुमति को ग्राम सभा द्वारा निरस्त किया जा चुका है।पंचायती राज में ग्राम सभा ही सर्वोच्च संस्था है जिसके प्रस्ताव को सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी निरस्त नहीं किया जा सकता है।परंतु इसे प्रशासन द्वारा ही पालन नहीं किया जा रहा है ।इस क्षेत्र में प्रस्तावित प्रत्येक इथेनॉल प्लांट लगाने की अनुमति को हर ग्राम सभा जहां भी प्लांट लगाया जाना प्रस्तावित है वहां के ग्राम सभा जिसमें रांका,कठिया और पथर्रा शामिल है ग्राम सभा द्वारा निरस्त किया जा चुका है ।जिसको पालन करवाने की बजाय शासन प्रशासन द्वारा अवहेलना की जा रही है ।जो की पंचायती राज की विकेंद्रीकरण की कल्पना का सीधा उल्लंघन है। इस समय शासन प्रशासन द्वारा बेमेतरा जिला को इथेनॉल प्लांट हब के रूप में प्रचारित करना इस क्षेत्र के लोगों के जनजीवन के साथ और इस क्षेत्र के कृषि रोजगार के साथ खिलवाड़ है ।जब इस क्षेत्र की जनता किसान या कोई भी व्यक्ति प्लांट नहीं चाहता तब शासन प्रशासन द्वारा इसे रोकने के बजाय जनता पर थोपने का कार्य क्यों किया जा रहा है...?विधानसभा चुनाव के पूर्व और सत्ता हासिल करने के लिए प्लांट का विरोध की घोषणा और प्लांट के विरोध करने वाली भाजपा सत्ता प्राप्ति के बाद की प्लांट के पक्ष में क्यों खड़ी है..?भाजपा की इस विरोधाभासी दोहरी नीति का इस समय ग्रामीण जमकर विरोध कर रहे हैं विधानसभा चुनाव के समय सत्ता हासिल करने के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा इस क्षेत्र में प्लांट नहीं खुलने की हिमायती थी और इस मुद्दे को जोर शोर से उठा रही थी । सत्ता धारी पार्टी की नीति को क्षेत्र के किसानो के साथ विश्वास घात के रूप में देख रहे है। आंदोलन करियों ने भाजपा से पूछा है कि इस आंदोलन में निर्दोष किसानो को जेल में डालने की कार्यवाही जिसमें खेमराम साहू और बसंत जोशी पर फसाने के उद्देश्य से3 झूठा मुकदमा दायर किया गया है।प्रशासन का यह कार्य क्या सत्तासीन भाजपा की रणनीति पर उसके कहने से किया गया है...?अपना पक्ष रखे । आंदोलनकारी इस समय आसपास के गांव के लोगों को जन जागरण अभियान के माध्यम से जन समर्थन प्राप्त कर अपनी ताकत बढ़ाने और इस बदबूदार प्लांट को उखाड़े फेंकने के लिए हर तरह का संघर्ष करने के लिए तैयार दिख रहे हैं। बेमेतरा जिला में इतना लंबा किसान आंदोलन पूरे इतिहास में पहली बार देखा जा रहा है हालांकि इस आंदोलन को तोड़ने के लिए प्रशासन द्वारा आंदोलनकारी के ऊपर झूठा मुकदमा चलाने अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा के न्यायालय द्वारा नोटिस जारी की गई है और 25अक्टूबर को जमानतदार के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

किसानों को सहुलियत और सीमावर्ती क्षेत्रों में चेकपोस्ट लगाने के लिए कलेक्टर की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी हेतु किसान पंजीयन के संबंध में खाद्य, कृषि, मंडी सचिव, सहकारिता, जिला विपणन नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं धान खरीदी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर खाद्य विभाग का टोल फ्री नम्बर 1800-233-3663 जारी किया है खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान खरीदी की समीक्षा के पूर्व कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक कराने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए सभी उचित मूल्य के दुकानों में फ्लैक्स के माध्यम से नागरिकों को सूचना देने एवं मुनादी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कैरी फारवर्ड हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में छुटे हुए कृषकों के पंजीयन करने के लिए एसडीएम एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को तीन दिवस के भीतर वन अधिकार पट्टा एवं राजस्व मामले के पट्टे का निराकरण करने के निर्देश दिये। अनुविभागीय अधिकारियों को फसल बीमा प्रयोग एवं प्रत्येक ग्राम के औसत उत्पादकता के आधार पर जिले के औषत धान उत्पादन की जानकारी तैयार कर उपलब्ध कराने को कहा साथ ही ग्रामवार पड़त भूमि का सत्यापन कराने, धान के अतिरिक्त लगाये गये अन्य फसल की जानकारी का प्रमाण पत्र पटवारियों से 25 अक्टूबर तक लेने को कहा जिले में गिरदावरी रिपोर्ट का अंतिम प्रकाशन 20 अक्टूबर 2024 तक होना है इसके आधार पर आगामी धान खरीदी की तैयारियां करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि समिति स्तर पर कृषकों का रकबा परिवर्तन की प्रवृष्टि नहीं किया जाएगा बल्कि तहसील द्वारा करने के निर्देश दिये उन्होंने ऐसे कृषकों की जानकारी उलब्ध कराने को कहा जो किसान विगत वर्षो में समर्थन मूल्य में धान बिक्री में समिति में आये है और चालू सीजन में धान विक्रय के लिए आते है तो इसकी सूचना तत्काल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदार को देने को कहा बैठक में कृषकों के पंजीकृत रकबा का एप्प के माध्यम से पटवारियों एवं कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा रेण्डम करने को कहा जिसे तहसील स्तर पर 5 प्रतिशत कुल पंजीकृत रकबा का, 5 प्रतिशत जिला स्तर पर और दो प्रतिशत राज्य स्तर के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा।

राम मंदिर मुद्दे पर छठे दिन काला पट्टी लगाकर किया विरोध, 21 अक्टूबर को कांग्रेस करेगी पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला, शहर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंजगाव राम मंदिर खरीदी बिक्री मामले में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन के छठे दिन मुंह में काली पट्टी लगाकर विरोध किया गया, इस मामले में अब 21 अक्टूबर को राम मंदिर बेमेतरा से मंजगाव स्थित राम मंदिर तक पद यात्रा निकाली जाएगी। प्रदर्शन में शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, लुकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जोगेंदर छाबड़ा, ललित विश्वकर्मा, रीता पांडे शहर महिला अध्यक्ष, पार्षद मनोज शर्मा, रश्मि मिश्रा, अखिलेश नामदेव, धरम वर्मा, राजू साहू, राम ठाकुर, रानी सेन, जया साहू , प्रांजल तिवारी, अजय सेन, हितेंद्र साहू, हरीश साहू, प्रशांत तिवारी, वाहिद रवानी, नारायण छाबड़ा, बंशी साहू, सीताराम यदु, वतन मिश्रा, बलवंत साहू,महेंद्र साहू , सुरेंद्र साहू, दुर्गाराम साहू, लक्ष्मी डेहरे, रवि गुप्ता ,कमल साहू सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

कड़मपाल में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

जिला दंतेवाडा कलेक्टर, जिला मुख्यकार्यपालन अधिकारी तथा जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में जिले के सभी स्कूलों में अपार आईडी बनवाने हेतु पालक शिक्षक मेगा बैठक लिया जाकर, पालकों की सहमति के आधार पर अपार आईडी मेगा पीटीएम कराया जाकर अपार आईडी अपडेट कराया जाना हैं। इसी तारतम्य में संकुल केन्द्र कड़मपाल के सभी संस्थाओं में शनिवार दोपहर 02 बजे पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। अपार आईडी का मतलब 'आटोमेटिक परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्रेशन' ताकि प्रत्येक स्कूल में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का एक विशेष पहचान प्रणाली बन सके। यह अपार आईडी सभी स्टूडेंट्स के लिए अनिवार्य है, क्योंकि इसमें बिना आईडी के स्टूडेंट्स स्कूली गतिविधियों में भाग नहीं ले पायेंगे। अपार आईडी में छात्रों के शैक्षणिक ब्योरे के साथ ही अन्य सभी शिक्षा सम्बन्धित डिटेल्स सेव रहेंगी।इस कार्ड से छात्रों को भी फायदा होगा। बैठक में सरपंच, उपसरपंच, पालकगण, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं संकुल समन्वयक एम माधव राव उपस्थित थे।

मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में लगाया गया जागरूकता शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा डॉ अजय रामटेके,सिविल सर्जन डॉ आर एल गंगेश के निर्देशानुसार एवं जिला मानसिक स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ देश दीपक के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल दन्तेवाड़ा के 120 छात्र- छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी व जीवन कौशल गतिविधि कराया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जीवन में लानें हेतु जीवन कौशल से जीवन को बेहतर बनाना।साथ ही टेली मानस सुविधाओं टोल फ्री नंबर 14416 या 18008914416 के बारे में सभी को जानकारी दी गई। मौके पर जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मनोविज्ञानी ओशिन भारद्वाज मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम सिंह उपस्थित थे।

नगरपालिका परिषद किरन्दुल के कर्मचारी द्वारा किया गया श्रमदान

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दंतेवाड़ा मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार दंतेवाड़ा जिला अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में प्रत्येक शनिवार प्रातः स्वच्छता श्रमदान हेतु निर्देशित किया गया हैं। जिसके तहत शनिवार सुबह 9:30 बजे किरंदुल वार्ड क्रमांक 02 स्थित घड़ी चौक के पास नगरपालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा श्रमदान कर साफ सफाई की गई।जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, निखिल कंवर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग दंतेवाड़ा, तीरथ राम सिंह उप अभियंता, जॉर्डन राम, धनंजय शर्मा, मनराखन ठाकुर, लोमन सिन्हा, अंकाल राम नेताम, नागेश चौरे, एडमल स्वामी, मनीषा ठाकुर, सफाई कर्मचारी, स्वच्छता दीदी एवं सभी प्लेसमेंट कर्मचारी उपस्थित रहें।

राज्यस्तरीय जिम्नास्टिक में रामकृष्ण मिशन आश्रम के बच्चे बने चैम्पियन

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

रामकृष्ण मिशन विवेकानंद विद्यापीठ नारायणपुर के 12 बालकों ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित 24वा राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए जिम्नास्टिक खेल में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर 15 मेडल अपने नाम किया। अंडर 14 ग्रुप में अर्जुन पोयाम ने सर्वाधिक दो गोल्ड मेडल, तीन सिल्वर मेडल और एक ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस ग्रुप में शंकर कर्मा ने एक गोल्ड, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज मेडल जीता और इसी ग्रुप में विक्रम वड्डे ने एक गोल्ड और एक ब्रॉन्ज मेडल जीत कर अंडर 14 में बस्तर संभाग प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियन बना। अंडर 17 ग्रुप में चि रवि उसेंडी ने एक गोल्ड मेडल और चि पुष्पदंत कोर्राम ने एक सिल्वर मेडल जीत कर बस्तर संभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कुल मिलाकर 5 गोल्ड मेडल, 6 सिल्वर मेडल और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर आश्रम के साथ साथ नारायणपुर जिले को भी गौरवान्वित किया है। अगले महीने कोलकाता में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के लिए इन पांच बालकों का चयन किया गया है। रामकृष्ण मिशन आश्रम प्रबंधन ने बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे कोच आश्रम के भूतपूर्व विद्यार्थी श्री पिंटूराम जुर्री के साथ सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। नारायणपुर के जिला शिक्षा अधिकारी और जिला खेल अधिकारी ने भी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं दिए। विवेकानंद विद्यापीठ के प्राचार्य ने कहा हमे अब राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन के लिए मेहनत करना होगा और मुझे आशा है हमारे बच्चे इसको करके दिखाएंगे।

बेमेतरा पुलिस द्वारा साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा का किया समापन कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा पुलिस द्वारा पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार जिले के समस्त थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024 तक साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का आयोजन कर साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत 05 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेमेतरा में बेमेतरा जिले के प्रेस एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के बंधुओं की उपस्थिति में साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम का शुभारंभ तथा साइबर जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम के सफल आयोजन व क्रियान्वयन हेतु साइबर जन जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के थाना/चौकी क्षेत्रांतर्गत स्कुल, कॉलेज एवं सामाजिक संगठन/विभाग/आवासीय कॉलोनी को चिन्हांकित कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को साइबर जन जागरूकता पखवाडा का समापन कार्यक्रम समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि दीपेश साहू जी विधायक बेमेतरा एवं विशिष्ट अतिथि टेकचंद अग्रवाल प्रभारी जिलाधीश बेमेतरा, सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष बेमेतरा भाजपा, विशिष्ट अतिथि अविनाश तिवारी डायरेक्टर समाधान महाविद्यालय बेमेतरा, विशिष्ट अतिथि दिनेश दुबे सिटी प्रेस कल्ब अध्यक्ष बेमेतरा, अध्यक्षता रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रहे। कार्यक्रम के स्वागत उदबोधन में एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की द्वारा 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चलाये जा रहे साइबर जन जागरूकता पखवाडा कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में साइबर अपराध के संबंध में बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है। साथ ही साइबर फ्राड के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दीपेश साहू विधायक बेमेतरा ने उपस्थिति सभी अधिकारियों/कर्मचारियों व समाधान महाविद्यालय बेमेतरा के छात्र-छात्राओं को सायबर अपराध जागरूकता के संबंध में संबोधित करते हुए साइबर जागरूकता के संबंध में शपथ दिलाकर साइबर अपराध से सर्तक रहने अपील कर पुलिस विभाग को सफलता पूर्वक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी को साइबर अपराध के बारे में बताया गया। साइबर सिक्योरिटी के रोकथाम और बचाव के बारे में असानी से और एकदम सरलता से समझाया गया। लोग इसके लालच में न आए और ठगों के बहकावे से बचने के लिए ऐसे कई उपायों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई।उन्होने फेक लिंक से बचने और संवेदनशील जानकारी ऑनलाईन साझा न करने के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि टेकचंद अग्रवाल प्रभारी जिलाधीश बेमेतरा, सीईओ जिला पंचायत बेमेतरा अपने उदबोधन में कहा कि कोई भी व्यक्ति सायबर अपराध का शिकार हो सकता है, उम्र एवं शिक्षा मायने नही रखता। उन्होने सोशल मीडिया चलाने वाले छात्राओं को विशेष तौर पर सजग रहने के लिए कहा। साइबर सुरक्षा के महत्व पर व्यावहारिक उदाहरण देकर समझाया तथा फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दे क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें।

न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

क्रमांक/808/ना. तह./वा./2024 // ईश्तहार// सण्डी, दिनांक 11/09/2024
रा.प्र.क्र. अ/59 वर्ष 2023-24
प.ह.नं. 39 ग्राम खपराडीह उप तहसील सण्डी, तहसील पलारी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह को ग्राम पत्थरचुवा प.ह.नं. 39 तहसील पलारी में छ.ग. शासन द्वारा कुल रकबा 127.046 हेक्टेयर भूमि का चूना पत्थर खदान हेतु दिया गया है। छ.ग.भू.रा.संहिता की धारा 237 कि प्रावधानों के तहत आवेदक कंपनी अपनी भूस्वामित्व की भूमि ग्राम पत्थरचुवा स्थित ख.नं. 50/3 कुल रकबा 0.103 हेक्टेयर के बदले शासकीय भूमि खसरा नंबर 144 रकबा 0.101 हे. मद चारागाह भूमि के बदले विनिमय करने हेतु सहमत हैं। आवेदनमय नक्शा, खसरा की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया है। जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम दिनांक 25/10/2024 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सण्डी/पलारी

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
AAVAS FINANCIERS LTD. SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

ऋणी का नाम	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख एवं प्रकार
अभिषेक बंछोर, हेमा वी बंछोर जमानतदार : टिकेश कुमार बंछोर खाता सं. LNRAI00720-210153036 व LNRAI09522-230226264	9 जनवरी 2024 ₹ 1272141/- व ₹ 913066/- दिनांक 8 जनवरी 2024	केएच नं. 411/44 के भाग पर स्थित सम्पत्ति भौजा तेमारेई, पीएच नं. 115/54, आरएनएम, रायपुर-1, तहसील व जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 **क्षेत्रफल एरिया - 800 वर्ग फीट (0.0280 हैक्टेयर)**	भौतिक कब्जा दिनांक 17 अक्टूबर 2024

स्थान : जयपुर दिनांक : 20-10-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

शासकीय चराई भूमि को कूटरचना कर बनाया निजी भूमि

तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक का कमाल, आरटीआई कार्यकर्ता ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासकीय एवं निजी भूमियों में हेरफेर कर भूअर्जन की कार्यवाही की जा रही है। भारतमाला परियोजना भू अधिग्रहण में करोड़ों रूपये की गड़बड़ी को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सहित अन्य विभागों में इसकी शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। इसकी जांच अभी लंबित है और इसकी स्याही अभी सूख भी नहीं पाई है कि एक शासकीय सेवक, शासकीय सेवा में रहते हुए जिला धमतरी के मगरलोड विकासखंड के तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक ने 5 एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम पर चढ़ाकर उसे विक्रय कराने में महत्वपूर्ण रोल अदा किया है। यह बेशकीमती जमीन मगरलोड विखं अंतर्गत राजाडेरा पहनं 13 के पटवारी अभिलेख में शासकीय चराई मद की भूमि में दर्ज है जिसका खसरा नं 128 रकबा 0.42, खसरा नं 417 रकबा 0.32, खसरा नं 634 रकबा 0.72, व खसरा नं 648 रकबा 0.67 हे भूमि शामिल है। कलेक्टर धमतरी के नाम प्रेषित शिकायत में आरटीआई कार्यकर्ता ग्राम चंदना पोस्ट भेंण्डरी तहसील मगरलोड निवासी कृष्ण कुमार साहू 3 सितंबर 2024 को शिकायत देते हुए बताया है कि तहसील कार्यालय मगरलोड जिला धमतरी अंतर्गत ग्राम राजाडेरा पहनं 13 के अधीन उपरोक्त खसरा नंबरों की भूमि को तत्कालीन लोकसेवक विवेक कुमार गोहिया तहसीलदार, विमल कुमार भगत राजस्व निरीक्षक मगरलोड द्वारा लोकपद का दुरूपयोग करते हुए आपस में एकराय होकर रमेश साहू पिता रामसिंग निवास ग्राम परसाबुड़ा के नाम पर 21.6.2022 को 21.20 बजे अपडेट कर ऋण पुस्तिका क्रमाक 3382809 व शकुन बाई पिता जगरनाथ सिन्हा निवास ग्राम परसाबुड़ के नाम पर 9.5.2022 को 9.3 बजे पर अपडेट कर ऋण

पुस्तिका क्रमांक 3282810 बनाकर रमेश साहू एवं शकुन बाई से मिलीभगत कर शासन से छल कपट एवं धोखाधड़ी करते हुए कम्प्यूटरीकृत अभिलेख में कूट रचना कर उसे निजी भूमि बनाकर उनके नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज कर दिया गया है। भूमि स्वामी हक प्राप्त होते ही शकुन बाई पिता जगरनाथ सिन्हा निवासी ग्राम परसाबुड़ा ने खसरा नं 417 रकबा 0.32, खसरा 648 रकबा 0.67 हे भूमि विक्रय विलेख बैनामा दिनांक 9.9.22 अनुसार 7,57,000 रूपये में क्रेता रमन चंद्राकर पिता संतोष चंद्राकर निवास नयापारा महासमुंद के नाम पर तथा रमेश साहू पिता रामसिंह निवास ग्राम परसाबुड़ा ने खसरा नं 128 रकबा 0.42, खसरा नं 634 रकबा 0.72 हे भूमि को विक्रय विलेख बैनामा दिनांक 8.9.22 को 8,72,000 रूपये में क्रेता ओंकारलाल पटेल पिता आशाराम पटेल निवास ग्राम छाती जिला धमतरी व हरीश देवांगन पिता पृथ्वी देवांगन संजय नगर शिक्षक कालोनी कुरूद के नाम पर उपपंजीयक कार्यालय धमतरी में बिक्री कर लाभ अर्जित किया गया है। दस्तावेजों में हेराफेरी करते हुए शासन को क्षति पहुंचाई गई। साथ ही विक्रय विलेख में वृक्षों की प्रजाति संख्या को निरंक बताया गया है जबकि भूमि का स्वरूप जंगल है तथा वहां हजारों की संख्या में विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधा अस्तित्व में है। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत में आगे यह भी बताया है कि विलेख बैनामा रजिस्ट्री होने के दो दिवस पश्चात तत्परता दिखाते हुए तहसीलदार विवेक कुमार गोहिया ने नामांतरण पंजीयन हेतु आवेदन क्रमांक क्रमशः सीजी-2022-23-101-1-2397 एवं सीजी-2022-23-101-1-2445 दिनांक 12.9.2022 दर्ज करते हुए उसी दिन दावा आपत्ति हेतु इश्तेहार जारी कर मामले की सुनवाई हेतु 13.12.2022 का प्रकाशन किया गया है। जबकि मामले की सुनवाई हेतु 13.12.2022 के पूर्व ही विक्रय विलेख बैनामा दिनांक 8.9.22 एवं 3.9.22 को रजिस्ट्री होने के 6 दिवस बाद तत्परता दिखाते हुए नामांतरण क्रमांक क्रमशः 5904212/ 170922/ 03448 एवं 5904212/ 170922/ 03448 आदेश क्रमांक सीजी-2022-23-101-1-2397 एवं सीजी-2022-23-101-1-2445 पारित आदेश दिनांक 16.9.22 को क्रेता भूमि स्वामी रमन चंद्राकर पिता संतोश चंद्राकर निवास नयापारा महासमुंद के नाम पर ऋण पुस्तिका क्रमांक 3592112 तथा खसरा नं 126 रकबा 0.42 खसरा नं 634 रकबा 0.72 हे भूमि को विक्रय विलेख बैनामा दिनांक 8.9.22 अनुसार क्रेता ओंकारलाल पटेल पिता आशाराम पटेल निवास ग्राम छाती जिला धमतरी व हरीश देवांगन पिता पृथ्वी देवांगन संजय नगर शिक्षक कालोनी कुरूद जिला धमतरी के नाम पर ऋण पुस्तिका क्रमांक 116 जारी करते हुए कम्प्यूटरीकृत अभिलेख में दर्ज कर दिया है। इस तरह हुबहु बनावटी नामांतरण क्रमांक क्रमशः 5904212/ 170922/ 03448 एवं 5904212/ 170922/ 03448 का हवाला देकर दस्तावेज में कूटरचना कर छल व धोखाधड़ी की गई है। ग्राम राजाडेरा के ग्रामवासियों द्वारा उपरोक्त शासकीय चराई मद की भूमि को निजी भूमि बनाकर विक्रय कर धोखाधड़ी किये जाने के संबंध में तहसील कार्यालय मगरलोड को लिखित सूचना दिये जाने के उपरांत तहसीलदार मगरलोड विवेक कुमार गोहिया द्वारा पुलिस थाना मगरलोड को इसकी सूचना नहीं दी गई जो तहसील कार्यालय के पत्र क्रमांक 936/तह/जसुप्र/2023/मगरलोड 10.10.2023 के अवलोकन से स्पष्ट है। शिकायतकर्ता ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग हेतु कलेक्टर, एसपी सहित विभिन्न विभागों को पत्र भेजकर इस संपूर्ण घटना का पर्दाफाश किया है।

राजनीति विज्ञान परिषद के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्व.राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के मार्गदर्शन एवं यू के बरिहा विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष यू के बरिहा राजनीति विज्ञान के द्वारा गरीबी के कारण और विश्व में पाए जाने वाले गरीबी के प्रकार तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा गरीबी उन्मूलन के लिए किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। आज भारत में भी गरीबों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि पाई जा रही है जो आने वाले समय के लिए चिंता जनक है देश के समग्र विकास के लिए आर्थिक स्वतंत्रता के बिना राजनीतिक समानता की बात करना कल्पना सा लगता है। जब तक देश के प्रत्येक व्यक्ति को जीने के लिए पर्याप्त भोजन की मात्र प्राप्त नहीं होती है तो देश का विकास प्रक्रिया प्रभावित होता है ।सरकार गरीबों की संख्या को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार के योजनाओं के माध्यम से कमी लाने का प्रयास कर रही है ,सरकार अपने महत्वपूर्ण योजनाओं में गरीबी की स्तर को कम करने के लिए तथा सामाजिक समानता को लाने के लिए कृत संकल्पित है ।राजनीति विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. झरना साव ने गरीबी के मूल कारणों और मुद्दों पर अपना विचार व्यक्त किया। गरीबी समाज में पाया जाने वाली सबसे बड़ी समस्या है, जब तक गरीबी का निदान नहीं किया जाएगा व्यक्ति के सोच को जागृत नहीं किया जा सकता ।आज मानव अधिकार का उल्लंघन एवं कई प्रकार के अनैतिक कार्यों से गरीबी की समस्या बढ़ती जा रही है ,जब तक भारत के लोगों को 2 जून की ड्यूटी नसीब नहीं होगी । भूखा होने पर उनके मन में राष्ट्र तथा देश के प्रति सम्मान कि भावना का विकास नहीं होगा ।सरकार के द्वारा चलाए जा रही योजनाएं तभी कारगर एवं सफल साबित होगी जब समाज और स्वयंसेवी संस्थाएं गरीबी को मिटाने के लिए अपना संपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। अतिथि व्याख्याता नरेश कुमार जगत ने भी अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस के अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ के द्वारा किए गए कार्यों और उसके मनाए जाने की संबंध में अपना विचार व्यक्त किया आज के समय में लगभग 73 करोड लोग गरीबी रेखा के नीचे अपने जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैं, हमारे भारत में भी लगभग 13 करोड लोगों को 1 जून की रोटी भी प्राप्त नहीं होती है। हमारी जनसंख्या का लगभग 10त्न हिस्सा अत्यंत गरीबी से जूझ रहा है ,वैश्विक संस्थाएं भी गरीबी को मिटाने के लिए प्रयास कर रही हैं। वर्ल्ड पीस ऑर्गेनाइजेशन और ग्लोबल हंगर इंडेक्स के द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर भारत में गरीबी की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है । 02047 तक भारत को भी विकसित राष्ट्र बनाने के संबंध में जो संकल्प तैयार किया गया है वह तभी सार्थक होगा जब हम अपने देश में गरीबी को हटाकर अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे ।देश की आर्थिक विकास दर अधिक होगी तो लोगों की जीवन शैली और जीवन प्रत्याशा में वृद्धि होने पर ही विकसित राष्ट्र का कल्पना साकार हो सकता है। इस गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रादेशिक एवं प्रत्येक संस्थानों में जब तक जागरूकता के लिए कार्य नहीं किया जाएगा तब तक गरीबी की समस्या बनी रहेगी। जनता की भागीदारी को शामिल करके सामाजिक और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए वातावरण निर्मित करना होगा। तब राजनीतिक समानता की आधारशिला को मजबूत होगी। कार्यक्रम का संचालन राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष नीरज कुमार निषाद एवं आभार प्रदर्शन हसीना बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राएं तथा राजनीति विज्ञान परिषद के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने किया होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण

खराब सामग्री को किया गया नष्ट, 87 सैंपल लिए गए मौके पर ही 6 अवमानक, 7 को नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा त्यौहारी सीजन को देखते हुए उपभोक्ताओं को मिलावटी से बचाने के लिए किराना दुकानों, होटलों का निरीक्षण कर अवमानक खाद्य पदार्थो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा विकासखंड सिमगा के ग्राम लिमतरा हाइवे में कुल 14 होटल, ढाबा रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 87 खाद्य पदार्थों जांच किया गया.जिसमें से 06 सैंपल अवमानक प्राप्त हुए. 7 को नोटिस जारी किया गया है। जिसमें नाज ढाबा,ताज ढाबा,रॉयल फैमिली ढाबा,मान ढाबा, न्यू रॉयल ढाबा,लिमतरा में मिलन स्वीट्स, गोस्वामी स्वीट,आनंद फैमिली रेस्टोरेंट, मनीष बेकरी एवं स्वीट्स में कार्रवाई की गई है। किसन किराना में 3 किलो ग्राम खराब फूटू मटर,मनीष बेकरी एवं स्वीट्स में 3 किलो ग्राम मगज लड्डू अमानक रंग, गोस्वामी होटल में 1 किलोग्राम बेसन लड्डू, को मौके पर ही नष्ट किया गया है। साथ ही आनंद फैमिली रेस्टोरेंट से दम बिरयानी एवं पनीर के 2 नमूना एवं मिलन होटल से कुल 5 नमूना राज्य कार्यालय में भेजा गया है।स्वच्छता संबंधी पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने किचन अनहाइजीनिक पाए जाने पर वह खाद्य पदार्थों को ढकने के पर्याप्त उपाय नहीं किए जाने पर उपरोक्त में से 7 प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया गया हैं। जिसमें ताज ढाबा,नाज ढाबा, आनंद फैमिली रेस्टोरेंट,रॉयल फेमिली रेस्टोरेंट,न्यू रॉयल ढाबा,किसन किराना एवं मिलन होटल को नोटिस जारी किया गया है।

पीजी कॉलेज में पोस्टर प्रदर्शनी, प्रश्न मंच कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन व राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह और उत्साही युवा मंच के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयंती उत्सव पर आधारित महात्मा गांधी से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी, फिल्म स्क्रीन और प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक प्रो निरंजन कुमार ने कार्यक्रम की भूमिका के वर्णन से किया। इसमें विद्यार्थीयों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रदर्शनी का विश्लेषण किया जिसमें महात्मा गांधी के समाजोत्थान कार्य जैसे अस्पृश्यता, अहिंसा, नशा, रंगभेद एवं जातिभेद मुक्त समाज तथा महिला उत्थान से संबंधित पोस्टर रहे। तत्पश्चात् उन्हें महात्मा गांधी जी के अहिंसा परमो धर्म पर आधारित फिल्म का चलचित्र के माध्यम से उसमें निहित उद्देश्यों एवं प्रेरक सीख को समझा। जिस पर अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन शंकरदाह के संस्थापक नरेंद्र साहू के द्वारा फिल्म पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी किया गया जिसमें विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने पूर्ण सहभागिता दी। इसके बाद गांधी के जीवन परिचय के संबंध में जैसे उनका जन्म कहां हुआ, उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कहां से प्राप्त की, सामाजिक समानता की लड़ाई कहां से लड़ी आदि। आयोजन में शामिल समस्त स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों ने आयोजन के संबंध में अपना फीडबैक दिया। समापन में प्रो आकांक्षा मरकाम ने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए उपस्थित समस्त अतिथियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करने साथ कार्यक्रम से प्राप्त शिक्षा को अपनाने एवं अपने निःस्वार्थ कार्यों से समाज सेवा का कार्य करने का आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम में पी सी चौधरी, जयश्री पंचांगम, गोविंद प्रसाद, आकांक्षा कश्यप, भीखमलाल सायतोड़े तथा अपर्णा, विवेक, विभा, संदीप, रविकांत, परमानंद, योगेंद्र, गोपेश्वर, कुलदीप, भूमिका, माधुरी, खुशी, अभिलाषा, ललिता, वीणा, रामानंद, प्रहलाद तथा अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

राज्य स्तरीय इंटैक राष्ट्रीय विरासत प्रश्नों उत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारतीय सांस्कृतिक निधि द्वारा , विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग की प्रधान निदेशिका पूर्णिमा दत्त के निर्देशन एवं छ.ग. राज्य संयोजक अरविंद मिश्र ,राज्य सह संयोजक डॉ देबाशीष सान्याल एवं डॉ शिवी जोशी के संयुक्त मार्गदर्शन में इंटैक नेशनल हेरिटेज क्विज प्रतियोगिता 2024 (सिटी राउंड) का आयोजन संयोजक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में सेजेस में निःशुल्क रूप से किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के सातवीं से दसवीं कक्षा तक के स्कूली विद्यार्थियों की 98 टीमों ने पूर्व पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों ने 30 मिनट में प्रथम लिखित राउंड में राष्ट्रीय,राजकीय विरासतों एवं इंटैक से संबंधित 20 प्रश्नों के उत्तर सटीकता से लिखे,जांच उपरांत लिखित प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान, के. जी.कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल की विधि अग्रवाल एवं अल्साना फातिमा , द्वितीय स्थान स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय की स्वाति यादव एवं टीशा यादव , तृतीय स्थान आई.ई. एम.बी.एच. स्कूल कुटेला के शुभम भोई एवं निमेश पटेल ने प्राप्त किया। तथा मौखिक राउंड में प्रथम स्थान स्वाति यादव एवं टीशा यादव सेजेस , द्वितीय स्थान शुभम भोई एवं निमेश पटेल आई.ई.एम.बी.एच. स्कूल कुटेला, तृतीय स्थान विधि अग्रवाल एवं अल्साना फातिमा ने प्राप्त किया । इस प्रकार राज्य स्तरीय इंटैक राष्ट्रीय विरासत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2024 रायपुर हेतु स्वाति यादव(आठवीं)एवं टीशा यादव (सातवीं) सेजेस का चयन उच्चतम अंकों के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। आंसर की जांच टीम में व्याख्याता कुसुम देवांगन,प्रभारी प्रधान पाठक प्रतिभा चौधरी,प्रभारी प्रधान पाठक मनोज पटेल,शिक्षिका राधा शर्मा, वंदिता बहिदार,शिक्षक संजय नंद आदि ने खूब सहयोग दिया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में दाऊलाल चंद्राकर संयोजक एवं बंधु राजेश्वर खरे श्याम चौधरी , जे.पी.पटेल,सेजेस प्राचार्य मनोज पटेल, व्याख्याता के.आर.पटेल, जोगीलाल पटेल, प्रदीप नारायण सेठ, महेश नायक, तिलोत्तमा साहु, घनश्याम दीप, शिक्षक राजकुमार पटेल, शिक्षिका रश्मि राजा, अनिता साव, सुनील दास एवं इंटैक के आजीवन सदस्यों के साथ स्कूल स्टॉफका खूब योगदान रहा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के भाभी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के भाभी स्व बिमला देवी शर्मा के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। भाटापारा स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्यमंत्री साय ने दिवंगत बिमला देवी शर्मा के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। गौरतब है कि पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा की भाभी स्व बिमला देवी शर्मा का निधन 7 अक्टूबर 2024 को करीब 78 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। श्रद्धांजलि सभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय,पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं परिवारजन उपस्थित थे।

सरायपाली। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा हेतु ग्रामीण उच्च माध्यमिक विद्यालय तोषगांव में पर्यवेक्षक के तौर पर निरीक्षण की।

धमतरी । सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने मेडिकल कॉलेज धमतरी के लिये माँग की जिस पर स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने आश्वस्त किया कि मुख्यमंत्री से चर्चा कर अतिशीघ्र केंद्रीय स्वास्थ मंत्री को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

राशनकार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी 31 अक्टूबर तक

गरियाबंद। खाद्य विभाग द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे असुविधा से बचने के लिए अपने राशन कार्ड का नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी समय पर करा लें। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हितग्राहियों की सुविधा के लिए शेष बचे राशन कार्ड नवीनीकरण एवं ईकेवाईसी कराने के लिए 31 अक्टूबर 2024 तक का अवसर प्रदान किया गया है। कार्ड के नवीनीकरण के लिए राशन कार्ड में दर्ज सदस्यों का ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। वन नेशन वन कार्ड अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए हितग्राही परिवार के सभी सदस्यों के आधारकार्ड और अंगूठे का ईकेवाईसी करना अनिवार्य है। परिवार के सदस्य छत्तीसगढ़ के अलग-अलग स्थानों में निवास कर रहे हैं तो वे सदस्य अपने नजदीकी शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपना ईकेवाईसी कर राशन कार्ड नवीनीकरण कार्य पूरा कर सकते हैं। यह सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है तथा ईकेवाईसी के लिए कोई दस्तावेज जमा नहीं करना पड़ता। ईकेवाईसी के लिए सदस्यों की सूची उचित मूल्य दुकानदार के पास उपलब्ध होती है। राशन कार्ड का नवीनीकरण हितग्राही के द्वारा स्वयं ही विभागीय नवीनीकरण एप एवं दुकानदार दोनों माध्यम से किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री आवास योजना की सीईओ ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति के संबंध में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने समीक्षा की। इस अवसर पर जनपद पंचायत धमतरी एवं मगरलोड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उपअभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, तकनीकी सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव की बैठक में उपस्थित रहें। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रथम किश्त प्राप्त 06 हजार 433 हितग्राहियों का प्लींथ जियो टैग कराना सुनिश्चित करें तथा 277 छत पूर्ण आवास को धनतेरस तक प्लास्टर पूर्ण कर विधिवत रूप से गृह प्रवेश भी करायी जावें। इसी तरह योजनांतर्गत तोड़कर बनाये जाने वाले हितग्राहियों के आवासों को तत्काल कार्य प्रारंभ करायी जावें। प्रथम किश्त प्राप्त प्लींथ लेबल पर जितने भी आवास का कार्य प्रारंभ हो गया है उनका महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत नियोजित श्रमिकों के लिए मस्टररोल निकालकर कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जितने भी अप्रारंभ आवास है प्रारंभ कराये जाने के निर्देश सीईओ जनपद पंचायत को दिये। सभी ग्राम पंचायतों में आवास प्लस के पात्र हितग्राहियों का प्राथमिकता के साथ दीवाल लेखन कराकर फोटोग्राफ एवं संबंधित जानकारी जिला कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करें एवं स्वीकृत सभी पात्र हितग्राहियों का स्वीकृति पत्रक घर के बाह्य दीवाल पर चश्पा किये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। आवास निर्माण कार्य में आ रही सभी समस्याओं का समाधान करते हुए डाटा अपडेट भी करायी जावें। सभी तकनीकी सहायक यह भी सुनिश्चित करें कि आबंटित एरिया में जितने भी ग्राम पंचायत आते हैं का रोस्टर तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करें। सेंट्रिंग प्लेट और बैंकिंग कार्य संबंधित जानकारी का प्लानिंग करने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया तथा सीईओ जिला पंचायत ने यह भी कहा कि जितने भी स्वीकृत आवास हैं के विरूद्ध कितने वर्गफीट का सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध है की जानकारी एनआरएलएम के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। इससे समूह से जुड़ी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी व आजीविका की दिशा में आत्मनिर्भर बनें।

जिले में शिविर लगाकर किया जा रहा फसल चक्र परिवर्तन के लिए प्रोत्साहित

धमतरी। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग का अमला लगातार शिविर लगाकर जल एवं पर्यावरण संरक्षण और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन और नगदी फसल लगाकर फसल चक्र परिवर्तन के फायदों से लोगों को अवगत करा रहा है। उप संचालक कृषि ने बताया कि धमतरी विकासखण्ड के ग्राम झिरिया, कुरूद के कोसमर्रा, मगरलोड के कुल्हाड़ीकोट और नगरी के कुकरेल में फसल चक्र परिवर्तन शिविर लगया गया। इन शिविरों में कुल 290 किसान उपस्थित रहे, जिनमें से 153 किसानों ने 31.35 हे. रकबा में दलहन, तिलहन की फसल लेने की सहमति दी। इन शिविरों में ऋण स्वीकृति के 44 आवेदन प्राप्त हुए, वहीं बीजोत्पादन के लिए 38 आवेदन प्राप्त हुए।

लघु उद्योग भारती सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है: मुख्यमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अग्रसेन भवन खुर्सीपार में आयोजित क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर लघु उद्योग के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरूषोत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघानिया, लघु उद्योग भारती के म.प्र. अध्यक्ष राजेश मिश्रा सहित अन्य उद्यमी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उद्यमी सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस्पात नगरी भिलाई में क्षेत्रीय उद्यमी सम्मेलन 2024 में शामिल हुए मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी उद्यमियों का अभिनंदन है। उद्यमिता के विकास और प्रदेश में नये निवेशकों को आकर्षित करने के लिए लघु उद्योग भारती द्वारा सम्मेलन आयोजन की महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लघु उद्योग भारती सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के हित में काम करने वाला एक विशाल संगठन है। देश में इस संगठन की करीब 1000 इकाइयां और 65000 सदस्य होना सचमुच गौरव की बात है। सरगुजा और बस्तर जैसे जनजातीय क्षेत्रों में भी संगठन ने अपना विस्तार किया है। इससे निश्चित ही इन क्षेत्रों में भी लघु और सूक्ष्म उद्योगों को ताकत मिल रहा है और उद्यमिता का विकास हो रहा है। हमारा प्रदेश में खनिज सम्पदा का भंडार है। यहां 44 प्रतिशत प्रदेश का भू-भाग वनों से आच्छादित है। हमारे प्रदेश में मेहनतकश किसान है, इसलिए छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां पर उद्योग की बहुत अच्छी संभावना है। मुख्यमंत्री साय ने अवगत कराया कि नवम्बर माह में प्रदेश की नई उद्योग नीति 2024-29 लांच करने की तैयारी है, इस नीति में छोटे और मझोले उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप से प्रावधान किये जा रहे हैं। उद्यमियों की मांग पर मुख्यमंत्री साय ने लघु उद्योग भारती के लिए नया रायपुर में भूमि एवं मध्यप्रदेश के समान छत्तीसगढ़ में भी एमएसएमई (माइक्रो एंड स्माल मिडियम इंटरप्राइजेस) मंत्रालय के अधीन स्थापित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उद्योग मंत्री ने लघु उद्योग भारती की 'छत्तीसगढ़ उद्योग दर्पण 2024' पुस्तक का विमोचन किया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि हमारा प्रदेश उद्योग के क्षेत्र में बहुत अच्छा काम कर रही है। हमारी सरकार उद्योग को आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने अवगत कराया कि उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सिंगल विंडो प्रणाली 2.0 लागू की गई है। उद्यमियों को अब विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। सभी आवश्यक अनुमतियां और लाइसेंस इसी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो सकते हैं। इसके साथ ही उद्योगों में उत्पादित होने वाले माल की बिक्री हेतु विदेश से एमओयू किया गया है। देवांगन ने कहा कि उद्योगों के विस्तार के लिए राज्य शासन के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। सरकार द्वारा इस्पात उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियां लागू की जा रही है जो इस उद्योग के विकास को गति देगी।

इस अवसर पर दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी सहित बड़ी संख्या में म.प्र.एवं छत्तीसगढ़ के उद्यमी उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत क्लेम की राशि आहरण सबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत जिला पंचायत सभा कक्ष में बीमा की राशि हितग्राही को सरलता से प्रस्तुत किया जाने व अधिक से अधिक हितग्राही को लाभ प्रदान किये जाने के संबंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य कार्यालय द्वारा एसपीएम दीपेश डाबरिया एवं लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रकाश सर के द्वारा विस्तृत में जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान सभी ब्लॉक एव क्लस्टर स्टाफ उपस्थिति रहे। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में हितग्राही को राशि आहरण व बैक से सम्पर्क स्थापित करने की जानकारी दी गई। साथ ही क्लेम को असानी से हितग्राही के परिवार तक पहुचांने के तरीके व ग्रामीण क्षेत्रों में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन ने बताया कि जिले में पीएमजेजेबीवाई 18-50 वर्ष की आयु समूह के सभी ग्राहकों को 2.00 लाख रुपये का एक वर्षीय टर्म जीवन कवर प्रदान करता है। यह किसी भी कारण से हुई मृत्यु को कवर करता है। प्रत्येक ग्राहक को प्रति वर्ष 436 रूपए प्रीमियम देय होगा, जो ग्राहक के बैंक/डाकघर खाते से स्वतः कट रहा है। उन्होंने योजना से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों का चयन करने प्रक्रिया व बैंक तक सफलतापूर्वक क्लेम को प्रस्तुत करने व आवेदन भरने की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का वार्षिक प्रीमियम मात्र 12 रूपए है। इस योजना का प्रीमियम ही इस योजना की खासियत बयां कर रहा है। इस बीमा योजना के अंतर्गत 12 रूपए वार्षिक प्रीमियम पर दुर्घटना बीमा किया जाएगा। यह योजना 18 से 70 साल के लोगों के लिए है। यदि इस योजना के अंतर्गत बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में मौत हो जाती है, या फिर हादसे में दोनों आंखें या दोनों हाथ या दोनों पैर खराब हो जाते हैं, तो उसे 2 लाख रूपए मिलेंगें। इस योजना के संचालन का तरीका ठीक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना जैसा ही है। इन दोनों योजनाओं के हितग्राही जो ग्रामीण क्षेत्र में क्लेम को स्व-सहायता समूह की दीदीयों, बीमा सखी एवं बैक सखी के माध्यम से आवेदन और बैंक से सम्पर्क कर जानकारी ले सकते हैं। जिला पंचायत सीईओ देवांगन ने ग्राम पंचायत में एक सक्षम केन्द्र की स्थापना किये जाने की बात कही।

दीपावली पूजन को लेकर भ्रमित ना रहे : आचार्य नंदकुमार शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

इस वर्ष 2024 मे दीपावली के पर्व को लेकर अधिकाधिक भ्रम और मतभेद की स्तिथि बनी हुई है. इस वर्ष दीपावली पूजन 31 अक्तूबर और 1 नवम्बर को दोनों दिन मनाने को लेकर भ्रम की स्तिथि बनी हुई है. इस पर अपना विचार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध भागवताचार्य एवं ज्योतिर्विद पंडित नंदकुमार शर्मा (निनवा तिल्दा वाले) ने कहा कि दीपावली पूजन को लेकर ज्यादा तर्क वितर्क या मतभेद करने की आवश्यकता नहीं है. अपने अपने क्षेत्र विशेष मे सूर्योदय, सूर्यास्त, अमावस्या तिथि, प्रदोष काल आदि को ध्यान मे रखते हुए दीपावली पूजन को मान्य करे. क्योंकि शास्त्रों मे कहा गया है - युवती शास्त्र नृपति बस नाहीं शास्त्रों का मत किसी के बस मे नहीं होता है. उन्होंने बताया कि रायपुर (छत्तीसगढ़) का अपना क्षेत्रीय देव पंचांग मे तिथि आदि के अनुसार दीपावली पूजन 1 नवम्बर शुक्रवार को ही मान्य किया गया है. धर्म सिंधु और निर्णय सिंधु के अनुसार अमावस्या तिथि प्रदोष व्यापिनी होना चाहिए यानी कि अमावस्या तिथि का उस दिन के संध्याकाल को स्पर्श करना आवश्यक है. आचार्य शर्मा जी ने बताया कि धर्म सिंधु और निर्णय सिंधु के अनुसार दीपावली पूजन के लिए यदि दो दिन अमावस्या तिथि पडती है और दोनों दिन प्रदोष काल को स्पर्श करती है तब उस स्तिथि मे दूसरे दिन मे लक्ष्मी पूजन करना उचित और शास्त्र सम्मत होता है. उन्होंने बताया कि रायपुर (छत्तीसगढ़) द्वारा प्रकाशित क्षेत्रीय पंचांग देव पंचांग के अनुसार अमावस्या तिथि 31 अक्तूबर गुरुवार को शाम 3 बजकर 52 मिनट मे प्रारम्भ हो रही है और अमावस्या तिथि की समाप्ति 1 नवम्बर शुक्रवार को शाम 6 बजकर 16 मिनट मे हो रही. ऐसे मे दूसरे दिन मे भी प्रदोष व्यापिनी और संध्याकाल तक अमावस्या तिथि हो रही है. अतः 1 नवम्बर को दीपावली पूजन करना उचित और मान्य है. 1 नवम्बर शुक्रवार को लक्ष्मी पूजन का शुभ मुहूर्त इस प्रकार से है.. शाम 04:35 से शाम 6:11 बजे तक (गोधूलि), शाम 06:14 से रात्री 08:13 तक (वृषभ स्थिर लग्न), रात्री 09 बजे से 10:30 तक (लाभ), रात्री 12:41 से रात्री 02:51 तक (सिंह स्थिर लग्न)।

मधुबाला यादव, हिमांशु यादव और अभय राज भगत को भृत्य के पद पर मिली अनुकम्पा नियुक्ति

कलेक्टर ने जारी किया नियुक्ति आदेश

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत 03 आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर भृत्य के पद पर जिला कार्यालय में पदस्थ किया है। कार्यालय कलेक्टर से प्राप्त जानकारी अनुसार मती मधुबाला यादव पिता स्व. संतोष कुमार यादव ग्राम परसुली पोस्ट तुमाकला तहसील धमधा जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में तथा हिमांशु यादव पुत्र स्व. प्रकाश कुमार यादव 75/2 पचरी पारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार अभय राज भगत पिता स्व. सिकंदर राम भगत ग्राम दमगड़ा पोस्ट केराडीह तहसील कुनकुरी जिला जशपुर, वर्तमान पता ब्लाक नंबर 14 मकान नंबर 95 तीसरी बटालियन छ.ग.स.ब. अम्लेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग को भृत्य के पद पर जिला कार्यालय दुर्ग में पदस्थ किया गया है। उक्त आवेदकों को नियुक्ति आदेश जारी होने के 15 दिवस के भीतर कर्त्तव्य पर अनिवार्यतः उपस्थित होने कहा गया है।

अवैध रेत भंडारण करने, हाइवा में रेत परिवहन पर जप्ती की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

एस डी एम सुश्री नम्रता चौबे ने बिना अनुमति के डंप किये गए रेत के भंडारण पर आज जप्ती की कारवाई की है। आज सरायपाली के ग्राम चट्टी गिरोला मे चंदन अग्रवाल द्वारा निजी जमीन पर 14 घन मीटर के हिसाब से 12 ढेर अर्थात 168 घंन मीटर रेत का भण्डारण किया गया था। जिसे एस डी एम द्वारा औचक निरी क्षण के दौरान पंचनामा कर जप्त की गई। साथ ही उसी स्थान से एक हाइवा मे रेत का परिवहन करते हुए भी पाया गया,जिसे जप्त कर सिंघोड़ा थाना मे अभिरक्षा मे रखा गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार हरी प्रसाद भोई भी मौजूद थे।

ज्ञात है की जिले मे कलेक्टर विनय-लंगेह के निर्देश पर अवैध रेत उत्तखनन,परिवहन,और भण्डारण पर सतत कारवाई की जा रही है।

राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर 2024 प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

इंडियन रेडक्रास सोसयटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा रायपुर के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण सह सद्भावना शिविर का आयोजन दिनांक 18 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक किया जा रहा है। जम्बुरी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी आयुक्त नगर निगम भिलाई बजरंग दुबे द्वारा शिविर स्थल भारती विश्वविद्यालय पुलगांव दुर्ग शहर में व्यवस्थाओ को संपादित करवाया जा रहा है। इस बात का ध्यान रखा जा रहा है कि जम्बुरी में सभी आवश्यकताओ की प्रतिपूर्ति समय अनुसार की जा सके। भिलाई नगर निगम द्वारा प्रमुख रूप से जम्बुरी स्थल स्थल पर पीने के पानी, जम्बुरी स्थल, एरिना, स्नान गृह महिला एवं पुरूष के लिए प्रतिदिन 2 टेंकर पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। शौचालय की साफ -सफाई व्यवस्था हेतु 10 से 12 महिला सफाई कर्मीयों को सुबह 6:00 बजे से 2:00 बजे तक डयूटी लगाई गई है। जिसका मॉनिटरिंग निगम के स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली द्वारा की जा रही है। निकायों को जम्बुरी को सफलता पूर्वक आयोजन करने हेतु विभिन्न दायित्वों को दिया गया है। जिनके द्वारा कार्यो को संपादित किया जा रहा है।

संकुल केन्द्र जमदरहा के सभी विद्यालयों में पालक मेगा बैठक का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र जमदरहा के अन्तर्गत सभी विद्यालयों में शिक्षक पालक मेगा बैठक की आयोजन किया गया। जिसमें शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य, शिक्षक प्राचार्य, संकुल समन्वयक, पालक, माताएँ एवं विधार्थीगण शामिल हुए। उक्त बैठक में संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे ने निम्नलिखित बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई-सभी विद्यार्थियों की त्रैमासिक मूल्यांकन के परिणाम को समस्त पालको को अवगत कराया गया।बच्चों में शिक्षा गुणवत्ता स्तर को बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई।विद्यालय में बच्चों की नियमित उपस्थिति के सम्बंध में चर्चा की गई।स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में चर्चा की गई।मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के सम्बंध में चर्चा की गई। शाला भवन के जीर्णोद्धार एवं शौचालय निर्माण के संबंध में पालको को अवगत कराया गया। विभिन्न शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों के संबंध में पालको से चर्चा की गई। उक्त पालक शिक्षक मेगा बैठक में प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, लीलाधर पटेल, शिक्षक गंगाधर प्रसाद द्विवेदी, रुपलता कुर्रे, मनोज नायक, शिमला चौहान, तेजस्विनी बरिहा, सतकुमारी, जितेन्द्र नाग, डोसराम बसंत, डोलामणि पटेल, शंकर सिदार, बुधेश्वर साहू, प्रहलाद साहू, बसंत साहू, जगदीश मांझी, विजय चतुर्वेदी, ब्रज किशोर, देव लाल दिवान सुखीराम बसंत, जगन्नाथ राणा, ज्वाला प्रसाद का विशेष रूप से सहभागिता रहा। पालक मेगा बैठक के सफल संचालन हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला नें बधाई प्रेषित किये है।

डायलिसिस ईलाज लेने वाले पीड़ित 6 से बढ़कर 14 हुए

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल किड़नी पीड़ित गांव सुपेबेड़ा पहुंचकर स्वास्थ अमला को पीड़ितों का भरोसा जीतने के लिए दिए मंत्र आज काफी ज्यादा कारगर साबित हो रहा है तभी जो किडनी पीड़ित डायलिसिस ईलाज से कोसों दूर भागते थे वह आज खुशी खुशी डायलिसिस ईलाज लेकर आसानी से जिंदगी काटने में सफल है हांलांकि इसके लिए जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के दिशा निर्देश पर बीएमओ प्रकाश साहू सहित पूरी पीड़ितो के घर घर जागरूकता अभियान तेज करते कन्वेश करने में कोई कोर कसर नहीं छोडा शायद यही वजह है कि डायलिसिस ईलाज लेने वाले किडनी पीड़ितो की संख्या 6 से सीधा 14 पहुंच गई है जो स्थानीय प्रशासन के लिए भी थोड़ी राहत की बात है क्योंकि कई महीनों पहले प्रशासन को किडनी पीड़ितो को डायलिसिस ईलाज लेने की बात तो दूर गांव के लोगो का ब्लड टेस्ट के लिए तैयार कराना काफी चैलेंजिंग रहा है ऐसे में किडनी पीड़ितो का डायलिसिस ईलाज लेने की बात राहत भरी है हांलांकि इसके लिए स्वास्थ अमला पीड़ितो को खून बढ़ाने इंजेक्शन समय समय पर निशुल्क ब्लड टेली मेडिसन सहित सुविधा उपलब्ध कराते हैं इससे किडनी पीड़ितो को भी काफी ज्यादा सहुलियत मिलती हैं क्योंकि यही इलाज के लिए जरूरी ब्लड मेडिसिन इंजेक्शन सहित अन्य के लिए रायपुर के अलावा कई जगह भटकना पड़ता था लेकिन अब उक्त सुविधा देवभोग मुख्यालय पर ही मुहैया हो रही है इस बीच बीएमओ प्रकाश साहू बताया कि टेंडर लिए कंपनी द्वारा जीवनधारा के अंतर्गत किडनी पीड़ितो का डायलिसिस का इलाज किया जाता है इस बीच कंपनी द्वारा मुहैया कराए नारफोलॉजिस्ट से पीड़ितो के सेहत पर सुधार के लिए सुझाव लिया जाता हैं खासकर एम्स के ही नारफोलॉजिस्ट से टेली मेडिसन कंसल्ट करने की बात कही जा रही है सबसे राहत भरी बात तो यह की गंभीर पीड़ित के लिए 24 घंटा एम्बुलेंस उपलब्ध है।

नशामुक्त भारत निर्माण एक पहल अंतर्गत थीम आधारित गतिविधियों का लिया जायजा

एसडीएम नम्रता चौबे ने किया पीएम श्री विद्यालयों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नम्रता चौबे (आई.ए.एस.) द्वारा विभिन्न स्कूलों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला झिलमिला में नियमित रूप से साफ -सफाई रखने एवं कीचन गार्डन तैयार करने निर्देश दिए तथा पढ़ाई के स्तर को परखने के लिए बच्चों की क्लास में पहुंचीं जहां उन्होंने विद्यार्थियों के नोटबुक का अवलोकन किया वहीं विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने कार्ययोजना तैयार कर कार्य करने एवं बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता सुधार करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा बनाए जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल का अवलोकन किया और विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करने प्रेरित किया, कीचन शेड में जाकर रसोइया से एमडीएम संबंधी जानकारी ली गई एवं साफ सफाई के साथ स्वादिष्ट भोजन बनाने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन किया साथ ही झिलमिला संकुल के संस्था प्रमुखों की बैठक लेकर पात्र समस्त विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र शीघ्र बनवाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सिंघोडा का भी निरीक्षण किया जहां शीघ्र ही अहाता निर्माण हेतु निर्देश दिए। एसडीएम द्वारा नशामुक्त भारत निर्माण - एक पहलके अंतर्गत किए जा रहे गतिविधियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना मध्याह्न भोजन कार्यक्रम अन्तर्गत प्रदाय किए जा रहे ताजा, गरम भोजन की गुणवत्ता देखा गया। एसडीएम के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारात्वरित कार्यवाही करते हुए सक्रियतापूर्वक आधे घंटे के अंदर ही विद्युत तार को शाला परिसर के पीछे भाग से हटाया गया। शासकीय हाई स्कूल सिंघोडा में क्लासरूम में बच्चों से विषयगत अध्ययन अध्यापन की जानकारी लेते हुए बच्चों का आवश्यक मार्गदर्शन किया और नशे से दूर रहने के लिए सलाह दिया और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया। शासकीय प्राथमिक शाला सिंगबहाल में निर्माणाधीन भवन को शीघ्र पूर्ण करने मौके पर ही एसडीओ (आरईएस) को निर्देशित किया गया। शिक्षा में कसावट लाने शिक्षण व्यवस्था का जायजा लेने की गई इस निरीक्षण को काफी महत्वपूर्ण बताया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं सहायक नोडल अधिकारी पीएमश्री विद्यालय एवं एसडीओ (आरईएस) विनोद श्रीवास आदि उपस्थित रहे।

क्षितिज अपार संभावनाएं योजनांतर्गत प्रोत्साहन राशि हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

क्षितिज अपार संभावनाएं योजनांतर्गत माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं में जिला में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग विद्यार्थियों जो नियमित अध्ययनरत हो उन्हें 2000 एवं 5000 रूपये प्रोत्साहन राशि एकमुश्त प्रदाय किये जाने का प्रावधान है। योजना हेतु पात्रता 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता, छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो तथा जिला अंतर्गत माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक परीक्षा में दिव्यांगजनों की श्रेणी में सर्वाधिक अंक प्राप्त किया हो। जिला गरियाबंद अंतर्गत उपरोक्त कक्षाओं में वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राओं की सूची कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद से प्राप्त प्रवीण्य सूची के संबंध में उक्त छात्र-छात्राओं से अधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्राएं 24 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन दिवस में समाज कल्याण विभाग कलेक्टर परिसर कक्ष क्रमांक-11 में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सूची के अनुसार कक्षा 10वीं अंतर्गत सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्र-छात्रा है, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बेलर की छात्रा कु त्रिवेणी साहू, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धवलपुर की छात्रा कु विद्या, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल पाण्डुका के छात्र गौकरण, सेजेस पिंगेश्वर की छात्रा कु. आकृति तिवारी, सेजेस राजिम की छात्रा कु. गुलप्रिया शामिल है।

संपादकीय

शंघाई सहयोग संगठन जयशंकर का संदेश

शंघाई सहयोग संगठन-एससीआई के इस्लामाबाद में आयोजित हालिया सम्मेलन में भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन और पाकिस्तान को स्पष्ट संदेश दिया। क्षेत्रीय शक्तियों द्वारा आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद से निपटने की आवश्कता रेखांकित करते हुए उन्होंने इस क्षेत्र में 'विश्वास में कमी' की बात कही। उनका संबोधन शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ के चार्टर में रेखांकित सिद्धान्तों को केन्द्र में रखते हुए था। जयशंकर ने अपने संबोधन में में वास्तविक सहयोग की आवश्यकता, संप्रभुता का सम्मान तथा आतंकवाद, अतिवाद व अलगाववाद की 'तीन बुराइयों' के खिलाफ अडिग दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणी ऐसे समय आई है जब चीन और पाकिस्तान से भारत के संबंध बहुत खराब स्थिति में हैं। विदेश मंत्री ने विश्वास के वर्तमान संकट की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यदि विश्वास में कमी है या सहयोग काफी नहीं है, यदि मित्रता में कमी आई है तथा अच्छे पड़ोसी की भावना कहीं गायब हो गई है तो निश्चित रूप से आत्ममूल्यांकन तथा कारणों को संबोधित करने की आवश्यकता है।' उनके कथन का संबंध चीन द्वारा एकपक्षीय रूप से वास्तविक नियंत्रण रेखा पर किए जाने वाले सीमा उल्लंघनों तथा पाकिस्तान द्वारा सीमापार से आतंक को राज्य-नीति का अंग बनाने से है। जयशंकर के संबोधन का मुख्य बिंदु आतंकवाद, अतिवाद और अलगाववाद के खिलाफ तत्काल संघर्ष का रहा जिनको उन्होंने 'तीन बुराइयों' का नाम दिया। उनके अनुसार ये तीनों बुराइयां इस क्षेत्र में व्यापक रूप से फैल गई हैं। उन्होंने तर्क दिया कि इन बुराइयों के कारण शांति और स्थायित्व को खतरा पैदा होता है जो विकास की पूर्व शर्त हैं। इन मुद्दों को संबोधित किए बिना आर्थिक वृद्धि, व्यापार, कनेक्टिविटी तथा जनता से जनता का संवाद ठीक से विकसित नहीं हो सकेंगे। इस्लामाबाद सम्मेलन में जयशंकर की सहभागिता भारत की राजनयिक रणनीति में महत्वपूर्ण क्षण है।

तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद उनके भाषण से संकेत मिलता है कि भारत पड़ोसियों के साथ संवाद के लिए तैयार है, बशर्ते कि विश्वास और सुरक्षा सबंधी सभी मूल मुद्दों को संबोधित किया जाए। इस सम्मेलन ने दिखा दिया कि क्षेत्रीय व्यवहार की भारत की उम्मीदों तथा उसके कुछ पड़ोसियों द्वारा अपनाई नीतियों के बीच खाई बढ़ रही है। देखना होगा कि चीन और पाकिस्तान जयशंकर की टिप्पणियों पर आत्मावलोकन करते हैं या उन नीतियों को जारी रखते हैं जिनसे क्षेत्र में क्षेत्रीय समन्वय में बाधा आती है। भारत का दृष्टिकोण स्पष्ट है कि ऐसी कार्रवाइयों के माध्यम से विश्वास बहाली की जानी चाहिए जो सभी देशों की संप्रभुता और सुरक्षा को सम्मान देती हों। अब जिम्मेदारी पड़ोसियों की है कि वे शांति और स्थायित्व के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। अपने संबोधन में जयशंकर ने एससीओ मंच का प्रभावी उपयोग कर चीन के सीमा उल्लंघनों तथा पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद प्रायोजन को 'आईना दिखा दिया' है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर इस्लामाबाद एससीओ सम्मेलन में कहे गए शब्द न केवल आलोचना का काम करते हैं, बल्कि वे एससीओ चार्टर में उल्लिखित सिद्धान्तों के प्रति पुन: प्रतिबद्धता प्रकट करते हैं। इससे शांति तथा अच्छे पड़ोसी संबंधों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का अडिग दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। अब देखना होगा कि चीन व पाकिस्तान के नेता यह भावना समझ कर इसके अनुकूल आचरण करते हैं अथवा यह क्षेत्र अविश्वास व असहमति से परिभाषित यथास्थिति में फंसा रहेगा।

शहरी संस्थाओं का सशक्तीकरण

अपने आर्थिक महत्व के बावजूद अधिकांश शहरी क्षेत्र जलवायु संकट के बढ़ते खतरों के लिए ठीक से तैयार नहीं हैं। शहरी स्थानीय संस्थाओं को जलवायु परिवर्तन से संघर्ष हेतु प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

सोनल सिंह
(लेखिका, टीईआरआई में रिसर्च असोसियेट हैं)

हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने न केवल पार्टी के उभार का विमर्श ठंडा कर दिया है, बल्कि इसने गठबंधन राजनीति के दृष्टिकोण में परिवर्तन की आवश्यकता भी उजागर की है। हरियाणा में पराजय के कारण देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन में सहयोगियों की आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि उसने हालिया हरियाणा चुनाव में गठबंधन सहयोगियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया। इसके कारण दस साल सत्ता में रहने के कारण पैदा 'सत्ता-विरोधी भावनाओं' के बावजूद भाजपा को तीसरी बार विजय प्राप्त कर सरकार बनाने का अवसर दे दिया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव पर अधिकांश एक्जिट पोलों ने कांग्रेस की स्पष्ट विजय का अनुमान लगाया था, पर इसके बावजूद भाजपा विधानसभा की कुल 90 सीटों में से 48 जीतने में सफल हुई।

भाजपा की इस भारी विजय का अनुमान संभवत: पार्टी नेताओं को भी नहीं था। यदि हरियाणा में कांग्रेस एक्जिट पोल अनुमानों के अनुसार पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में सफल होती तो इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं में उत्साह पैदा होता तथा देश भर में उसकी छवि में और व्यापक सुधार होता। लेकिन इसके एकदम विपरीत कांग्रेस हाल में अपने आंतरिक टकरावों के कारण पांचवां विधानसभा चुनाव हार गई है। इसके पहले वह पंजाब, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनावों में हार का मुंह देख चुकी है।

कांग्रेस की हरियाणा में इस पराजय से अब यह निश्चित नहीं है कि 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी भविष्य में भाजपा के खिलाफ मुकाबले के लिए एकजुट होंगे। ऐसे में बहस हो रही है कि यदि कांग्रेस का हरियाणा में आम आदमी पार्टी-आप से गठबंधन होता तो क्या वह चुनाव जीतने में सफल होती। इसके साथ ही कांग्रेस की रणनीति तथा 'इंडिया' के भविष्य पर भी सवाल उठ रहे हैं। दूसरा, हरियाणा में कांग्रेस की पराजय का प्रभाव महाराष्ट्र और झारखंड के आगामी विधानसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है। हरियाणा चुनाव परिणाम का तत्काल प्रभाव आगामी दिल्ली, महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा समझौतों पर पड़ सकता है। इन चुनाव परिणामों के बाद आप ने दिल्ली में अकेले चुनाव लड़ने की लगभग घोषणा ही कर दी है।

तीसरा, यह अनिश्चित है कि क्या कांग्रेस और आप का भविष्य में कोई गठबंधन होगा क्योंकि आप ने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है। अपने लचीलेपन तथा सुलह-समझौते की नीति के कारण 'इंडिया' ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसमें कांग्रेस का मुख्य उद्देश्य भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक ही उम्मीदवार उतारना था ताकि भाजपा-विरोधी वोटों में विभाजन को रोका जा सके। गठबंधन ने विवादास्पद मुद्दों को पीछे छोड़ कर अपने कामकाज में अच्छा प्रबंधन किया था। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों ने मोटेतौर से भाजपा को हराने का लक्ष्य सामने रखा था और वे एक सीमा तक सफल भी हुए। लोकसभा चुनाव में भाजपा का बहुमत घटा और वह जदयू व टीडीपी की सहायता से ही सरकार बनाने में सफल हुई। लेकिन अब हरियाणा में कांग्रेस की पराजय ने गठबंधन के भीतर स्थिति एकदम बदल दी है। इस पराजय के कारण अब 'इंडिया' में गठबंधन सहयोगियों को कांग्रेस पर बढ़त मिल गई है। गठबंधन सहयोगी अब संभवत: ज्यादा कठोर दृष्टिकोण अपनायेंगे जिससे कांग्रेस को झुकने पर मजबूर होना पड़ सकता है। हालांकि, अब तक किसी ने यह नहीं कहा है कि 'इंडिया' गठबंधन समाप्त हो गया है।

इसके उलट परिणाम आने के अगले दिन समाजवादी नेता अखिलेश यादव ने अपने बयान से संकेत दिया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा। अखिलेश ने कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि इंडिया समूह बना रहेगा। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ गठबंधन जारी रहेगा।' लेकिन इसके उलट आम आदमी पार्टी-आप ने कहा है कि वह दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी, जबकि उसने तीन महीने पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस दिल्ली में एक भी सीट नहीं जीत सकी।

'इंडिया' समूह में अन्य गठबंधन सहयोगियों ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि वह अति-विश्वास से भरी थी तथा उसने सीट-साझा के प्रति कठोर दृष्टिकोण अपनाया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपनी सीटों की संख्या दूनी कर ली थी और वह उत्साह से भरी थी, लेकिन हरियाणा में पराजय के बाद वह कमजोर हुई है और उसे भारी झटका लगा है। अधिकांश एक्जिट पोलों ने हरियाणा में कांग्रेस की शानदार विजय की भविष्यवाणी की थी क्योंकि भाजपा दस साल की सत्ता-विरोधी लहर का सामना कर रही थी और जनता का एक हिस्सा उसके कामकाज से निराश था। लेकिन भाजपा ने आश्चर्यजनक रूप से न केवल हरियाणा में लगातार तीसरी बार विजय पाई, बल्कि उसका यह प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा। किसी पार्टी ने अब तक इस ग्रामीण-प्रभुत्व वाले राज्य में लगातार तीसरी बार विजय पाई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस, शिवसेना-उद्धव तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा के बीच सीट-साझे पर बातचीत जारी है।

हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को सीट-साझा फार्मूले के प्रति ज्यादा विनम्रता दिखानी चाहिए तथा उसे चुनाव के पहले उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री घोषित करने की शिवसेना की मांग पर गंभीरता से विचार भी करना चाहिए। जहां तक हरियाणा विधानसभा चुनाव का सवाल है, आप को हरियाणा में एक भी सीट नहीं मिली और उसे लगभग केवल 1.78 प्रतिशत वोट ही मिले। लेकिन यदि कांग्रेस ने आप से गठबंधन किया होता तो ये वोट निश्चित रूप से 'इंडिया' को मिलते। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा है कि कांग्रेस ने छोटी पार्टियों तथा उनके द्वारा किए जा रहे गठबंधन प्रयासों को अनदेखा किया। तृणमूल कांग्रेस, आप, शिवसेना-उद्धव, नेशनल कान्फ्रेंस, राजद, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तथा अन्य ने कांग्रेस की आलोचना की है कि वह अपनी गलतियों के कारण हरियाणा में पराजित हुई। शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' ने अपने संपादकीय में बुधवार को कहा, 'किसी ने नहीं सोचा था कि हरियाणा में भाजपा सरकार फिर आ जाएगी।

ऐसा लगता है कि कांग्रेस के अति-आत्मविश्वास तथा स्थानीय कांग्रेस नेताओं का घमंड पार्टी की पराजय का कारण बना।' ऐसे में महाराष्ट्र और झारखंड में सीट-साझा के लिए लोकसभा चुनाव का फार्मूला दुहराना जरूरी हो गया है। अब अधिकांश सहयोगियों के साथ सीट-साझे में कमजोर पड़ चुकी कांग्रेस का वर्चस्व नहीं रहेगा। 'इंडिया' गठबंधन में व्याप्त वर्तमान सोच से कांग्रेस के अपने सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित होंगे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अप्रत्याशित एवं अभूतपूर्व पराजय से स्पष्ट है कि अब विपक्ष हालिया विधानसभा चुनावों में पराजय के और झटके झेलने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में कांग्रेस को मुख्यत: उन 286 सीटों पर ही ध्यान देना चाहिए जहां वह भाजपा के साथ सीधी लड़ाई में है।

हालांकि, 2024 के लोकसभा चुनाव में संयोग से कांग्रेस का भाजपा के खिलाफ 'स्ट्राइक रेट' 29 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जबकि यह 2019 में केवल 8 प्रतिशत था। इस संदर्भ में यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि 2024 में कांग्रेस ने केवल 286 सीटों पर भाजपा से मुकाबला किया, जबकि इन सीटों की संख्या 2014 में 370 थी। कांग्रेस को 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में अपने साझीदारों के साथ मित्रतापूर्ण संबंधों के कारण ही विजय मिली थी। वर्तमान समय में गठबंधन को व्यापक बनाए रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस पर है। उसे यह अवश्य समझना चाहिए कि कोई साझीदार चाहे बड़ा हो या छोटा, उसके लिए जरूरी है।

कांग्रेस ने अतीत में अनेक 'चिंतन शिविर' आयोजित किए हैं, पंचमढ़ी और शिमला इनके अच्छे उदाहरण है। वर्तमान समय की जरूरत है कि लोकसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन के बावजूद हरियाणा विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित व अभूतपूर्व पराजय के बाद कांग्रेस ऐसा ही एक और चिंतन शिविर आयोजित करे।

व्यापक परिदृष्य को समझना आवश्यक

> सरल शब्दों में कहें तो वृहद परिदृष्य का अर्थ होता है किसी चीज़ को उसकी संपूर्णता में जानना।

अजित कुमार बिश्नोई
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

यह बड़ा परिदृष्य क्या है, जिसका उल्लेख आध्यात्मिक वार्तालापों में मिलता है? सरल शब्दों में कहें तो इसका अर्थ है किसी चीज़ को उसकी संपूर्णता में जानना। उदाहरण के लिए, हम अपने बारे में बहुत विस्तार से जानना चाहते हैं, यानी हम कौन हैं; हम कहाँ से आए हैं; हम कहां जा रहे हैं; इत्यादि। इन और कई अन्य प्रश्नों का उत्तर तब मिल सकता है जब हम सब कुछ के स्रोत, यानी ईश्वर, जो सब कुछ है, के पास जाएं। (भगवद-गीता 7.19) हम, आत्माएं, उनके अंश हैं (15.15); हम शाश्वत रूप से विद्यमान हैं; हम वर्तमान में भौतिक शरीर में हैं।

ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हम केवल उसी के योग्य थे। स्वर्ग जैसे श्रेष्ठ ग्रह हैं और निश्चित रूप से, वैकुंठ - ईश्वर का ग्रह (15.6)। हमारा मूल्यांकन कैसे किया जाता है? यह पूरी तरह से कर्मों (हमारे कर्मों) पर आधारित है, जो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों हैं। हममें से अधिकांश लोग मुख्य रूप से भौतिक कार्यों में लगे रहते हैं।

हम कभी-कभार मंदिर जाना, आध्यात्मिक चर्चा सुनना आदि जैसे आध्यात्मिक कार्यों का थोड़ा प्रतिशत कर सकते हैं। ये सभी उच्चतम ग्रह, यानी वैकुंठ जाने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

हम पृथ्वी ग्रह पर जन्म लेते रहते हैं और कभी-कभार स्वर्ग जाते हैं। इन सब में भगवान की क्या भूमिका है? भगवान हम जो कुछ भी देखते हैं, उसके निर्माता हैं; वे इसके नियंत्रक भी हैं। तार्किक रूप से, भगवान को बड़ी तस्वीर पता होनी चाहिए। वे जानते हैं; भगवान सर्वज्ञ हैं। वे भूत, वर्तमान और भविष्य को भी जानते हैं। जिस तरह हमारा वर्तमान हमारे भूतकाल का परिणाम है, उसी तरह हमारा भविष्य हमारे वर्तमान का परिणाम होगा।

भगवान जानते हैं कि हम अपनी स्वतंत्र इच्छा का उपयोग कैसे करेंगे क्योंकि यह हमारे स्वभाव से प्रभावित होता है - हमारे भाग्य का हिस्सा। चूंकि सृष्टि बहुत लंबे समय तक चलने वाली है, इसलिए इसकी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण का प्रयोग किया जाना चाहिए। भगवान ऐसा करते हैं। वे अपनी सहायता के लिए दिव्य प्राधिकरण का उपयोग करते हैं; यह उनके पर्यवेक्षण के तहत काम करता है। (9.10) वे बदले में हमारे कर्म के आधार पर हमें पुरस्कृत और दंडित करते हैं। संयोग जैसा कुछ नहीं है, हमारे साथ जो कुछ भी होता है वह पहले से ही तय होता है। संक्षेप में, नियंत्रण के तीन स्तर हैं। ईश्वर मुखिया है। फिर दिव्य सत्ता आती है और अंत में, यह भौतिक प्रकृति है, जिसे ईश्वर ने गतिमान किया है। इसी तरह हमारे पास मौसम, बारिश आदि होते हैं। स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें इसके साथ तालमेल बिठाकर रहना चाहिए। हमारे सभी कार्य 'युक्त' होने चाहिए, यानी 'धर्म' के रूप में जाने जाने वाले सर्वोच्च सिद्धांतों के अनुसार उचित। ये नियम स्वयं ईश्वर द्वारा बनाए गए हैं। हमारी आत्मा के विस्तृत विवरण और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए हम ईश्वर से कैसे मदद ले सकते हैं, इसके बिना बड़ी तस्वीर पूरी नहीं होगी। हम बहुत हैं, पृथ्वी ग्रह पर ही आठ अरब से अधिक।

निश्चित रूप से, हम छोटे हैं और हमें हर समय मदद की ज़रूरत है, खासकर ईश्वर से, जो केवल बड़ी तस्वीर को जानता है। वर्तमान जीवनकाल समाप्त होने के बाद हम स्थानांतरित हो जाते हैं, जो कि पूर्वनिर्धारित है। जीवन की गुणवत्ता हम सभी के लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

दुर्भाग्य से, हम इसे भौतिक वस्तुओं से चाहते हैं, जो कभी संतुष्ट नहीं होती हैं। हमें दूसरों की सेवा करनी चाहिए ताकि बदले में दूसरे हमारी सेवा करें। हम अपने जीवन की गुणवत्ता कैसे सुधार सकते हैं? हमें वास्तविकता को स्वीकार करके शुरुआत करनी चाहिए। यहीं से हमारे जीवन में बड़ी तस्वीर प्रवेश करती है, जो कुछ भी हम अपनी सीमाओं के साथ जान सकते हैं।

इसमें ब्रह्मांडीय डिजाइन को स्वीकार करना और ईश्वर और उसकी व्यवस्था में विश्वास रखना शामिल है। हमें जो कुछ भी करना है, उसमें अच्छा बनने की कोशिश करनी चाहिए; हम आम तौर पर जानते हैं कि वह क्या है। हमें दूसरों के लिए उपयोगी होना चाहिए, अन्यथा दुनिया को हमारा कोई उपयोग नहीं होगा। हमें सहनशील होने की आवश्यकता है, क्योंकि पृथ्वी ग्रह कोई स्वर्ग नहीं है, लेकिन यह एक एकाग्रता शिविर भी नहीं है। एक व्यक्ति का जीवन काफी अच्छा हो सकता है।

आप की बात

सैनी का शपथग्रहण

मीडिया में आ रही तमाम आशंकाओं, संभावनाओं एवं अपेक्षाओं को दरकिनार करते हुए महर्षि वाल्मीकि जयंती दिवस पर नायब सिंह सैनी सरकार ने हरियाणा में पदभार ग्रहण कर यथासंभव संतुलित मंत्रिमंडल बनाया है। जातिगत समीकरणों का ध्यान रखते हुए इसमें महिलाओं को भी समुचित स्थान दिया गया है। अप्रत्याशित एवं अभूतपूर्व रूप से हरियाणा में राज्य गठन के बाद पहली बार लगातार तीसरी बार सरकार बनाने वाली नवनिर्वाचित भाजपा सरकार से जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ गई हैं। भाजपा की इस उपलब्धि के पीछे पिछले दो कार्यकाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के नेतृत्व में उसका शानदार काम रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का इस संबंध में यह कथन उल्लेखनीय है कि प्रत्येक गांव को पिछले दस साल में कम से कम आठ करोड़ रुपये की विकास परियोजनायें मिली हैं। हरियाणा के इतिहास का यह परिवर्तनकारी मोड़ इसलिए भी है क्योंकि लंबे समय तक हरियाणा की राजनीति आयाराम-गयाराम परिघटना के कारण बदनामी की शिकार रही है। नायब सिंह सैनी सरकार के समक्ष अवसर है कि वे पूरे देश और दुनिया के सामने ग्रामीण व शहरी विकास तथा जन-कल्याण में सामंजस्य बैठाने का माडल पेश करने का प्रयास करें।

युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

असम एकार्ड को मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6.। की संवैधानिकता पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि असम में अवैध प्रवासियों की समस्या को देखते हुए दो कटऑफडेट रखना सही है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से निचली अदालतों को नागरिकता संबंधी मामलों को निपटाने मैं पूरी सहायता मिलेगी साथ ही साथ ही इससे संबंधित संस्थाएं भी सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के हिसाब से निर्णय ले सकेंगी। इस प्रकार सर्वोच्च न्यायालय ने असम एकार्ड को मंजूरी दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला भारत में अवैध घुसपैठियों के प्रति कठोर दृष्टिकोण भी व्यक्त करता है। वास्तव में पूर्व पूर्वी-पाकिस्तान और बाद में बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ भारत के लिए समस्या रही है। कुछ निहित स्वार्थी नेताओं ने अपने संकुचित दलगत स्वार्थों के लिए ऐसी घुसपैठ को बढ़ावा दिया। इन अवैध घुसपैठियों ने भारतीय जनता के संसाधनों पर गलत ढंग से कब्जा किया। कोई भी संप्रभु देश ऐसी घुसपैठ बर्दाश्त नहीं कर सकता है। असम समझौते पर सर्वोच्च न्यायालय ने मुहर लगा कर भारत की एकता-अखंडता को मजबूत किया है। उम्मीद करनी चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला दूरगामी सिद्ध होगा।

- सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

न्याय की नई देवी

अंग्रेजों के जमाने से स्थापित न्याय की देवी की मूर्ति की आँखों से पट्टी तथा हाथ से तलवार प्रधान न्यायाधीश वाई.वी. चंद्रचूड़ के कार्यकाल में हटा दी गई है। अब न्याय की देवी की आंखें खुली रहेंगी और बाएं हाथ में तलवार के स्थान पर संविधान की पुस्तक होगी। दोनों पक्षों को बराबर सुनने की प्रतीक तराजू उसके दाहिने हाथ में पहले की तरह है। न्याय की देवी की मूर्ति में किया गया बदलाव भारतीयता के अनुरूप बताया जा रहा है। हालांकि, संविधान की व्याख्या तथा न्याय की देवी की निष्पक्षता पर विवाद उठ सकते हैं। पुराने प्रतीक के पक्ष में भी अनेक लोग रहे हैं। न्याय की देवी की आंखों पर बंधी पट्टी का पहले भी मजाक उड़ाया जाता रहा है, लेकिन यह निष्पक्षता का प्रतीक भी रही है। तलवार का अर्थ अपराधियों को कठोर दंड देना रहा है, अब उसकी अनुपस्थिति का क्या अर्थ निकाला जाएगा? संविधान की व्याख्या सत्तारूढ़ लोगों की सोच पर निर्भर करती है। बाबा साहब अंबेडकर ने पहले ही चेतावनी दी थी कि संविधान का क्रियान्वयन और व्याख्या उसे लागू करने वाले की न्यायप्रियता, विवेक और निष्पक्षता पर निर्भर करता है। वर्तमान परिस्थितियों में न्याय की नई देवी बहस का विषय बनी रहेंगी।

-शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

कनाडा की राजनीति

कनाडा में अगले वर्ष चुनाव होने हैं और वहां जस्टिन त्रूदो की सरकार के प्रति स्थानीय जनता की नाराजगी को देखते हुए उसके फिर से सत्ता में आने के कोई आसार नहीं बचे हैं। ऐसे में वे कनाडा में बड़ी संख्या में बसे सिख समुदाय के वोटों के लिए खालिस्तान-समर्थक कनाडाई नागरिकों को शह दे रहे हैं। त्रूदो ने भारत सरकार पर अपने नागरिकों की हत्या के बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत के खिलाफ जहर उगला है। अमेरिका के भी कुछ अधिकारी बिना किसी सबूत के भारत के खिलाफ बयानबाजी करने लगे। अमेरिका भी जानता है कि खालिस्तानियों ने भारत को कई जख्म दिए हैं। इंदिरा गांधी की हत्या तक में भी खालिस्तान-समर्थक उग्रवादियों का हाथ था। भारत द्वारा कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुलाना उचित है। कनाडा के साथ पश्चिमी देशों के राजनेताओं को समझ लेना चाहिए कि अब भारत की बागडोर मजबूत हाथों में है और वह अकारण किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। उम्मीद है कि कनाडा की जनता आतंकवादी खतरे को समझेगी।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित, नव निर्वाचित सांसद बघेल का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के आयोजनकर्ता योगेश तिवारी ने सभी अतिथियों का किया आभार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शरद पूर्णिमा के अवसर पर माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ. कार्यक्रम का आयोजन सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी द्वारा किया गया. प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं नवनिर्वाचित सांसद विजय बघेल का सम्मान हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल. विशिष्ट अतिथि विधायक दीपेश साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा राजेंद्र शर्मा उपस्थित थे. रात्रि 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में सभी कवियों ने एक-एक कर प्रस्तुति दी. इस दौरान श्रोता गण रात भर डटे रहे. सैकड़ो श्रोता बड़े ही उत्साह और आनंद से कार्यक्रम देख रहे थे।

सांसद विजय बघेल ने योगेश तिवारी के जन सरोकार के कार्य की तराना की

सांसद विजय बघेल ने योगेश तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे हमेशा जन सरोकार के कामों में लगे रहते हैं। योगेश तिवारी से पारिवारिक संबंध है। योगेश तिवारी ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होता है कि इस तरह के आयोजन की निरंतरता बनी रहे। इस अवसर पर दो समाजसेवी संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिसमें राम रसोई व सहयोग संस्था शामिल है। राम रसोई को 20 में भर पेट खाना देने व सहयोग संस्था को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए सम्मानित किया गया।

इन कवियों ने लोगों को गुदगुदाया, अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय कवि हुए शामिल

कार्यक्रम में कवियों में पद्म श्री सुरेंद्र दुबे अंतरराष्ट्रीय हास्य व्यंग, वंदना शुक्ला श्रृंगार रस प्रयागराज उत्तर प्रदेश, पद्मलोचन शर्मा मुहफट पैरोडी किंग राजनांदगांव, शशि भूषण स्नेही हास्य एवं गीतकार बिलाईगढ़, रामानंद त्रिपाठी हास्य व्यंग्य बेमेतरा आदि ने रात भर श्रोताओं को गुदगुदाया। इस अवसर पर अजय मिश्रा, गिरीश गबेल, पीयूष शर्मा हर्ष तिवारी, आदित्य सिंह राजपूत, राजेश दत्त दुबे, सुरेश पटेल, नीतू कोठारी, नंदू गुप्ता, वैभव तिवारी, बंसी राठी, सुदर्शन वैष्णव, नारद साहू, नरेश साहू, जीवन गायकवाड, अश्वनी मानिकपुरी, मनोज सिन्हा,यशवंत टंडन, नरेश राय, टोपेंद्र सोनवानी, अभिनव राजपूत आदि उपस्थित थे।

क्षेत्र के विकास से होता है व्यक्ति का विकास : निवेन्द्र सिंह टेकाम

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडीलोहारा में राज दशहरा का कार्यक्रम राज परिवार के सानिध्य में संपन्न हुआ है। राजकुमार लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम के आमंत्रण पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सलाहकार तुलसी कौशिक शामिल हुए। जिनका पारंपरिक रीति रिवाज से राजभवन में सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएम सलाहकार तुलसी कौशिक ने जनसभा को संबोधित करते हुए वर्षों से चली आ रही परंपरा को सहेज कर रखने के लिए नगरवासियों को बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति ही हमारी पहचान है। उन्होंने युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजकुंवर जितने सुंदर हैं, उतना ही सुंदर उनका स्वभाव है। पीढ़ियों से चली आ रही जनसेवा की भावना को बखूबी से आगे बढ़ा रहे हैं। जो बेहद प्रशंसा योग्य है।

हर त्योहार उत्साह के साथ मनाया जाएगा : टेकाम

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे युवराज लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम ने कहा कि डौंडीलोहारा क्षेत्र में हर त्योहार उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस बार मंडाई का आयोजन भी भव्य तरीके से होगा। उन्होंने कहा कि हर आयोजन में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी होना आवश्यक है। तब समाज आगे बढ़ेगा और समाज के आगे बढ़ने से ही क्षेत्र का विकास होगा। क्षेत्र के विकास से ही व्यक्ति का विकास संभव हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान नूतन दुर्गाउत्सव समिति और अतिथियों के द्वारा छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोककला मंच लोकरंग अर्जुन्दा के संचालक आनंद दीपक चंद्राकर का सम्मान किया गया। इस दौरान अनूपचंद त्रिलोक चंद ज्वेलर्स के संचालक त्रिलोकचंद बरडिया, एसपी सरजुराम भगत, एडिशनल एसपी अशोक जोशी एवं राजभवन के सहयोगी अरुण उपाध्याय, निखिल शर्मा, सतीश विश्वकर्मा, संजय सोनी, देव पटेल, विशाल मोटवानी, महावीर सिंह, सोमेंद्र देशमुख, थानेश यादव, मोहन निषाद, मनीष राजपूत, प्रणव साहू, हीरा छेदाम, चंदन पटेल, उत्तम छेदाम, भूपेंद्र, रिखी, प्रेमप्रकाश यादव, फग्गन मंडावी, नितिन यादव, गिरीश देवांगन, आदित्य साहू, जय सिंह मरकाम एवं नगर के प्रमुख समाजसेवी मौजूद रहे।

कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव आज

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

छग मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज का केन्द्रीय अध्यक्ष का चुनाव रविवार को होगा। मतदान अधिकारियो का चुनाव प्रशिक्षण केन्द्रीय निर्वाचन समिति के सदस्य ललित बिजौरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी केदार कश्यप एवं युगल किशोर आडिल राज प्रधान पाटन राज के द्वारा दिया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी केदार कश्यप ने 20 अक्टूबर को होने वाले केन्द्रीय अध्यक्ष चुनाव के संदर्भ में अवगत कराते हुए कहा कि यह चुनाव लोकतांत्रिक प्रणाली से लोकसभा एवं विधानसभा के तर्ज पर पूरे छ. ग. में होने जा रहा है। हमें पूरी पारदर्शिता के साथ केंद्र के निर्देशो का पालन करते हुए शान्ति पूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने की बहुत बड़ी जवाबदारी है। जिसे आप सबके सहयोग से संभव हो सकेगा। केदार कश्यप ने आगे बताया कि पाटन राज में कुल स्वजातीय गांवों की संख्या 81 कुल मतदान केंद्रों की संख्या 58 राज में कुल मतदाता की संख्या 10020 जिसमें 5120 पुरूष एवं 4900 महिला मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 20 अक्टूबर दिन-रविवार की सुबह 8 बजे 3 बजे तक मतदान करेंगे। बूथों पर मतगणना 3:30 से 6:बजे तक होगा। बूथों से मतगणना का संकलन राज के निर्धारित केन्द्रो पर शाम 6: बजे से होगा। सहायक निर्वाचन अधिकारी पाटन राज द्वारा मतगणना पत्रक का गोश्वारा बनाकर वाट्सअप या मेल के माध्यम से केन्द्रीय कार्यालय को भेजा जाएगा। फिर वहाँ से परिणाम की घोषणा की जाएगी। चुनाव शान्ति पूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए 250 चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। 4 पर्यवेक्षक बनाया गया है। केन्द्र एवं राज द्वारा अधिकृत पर्यवेक्षक ही मतदान केंद्र के अंदर निरीक्षण कर सकेंगे। अनाधिकृत व्यक्तियो का प्रवेश मतदान केंद्रों के भीतर वर्जित रहेगा। प्रशिक्षण में विशेष रूप से केंद्रीय निर्वाचन सदस्य ललित बिजौरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी केदार कश्यप, राजप्रधान युगल किशोर आडिल, चुनाव समिति के सदस्य दानेश्वर वर्मा, बीरेन्द्र वर्मा, पुरेन्द्र वर्मा, महेन्द्र वर्मा, दुष्यंत वर्मा, डूमन वर्मा,ओमप्रकाश वर्मा, राजेश वर्मा, हिरेन्द्र वर्मा, दीना वर्मा, राकेश आडिल, पुष्पा वर्मा, अभिषेक वर्मा,छन्नूलाल वर्मा, ईश्वर वर्मा, काजल वर्मा,राजेश्री वर्मा,शिवकुमार वर्मा,झालाराम वर्मा,उमाशंकर वर्मा, बीरेन्द्र बंछोर, सुरेन्द्र वर्मा, उदयकरण बिजौरा, अरुण वर्मा, दिनेश कश्यप, प्रेमनारायण वर्मा,नरेंद्र नायक, सुनील वर्मा, सहित स्वजातीय गन उपस्थित थे।

कौन सुनेगा फरियाद जाएं तो जाएं कहां, छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद विजय बघेल तक लगाई मार्मिक गुहार

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

निकटस्थ ग्राम पंचदेवरी की सरपंच सतकुमारी सोनके व पंच राजूलाल जांगड़े द्वारा प्रेस वार्ता कर महेश रात्रे पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ढौर (खेरधी) निवास स्थान पंचदेवरी के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महेश रात्रे शासकीय कर्मचारी है इसके बावजूद उन्होंने अपने पद का दुरूपयोग करते हुए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाना, फर्जी आबादी पट्टा बनाना, पैसा गबन करना एवं पंचायत सचिव पद का फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करना इस प्रकार के कई फर्जी कामों को उनके द्वारा अंजाम दिया गया है तथा अपनी पत्नि सरस्वती रात्रे जनपद पंचायत धमधा अध्यक्षा के पद की धौस दिखाकर अधिकारियों पर दबाव डालते हुए इन सारे फर्जी कार्यों की कार्यवाही नहीं करने देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हमने महेश रात्रे के खिलाफ जितने आरोप लगाए हैं, हमारे पास सभी फर्जी कार्यों के साक्ष्य उपलब्ध हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से महेश कुमार रात्रे पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ढौर (खेरधी) को पंचायत सचिव के पद से बर्खास्त कर जेल भेजने की कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महेश रात्रे पंचायत सचिव द्वारा बहुत सारे फ र्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए गए हैं जिसकी शिकायत के बाद जांच में एस. डी. एम. धमधा द्वारा फर्जी साबित किया गया है। जिसका अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए जिला पंचायत सी.ई.ओ. को पत्र प्रेषित किया गया है किन्तु आज लगभग दो वर्षों से उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिसकी सूचना छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद विजय बघेल को दी गई, जिसको गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर दुर्ग को उक्त प्रकरण के कार्यवाही के संबंध में पत्र लिखा गया है, किन्तु जिसकी जाँच आज तक अधिकारियों द्वारा नहीं किया जा रहा है ।

ग्राम पंचदेवरी के पंच, सरपंच और ग्रामीणों ने पंचायत सचिव तथा जनपद अध्यक्ष पर लगाए गंभीर आरोप, कार्यवाही न होने पर जताई नाराजगी

पंचायत सचिव द्वारा अपने पिता के नाम से सरकारी घास जमीन का फर्जी आबादी पट्टा बनाया गया है, जिसको कलेक्टर द्वारा निरस्त कर अतिक्रमण हटाने के लिए आदेशित किया गया था। नायब तहसीलदार द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान पंचायत सचिव एवं जनपद अध्यक्ष के द्वारा कार्य में व्यवधान उत्पन्न किया गया, और आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। जिसका प्रमाण नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर बनाया गया पंच नामा का साक्ष्य मौजूद है, साथ ही सामाजिक जैतखाम के सामने शासकीय भूमि का फर्जी आबादी पट्टा बनाया गया है, जिसकी जाँच के पश्चात तहसीलदार द्वारा उक्त भूमि निस्तार पत्रक के आधार पर उसे आम रास्ता बताया गया है । ग्राम पंचायत गोढ़ी में शौचालय निर्माण की राशि 2 लाख 40 हज़ार रू. गलत ढंग से किसी व्यक्ति विशेष को भुगतान किया गया है । जबकी सामाग्री क्रय का बिल श्री सांई ट्रेडर्स, मुरमुंदा के नाम है, जबकि शौचालय निर्माण की राशि का भुगतान हितग्राहियों को अब तक नहीं किया गया है । तात्कालीन समय में महेश कुमार रात्रे ग्राम पंचायत गोढ़ी का पंचायत सचिव था। जिसके सबंध में आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्राम पंचायत गोढ़ी में पंचायत सचिव द्वारा किसी व्यक्ति विशेष के खाते में राशि भेजने को लेकर कई बार चेक काटा गया है लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है। राजीव गांधी मितान क्लब के नाम से बिना किसी खेलकूद की गतिविधियों के 92 हजार राशि खाते में डलवा कर निकाल लिया गया। इसके अलावा भी ग्रामीणों द्वारा कई गंभीर आरोप लगाए लगाए हैं एवं कार्यवाही न होने पर नाराजगी जताई गई है । ग्रामीणों ने पत्रकार वार्ता में कहा है कि उनके पास सभी के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध होने के बाद भी आखिर आज तक शासन प्रशासन इन पर कार्यवाही क्यों नही कर पा रही है यह एक गंभीर प्रशनात्मक विषय है । उन्होंने कहा कि हमें न्याय नहीं मिलने के कारण मजबूर होकर प्रेस वार्ता के माध्यम से इसकी जानकारी दी जा रही है। हाल ही में हमने इसकी शिकायत जिला कलेक्टर और संभागायुक्त दुर्ग से भी की है । प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से सतकुमारी सोनके सरपंच, राजुलाल जांगडे (पंच), रविशंकर सोनके, हेमंत यादव, कृष्ण कुमार डहरिया, नंदकुमार ठाकुर, रामस्वरूप विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा एवं तिलक महिलांग सहित ग्राम के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

जिला साहू संघ अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ का मासिक बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

साहू छात्रावास भवन मोहभट्ठा रोड बेमेतरा में संपन्न हुआ ,जिसमें अधिकारीट्ठ कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला बेमेतरा द्वारा वार्षिक कार्य योजना के सुचारू क्रियान्वयन की समीक्षा की गई एवं आगामी माह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित करने संबंधी निर्णय लिया गया जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री माननीय अरुण साव ,विधायक द्वय दीपेश साहू बेमेतरा एवं ईश्वर साहू की साजा की उपस्थिति हेतु एवं उनके मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु सहमति बनी साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जिले में विभिन्न विभागों में पदस्थ समाज के अधिकारी गणों का भी सम्मान समारोह एवं उनके मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को भी आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया ।हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का भी आयोजन किए जाने सहमति बनी ।बैठक की अध्यक्षता नलेश्वर साहू संरक्षक अधिकारीट्ठ कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ ने की ।बेमेतरा तहसील साहू संघ अधिकारीट्ठ कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक नानकराम साहू जी ने अपने सारगर्भित विचार में समाज के लोगों से आह्वान किया कि अधिकारी ,कर्मचारी बनकर वेतन भोगी होकर जिस समाज में पैदा हुए हैं उसी समाज के उत्थान के लिए कार्य करना ना भूलें ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला साहू संघ अधिकारी ट्ठकर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक हीरालाल साहू ने अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी समाज का अधिकारी, कर्मचारी उस समाज की रीढ़ की हड्डी होती है वह बुद्धिजीवी होते हैं और वह निर्णय लेने में भी सक्षम होते हैं अतः उनके विचारों, व्यक्तित्व और कृतित्व का लाभ समाज को मिले तभी हमारा अधिकारी कर्मचारी होना सार्थक होगा। अन्यथा अपना पेट और परिवार तो सभी जीव पाल लेते हैं, उनके विचारों को बैठक में बहुत सराहना मिली ।इसी बैठक को प्रतिमाह तृतीय रविवार को शाम को 3:00 बजे करने का प्रस्ताव पारित किया गया जिसमें किसी भी अधिकारी कर्मचारी को पृथक से सूचित नहीं किया जाएगा ,बैठक में उपस्थिति हेतु अपना सामाजिक कर्तव्य मानकर उपस्थित होंगे और समाज को दिशा देने में तन मन धन से सहयोग करेंगे ऐसी अपेक्षा की गई। बैठक में अधिकारियों सहित कर्मचारी गण भी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

बोलेरों की ठोकर से बाईक सवार की मौत

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

18 अक्टुबर की दोपहर 3:30 बजे के लगभग कच्चे माइंस में चलने वाली बोलेरो के चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हुए मोटरसाइकिल CG 24 E 928 को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे मोटर साइकिल चला रहे जगत राम ठाकुर 58 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल और बोलेरो के चपेट में आने से स्कूटी चालक उत्तम कोठारी घायल हो गए। इस दुर्घटना से उनके पैर की हडडी फैक्चर हुई। पास ही खेल रही एक बच्ची दौड़ जाने के कारण बच गई नहीं तो वह भी चपेट में आ सकती थी। घटनाक्रम इस प्रकार से है क्रिकेट ग्राउंड के तरफ से तेज रफ्तार आ रहे बोलेरो के ड्राइवर जो कि पंडर दल्ली के तरफ जा रहा था सामने जा रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी और पंडरदल्ली से क्रिकेट ग्राउंड तरफ जा रही स्कूटी चालक को भी चपेट में ले लिया द्य बोलेरो चालक लगभग कंट्रोल से बाहर होते हुए 100 मीटर पहले ही ब्रेक लगाया, जिसकी टायर के खींचने की निशान रोड पर है और अंततः जाकर मोटरसाइकिल और स्कूटी को चपेट लेते हुए पास के बने हुए गैराज को ठोकर मार दी। घटना स्थल पर देखकर ही ऐसा लगता है की बोलेरो की रफ्तार कितनी तेज रही होगी। बोलेरो चालक राजहरा बाबा क्षेत्र के पास निवासी बताया जा रहा हैं। पुलिस प्रशासन को घटना की सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर बोलेरो चालक को पड़कर जांच हेतु ले गए तथा घायल उत्तम कोठारी एवं मृतक जगत राम ठाकुर को बीएमपी हॉस्पिटल ले गये। बीएसपी प्रशासन की उच्च अधिकारी घटनाक्रम की जानकारी लेने घटनास्थल के बाद बीएसपी हॉस्पिटल पहुंचे थे। बीएसपी माइंस के अंदर चलने वाले बीएसपी कर्मचारियों के रिटायरमेंट होने से उनकी जगह अब ठेका श्रमिकों ने ले ली है अधिकतर ठेका श्रमिक नौजवान रहते हैं कई बार देखा गया है कि नशे में उनके द्वारा गाड़ी चलाई जाती है तथा ठेका श्रमिक जो अन्य विभागों में भी कार्यरत हैं नशे में रहते हैं। उन पर बीएससी प्रशासन कभी कार्यवाही नहीं करता।

रोटी कपड़ा और मकान सब की चिंता करती है हमारी सरकार : विजय

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

अपने जन्म दिन के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास का उद्घाघाटन करने का सौभाग्य मिला अपने जन्म दिन पर किसी को उसका घर का चाबी देना ये भी मेरे लिए एक खुश किस्मत की बात है उक्त बातें करते हुए बेमेतरा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कोबिया निवासी भाई धर्मेन्द्र वर्मा और उनका परिवार घर का चाबी पाकर बहुत खुश नजर आये उनके परिवार मे खुशी से सब झूम उठे बता दें कि जिस दिन विजय सिन्हा का जन्म दिन था उसी दिन सिंहा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कोबिया वार्ड निवासी धर्मेन्द्र वर्मा को घर पूर्ण होने पर चाबी सौंपा विजय सिन्हा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना जन जन तक पहुंच रहे हैं मुख्यमंत्री विष्णु देव के सुसाशन से प्रदेश मे चाहु मुखी विकाश की गंगा बह रही हैं चारो तरफधर्म की जयकारा हो रही हैं हमारी सरकार सब के लिए रोटी कपड़ा और मकान की चिंता करती है एवं बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के प्रयास से बेमेतरा सज सवर रहा है बेमेतरा एक नया शहर बनेगा जिससे लोगो को रोजगार के नये अवसर सृजन होगा इस अवसर पर राजेश शर्मा राकेश मोहन शर्मा विकाश तम्बोली संतोष वर्मा साधे लाल बघेल सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

शाला प्रबंधन विकास समिति कुगदा की अध्यक्षा बनी पूर्णिमा धीवर

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में शाला प्रबंधन विकास समिति का नवगठन किया गया । पूर्णिमा धीवर को समिति अध्यक्षा बनाया गया तथा समिति हेतु सदस्य राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकन्डे पार्षद सत्यनगर वार्ड 22 कुगदा व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई, माखन लाल कोसरिया सांसद प्रतिनिधि, छबीराम यादव पूर्व पार्षद, करेज ध्रुव, त्रिलोचन सोनवानी, संतराम साहू, रमा मिश्रा, रेखा खुटेल के साथ विद्यालय के प्राचार्य सोमेन कुन्डू, उप प्राचार्य एस. के. देवांगन, सी.पी. देवांगन व्याख्याता, धनकुंवर कंवर व्याख्याता, बी. डहरिया आदि वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाओं को भी समिति का सदस्य बनाया गया।

पीएम आवास योजना में देवादा के एक भी हितग्राही का चयन नही होने से ग्रामीणो में रोष

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

पाटन ब्लाक के ग्राम पंचायत देवादा में एक भी ग्रामीणो को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला है।जिसके कारण सरपंच उर्वशी वर्मा ने ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन मुकेश कोठारी को ज्ञापन सौप कर आवास जल्द से जल्द स्वीकृत करने की मांग की है। मांग करने वाली में महिला हितग्राहियों में मीना वर्मा नीलम वर्मा परमेश्वरी वर्मा ऋतु वर्मा उषा वर्मा बदरा वर्मा रूखमणी साहू पूर्णिमा कामड़े रूपा कुमारी अंशुविया यादव कल्याणी यादव श्यामा राम यादव कुंती तरनी बध्वंतीन रजनी विश्वकर्मा सहित ग्रामीण जन प्रमुख थी। इस अवसर पर सरपंच उर्वशी वर्मा ने कहा कि ग्राम देवादा में प्रधानमंत्री आवास योजना 2024 के तहत एक भी आवास स्वीकृत नही होने पर हितग्राही नाराजगी जाहिर कर रहे है। इसलिए हम लोग मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन को ज्ञापन सौप कर जल्द से जल्द आवास की सुविधा ग्रामीणों को मिले इसकी मांग किया है।

दीपावली निमित्त आश्रम में हजारों जरूरतमंद भंडारे से हुए लाभान्वित : सोनू साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर में स्थित आशाराम आश्रम बेमेतरा में प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी आशाराम बापू के पावन प्रेरणा से ओंकारानंद महराज के सानिध्य में एक दिवसीय गीता भागवत सत्संग, शरद पूर्णिमा दर्शन एवं आश्रम के आसपास गाँवो के हजारों गरीब जरूरमंद परिवारों में दिपावली के निमित्त दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें वस्त्र, कंबल, चॉवल, बाल्टी, दियाट्ठ बाती, तेल, शक्कर, साड़ी, शर्ट, मिठाई, जीवनुपयोगी सामग्री एवं समिति द्वारा नगद राशि दक्षिणा भेंट किया गया। सोनू साहू युवा सेवा संघ ने बताया कि सन 2021 से यह सेवा शरद पूर्णिमा के दिन प्रारंभ हुई थी। पूज्य बापूजी के आशीर्वाद से वर्ष भर यहां अनगिनत सेवा कार्य सम्पन्न होते है। जिसमें वृक्षारोपण, स्कूलों में विद्यार्थी शिविर, गीता जयंती प्रतियोगिता, तुलसी पूजन, मातृ-पितृ पूजन दिवस, श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष दीपावली पर्व पर गरीब, जरूरतमंद परिवारों में भंडारे का आयोजन कराते है। और संत आशारामजी बापू के सेवा कार्यो से आम जनमानस को अवगत कराया जाता है। इस अवसर पर समिति के संरक्षक भगवती साहू, भुवन साहू, हेमलाल साहू, अयोध्या यदु, ढारेंद्र साहू, कन्हैया साहू, गणेश पटेल, नंदू बघेल, अनूप यादव, विक्रम साहू, सोनू साहू, प्रदीप साहू, मनोज साहू, कुश कश्यप, यमन देवांगन, सिद्धांत चौहान, दानेश्वर साहू, मनोज श्रीवास, विद्या दीदी, मुक्ता दीदी, लक्ष्मी, हेमलता, वाशनी दीदी और महिला मंडल के बहने भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बौद्ध समाज द्वारा धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास समापन मनाया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास समापन का कार्यक्रम बुद्ध विहार शिवनगर कुम्हारी में सम्पन्न हुआ। भा. बौ. महासभा कुम्हारी की अध्यक्षा प्रेमलता डोंगरे ने तथागत बुद्ध व बोधिसत्व डॉ. बी. आर. अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। उपासिका वंदना गायकवाड़ के नेतृत्व में जनसमुदाय ने सामूहिक पंचशील ग्रहण किया गया। इस अवसर पर प्रेमलता डोंगरे ने कहा बाबा साहब अम्बेडकर हमारे मुक्तिदाता हैं। धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर उन्होंने अपने लाखों अनुयाइयों के साथ नागपुर में बौद्ध धम्म की दीक्षा ली थी। विशेष अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता मुकुंद राठोड़ ने धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस पर हार्दिक बधाई देते हुए सभी को बाबा साहब अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया । विशिष्ट अतिथि सुरेश वाहने ने बुद्ध के मानवीय प्रसंगों पर अपनी बात रखी । पूर्व अध्यक्षा करूणा मेश्राम ने वर्षावास की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। उपासक नरेश खोब्रागड़े ने बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान को स्मरण करते हुए उद्बोधन दिया। बुद्ध विहार में वांछित सामग्रियों के लिए दान देने वाले उपासक-उपासिकाओं का समाज की ओर से आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में मैत्री भोज का आयोजन रखा गया, जिसमें सात्विक भोजन का जन समुदाय ने आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक किशन बोरकर ने व आभार प्रदर्शन उपासिका नलिनी पारेकर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बौद्ध समाज के अनुयाई उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से अन्नु ताई शिवनकर, सावित्री बाई सहारे, हंसराज गजभिए, डिगम्बर टेंभेकर, वंदना पाटिल, सुनिता साखरे, ललिना जाम्बुलकर, पूजा जनबंधु, प्रतिमा जनबंधु, अनिता जनबंधु, पंचशीला सहारे आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मचांदूर में मेगा पीटीएम में उमड़ी पालको की भीड़ बालक पालक और शिक्षक ने की बच्चों के हित मे चर्चा

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

बालक,पालक और शिक्षक की नींव को मजबूत करने के उद्देश्य से मचांदुर में मेगा पी टी एम का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक सत्र का यह द्वितीय मेगा पी टी एम था। जिसमें शाला में पढ़ने वाले समस्त बच्चों के पालकों को आमंत्रित किया गया । इसमें ग्राम प्रमुख के अतिरिक्त शाला प्रबंधन समिति तथा मध्याह्न भोजन समिति के सभी सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना में से एक मेगा पी टी एम का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मचांदुर में किया गया। इस बैठक में शाला परिवार ने विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। जिसमें सर्वप्रथम माध्यमिक शाला के संस्था प्रमुख पूर्णिमा साहू द्वारा पालकों से बुनियादी चर्चा के साथ -साथ विद्यालय की आगमी प्रगति तथा वर्तमान रूपरेखा साझा की गई। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक अंजू गोस्वामी द्वारा प्राथमिक विभाग के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम तथा बच्चों के गुणोत्तर प्रयास पर चर्चा की गई । शिक्षक मिलिंद चन्द्रा द्वारा बच्चों में अनुशासन की गंभीरता, त्रैमासिक परीक्षा परिणाम को प्रस्तुत किया गया साथ ही साथ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी शिक्षा में साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के गंभीर विषय से पालकों को अवगत कराया गया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका दुलारी ठाकुर द्वारा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, न्योता भोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षिका कविता देवांगन द्वारा स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषकतत्व से भरपूर आहार के महत्वपूर्ण मुद्दे पर तथा बढ़ती उम्र में होने वाले मानसिक, व्यावहारिक, शारीरिक परिवर्तन पर विशेष ध्यान आकर्षित कराया गया। मंच संचालन के साथ - साथ शिक्षिका खेमलता गोस्वामी द्वारा प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों की एकाग्रता, बच्चों के बहुआयामी प्रगति पर सुयोग्य प्रयास तथा उल्लास कार्यक्रम के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षिका प्रेमलता साहू द्वारा पालकों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनकी समस्या को समझने तथा शिक्षा केंद्रित अध्ययन पर प्रतिदिन पालकों का ध्यानाकर्षण कराने पर चर्चा की गई। ग्राम सरपंच दिलीप साहू द्वारा पालकों को शिक्षण का महत्व समझाते हुए प्रतिदिन पालकों को बच्चों से शैक्षिक संवाद, गृहकार्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर बात रखी गई। ग्राम प्रमुख दिलीप साहू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि कोई पालक शैक्षिक क्रियाओं, शैक्षिक गतिविधियों या बच्चों की प्रगति से संतुष्ट नहीं है तो वह सीधे विद्यालय आकर अपनी बात कभी भी रख सकते है। हम सभी बच्चों की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। ग्राम उप सरपंच गजेंद्र साहू ने इतनी बड़ी संख्या में सभी उपस्थित पालकों को नमन किया साथ ही साथ शाला परिवार को इस भव्य उपस्थिति हेतु बधाई प्रेषित की। उपसरपंच गजेंद्र साहू जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पालकों की सक्रियता उनकी शत प्रतिशत उपस्थिति इस बैठक की सफलता को पूर्ण करती है। अन्य विद्यालयों में पालकों की उपस्थिति कम होती है किंतु मचांदुर में पालकों की उपस्थिति उनकी सक्रियता प्रशंसनीय है। पालकों को बुलाने की लिए इस बार आमंत्रण पत्र के माध्यम से किए गए नवाचार ने शत प्रतिशत उपस्थिति देखने को मिली। विधायक प्रतिनिधि बैसाखु राम साहू ने पालकों को नैतिक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कराया। बच्चों को अनावश्यक पैसे न देने, बच्चों द्वारा किए जाने वाले खर्चे, व बुरी संगत व अन्य व्यसन पर अंकुश लगाने की बात रखी। प्रधान पाठक पूर्णिमा साहू ने विद्यालय की अधोसंरचना के साथ साथ भविष्य में शाला में क्लब व लैब बनाने की बात रखी। प्रधान पाठक ने शासन की रणनीतियों से संबंधित बच्चों के लिए रोचक कहानी, पॉडकास्ट बनाने, लोक कलाकार के माध्यम से सर्वांगीण विकास की बात साझा की जिसमें पालकों ने अपनी सहमति जताई।

ग्राम के नव युवाओं द्वारा विभिन्न विषयों में शिक्षा दान किया जा रहा है इस दिशा में शिक्षा सारथी हेमा साहू, ऋतु साहू की समस्त पालकों ने सराहना की। विद्यालय में पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी रहती है इस समस्या को समिति के सम्मुख रखने पर पालकों ने सहर्ष आर्थिक सहयोग के लिए तैयार हुए। इस क्रम में दयालु राम यादव की ने 1000 रुपए तथा कुंती यदु जी ने 500 रुपए, चंद्रकला देवांगन , हेमा ठाकुर, संगीता देवांगन, तारिणी देवांगन, पिकेश्वरी साहू प्रत्येक ने 101 रुपए की सहायता राशि सहर्ष प्रदान किए। इस बैठक में प्राथमिक विभाग से शिक्षक नरेश मंडावी, सविता डहरिया, लेखन साहू,हीरामन साहू, लक्ष्मी साहू, महेश साहू, युगल साहू, चंद्रकला यदु, नीता साहू, देवेंद्र गोस्वामी की गरिमामयी उपस्थिति थी।

भूमि के क्रय-विक्रय एवं नामांतरण पर लगी रोक, अधिग्रहण की कार्यवाही जारी

- मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने परियोजना के संबंध में ली रिपोर्ट और अधिकारियों की प्रशंसा पर दी बधाई।

पायनियर संवाददाता ◄ चिरमिरी
www.dailypioneer.com

नागपुर हॉल्ट रेल परियोजना के विस्तार हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही जारी है जिसमें रेल परियोजना के भूमि अधिग्रहण के अंतर्गत कुल 05 ग्राम खैरबना, सरोला, बंजी, चित्ताझोर एवं चिरईपानी प्रस्तावित है। जानकारी के अनुसार चिन्हांकित ग्राम में खैरबना प्रस्तावित खसरा नंबर 345, 346, 347, 335, 336, 334, 333, 343, 337, 338, 339, 319, 344/1, 344/2, 341/1, 341/2, 320, 340, 322/9, 322/7. 322/5, 322/8, 322/4, 322/1, 322/6, 322/2, 328/1, 328/2, 329, 327, 321, 295/1, 295/2, 288, 295/3, 295/7, 295/4, 295/5, 295/6, 294, 266/2, 291, 289, 287, 286, 285, 283, 281, 282, 277, 278, 276/1, 276/2 276/3, 276/4, 276/5, 276/6, 276/7, 279, 275, 280, 274, 273, 348, 351, 284, 318 कुल खसरा 67, ग्राम सरोला प्रस्तावित खसरा नंबर 113/3, 111, 108/1, 110, 116, 115, 113/2, 112, 101/3 कुल खसरा 09, ग्राम बंजी - प्रस्तावित खसरा नंबर 109/3, 109/4, 109/8, 109/11, 109/19, 109/20, 109/21, 109/22, 109/29, 109/30, 109/31, 109/32, 109/33, 109/34, 111/1, 111/2 111/3, 111/4, 111/5, 111/6, 111/7, 111/8, 105, 104, 106, 6/1, 6/4, 6/5, 27/3, 5/1, 5/5, 5/6, 5/8, 15/3. 39/1, 39/2, 39/3, 39/4, 39/5, 38/1, 38/3, 37/1, 37/2, 37/3, 4/3, 4/4, 4/5 कुल खसरा 47, ग्राम चित्ताझोर प्रस्तावित खसरा नंबर 01/1, 61/2, 62, 64/1, 64/2, 64/3, 64/4, 58, 57/5, 57/7, 57/8, 133/6, 133/7, 133/8, 42, 59, 60/1, 60/2, 60/3, 63, 66 कुल खसरा 21, ग्राम चिरईपानी प्रस्तावित खसरा नंबर 167, 169/3, 160/4, 169/5, 169/6, 169/9, 109/10, 160/11, 169/12, 160/13, 169/14, 119/2, 120, 121, 122, 123/2, 124, 125/2, 111/3, 111/6 111/11, 111/12, 21/18, 21/20, 22/21, 33/1, 33/2, 33/3, 33/4, 33/5, 35, 36, 37/2, 37/3, 37/4. 38/1, 38/2, 39/1, 175/1, 183 कुल खसरा 40 शामिल हैं। उपरोक्त सभी प्रस्तावित भूमि पर आगामी आदेश पर्यन्त तक खरीदी-बिक्री, नामांतरण, खाता विभाजन एवं अन्य प्रयोजन में परिवर्तित करने पर रोक लगाई गई है।

युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी की उपस्थिति में किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आयुक्त बिलासपुर संभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली के निर्देशानुसार पीएम स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार बावरे की उपस्थिति में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में मुंगेली, लोरमी एवं पथरिया तीनों विकासखण्ड के प्रतिभागियों ने बड़े उत्साहपूर्वक भाग लिये। जिसमें मुंगेली विकासखण्ड से पीएम सेजेस दाऊपारा एवं बीआर साव.उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम स्कूल मुंगेली के चयनित प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विपक्ष के प्रतिभागियों द्वारा वर्तमान ज्वलंत मुद्दों पर लोकसभा की भांति युवा संसद प्रतियोगिता में स्वास्थ्य, शिक्षा, वित्त, कृषि, संचार, कानून से संबंधित प्रश्न पूछे गए। जिसमें कृषि फसलों के समर्थन मूल्य, एक देश एक चुनाव, महिला सुरक्षा, साइबर क्राईम जैसे विषयों पर बेबाकी से प्रश्न किया। जिसका संबंधित विभाग के मंत्रियों द्वारा जवाब दिया गया। उक्त प्रतियोगिता मे एपीओ आकाश परिहार, प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव, पी.सी.दिव्य एवं अरुण जायसवाल ने सराहनीय योगदान किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले उक्त प्रतियोगियों में से 40 का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बिलासपुर हेतु किया गया। इस अवसर पर प्रभारी व्याख्याता उमाशंकर साहू व्याख्याता पंकज मिश्रा, आर.के.वैष्णव, दिनेश घोषले, अशोक यादव, हेमलता यादव, श्रीमती एम ध्रुव, पियुषा चैधरी, राजेन्द्र प्रसाद साहू ने प्रशंसनीय सहयोग किया।

मिशन अस्पताल बैतलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, सोनोग्राफी मशीन की जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिला प्राधिकृत अधिकारी, पीसीपीएनडीटी एक्ट कलेक्टर मुंगेली के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुंगेली डॉ. प्रभात चंद्र प्रभाकर के मार्गदर्शन में पीसीपीएनडीटी एक्ट अंतर्गत इंवाजिकल मिशन अस्पताल बैतलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सोनोग्राफी मशीन की जानकारी ली गई तत् संबंध में उक्त सोनोग्राफी मशीन संचालित करने हेतु 30 सितंबर .2019 को लाईसेस प्रदाय किया गया था जिनकी वैद्यता 29 सितंबर 24 तक थी। सोनोग्राफी मशीन की वैद्यता समाप्त होने के बाद संस्था प्रबंधन द्वारा सोनोग्राफी मशीन बंद करने की सूचना कार्यालय में प्रस्तुत की गई। पीसीपीएनडीटी एक्ट के नियमानुसार सोनोग्राफी मशीन की वैद्यता समाप्त होने के कारण 16 अक्टुबर 24 को डॉ. कमलेश खैरवार, जिला नोडल अधिकारी, पीसीपीएनडीटी एक्ट, डॉ. रविशंकर प्रसाद देवांगन, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी, श्रीमती सरस्वती बघेल, प्रभारी लिपिक एवं हॉस्पिटल में उपलब्ध कर्मचारियों की उपस्थिति में सोनोग्राफी अस्थाई रूप से सीलबंध किया गया है एवं मान्या इमेजिंग एण्ड डायग्नोस्टिक पांईट करही मुंगेली के संचालक द्वारा अवगत कराया गया है कि विगत माह से सोनोग्राफी मशीन को संचालित करने हेतु चिकित्सक उपलब्ध नही है। चिकित्सक उपलब्ध नही होने पर पीसीपीएनडीटी एक्ट टीम द्वारा सोनोग्राफी मशीन को अस्थायी रूप से सीलबंध करने की कार्यवाही की गई ।

छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद ने संचालित वाणी वाचन थेरेपी सेंटर में 100000 परिषद के बच्चों हेतु दान दिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित वाणी वाचन थेरेपी सेंटर में परिषद की कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन के प्रयासों से अलका अमेरिका निवासरत द्वारा अपने माताश्री इंदु बाई पाटनी के दीर्घायु की कामना करते हुए अपने भतीजे प्रतीक जैन के माध्यम से 100000 परिषद के बच्चों हेतु दान दिया गया। प्रतीक द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित वाणी वाचन थेरेपी सेंटर का अवलोकन किया एवं थेरेपी सेंटर की प्रशंसा की गई। वह आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। परिषद की कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन द्वारा उनका श्रीफल शॉल से सम्मान किया गया।

एमओ ईएफसीसी की मंजूरी के बिना भारत में सर्जिकल रोबोट सहित नवीनीकृत उपकरणों का आयात गंभीर विनियामक उल्लंघन और रोगी सुरक्षा के लिए जोखिम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों की बढ़ती प्रवृत्ति रोगी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जोखिम प्रस्तुत करती है और इन उपकरणों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत फाउंडेशन का पैशेंट सेफ्टी एंड एक्सेस इनिशिएटिव (पीएसए आईआईएफ) ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की, जिसमें नवीनीकरण किए गए चिकित्सा उपकरणों के आयात में कई उल्लंघनों और अनुपालन की कमी का हवाला दिया गया। अदालत के आदेशों के अनुसार, पीएसएआईआईएफ को हाल ही में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशालय (डीजीएचएस) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओ ईएफसीसी) से प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई हैं। भारत में चिकित्सा उपकरण नियम, 2017 के तहत नवीनीकृत उपकरणों सहित चिकित्सा उपकरणों पर कड़े नियामक निगरानी के तहत नियंत्रण किया जाता है। ये नियम सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं कि चिकित्सा उपकरणों को बाजार में आने से पहले कठोर सुरक्षा और प्रभावशीलता मानकों को पूरा करना चाहिए। हालांकि, सीटी स्कैनर, एमआरआई मशीनें, अल्ट्रासाउंड उपकरण, प्रयोगशाला उपकरण और सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम जैसे नवीनीकरण किए गए उपकरणों का आयात बिना उचित प्रमाण पत्र के बढ़ता हुआ चलन देखा गया है। इससे एक ऐसा ढांचा बनता है जो भारत की आत्मनिर्भरता को खतरे में डालता है और मरीजों की सुरक्षा के लिए संभावित जोखिम पैदा करता है। एआईएमईडी, एफआई सीसीआई और कई घरेलू कंपनियों जैसे संघों ने भारत में नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों के आयात का विरोध किया और सरकार से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया। याचिका में पर्याप्त सबूत पेश किए गए, जिसमें एक कंपनी का हवाला दिया गया। इंट्यूटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, इंट्यूटिव सर्जिकल इंक की एक सहायक कंपनी जिसने कथित तौर पर 2019 से 250 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के नवीनीकृत उपकरणों का आयात किया।

हास्पिटल निरीक्षण के दौरान कार्यरत् स्टॉफ एवं मरीजों का केसशीट का अवलोकन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह रोगोपचार संबंधि स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2010 अंतर्गत पर्यवेक्षी प्राधिकारी, नसिंग होम एक्ट कलेक्टर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जांच की गई। इसी कडी में सिद्धिविनायक हास्पिटल बैतलपुर चन्द्रखुरी का निरीक्षण डॉ. प्रभात चद प्रभाकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुंगेली डॉ0 कमलेश खैरवार, जिला नोडल अधिकारी, नर्सिंग होम एक्ट, डॉ0 रविशंकर प्रसाद देवांगन, जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी जिला मुंगेली द्वारा किया गया। हास्पिटल निरीक्षण के दौरान कार्यरत् स्टॉफकी जानकारी ली गई। जांच टीम के द्वारा हास्पिटल के ऑपरेशन थियेटर का निरिक्षण किया गया। जांच के दौरान संस्था प्रबंधन द्वारा ऑपरेशन थियेटर का कल्चर रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किया गया। हास्पिटल में ऑपरेशन किये गये मरीजों का केसशीट का अवलोकन किया गया। केसशीट पर एनेस्थिसिया नोट्स एवं एनेस्थिसिया लगाने वाले चिकित्सक की जानकारी नहीं दी गई। ऑपरेशन केसशीट एवं एनेस्थिसिया चिकित्सक की जानकारी प्रस्तुत नहीं करने के कारण 17 अक्टुबर को सिद्धिविनायक का ऑपरेशन थियेटर को उपरोक्तानुसार चिकित्सकों की उपस्थिति में सीलबंद किया गया है।

दिव्यांगता पर आधारित पुस्तक ''दिव्यांगता - चुनौतियों से अवसर तक'' का विमोचन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगता पर आधारित पुस्तक दिव्यांगता चुनौतियों से अवसर तक'' का विमोचन किया। इस महत्वपूर्ण कृति को सु के. शारदा, प्रीति शांडिल्य और डॉ. अभिनव मिश्रा ने सह-लेखक के रूप में तैयार किया है। यह पुस्तक छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, संसाधनों और सुविधाओं का व्यापक विवरण प्रस्तुत करती है।

इसके अतिरिक्त, यह दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया, दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं और अधिकारों से संबंधित जानकारी प्रदान करती है। समाज में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से यह पुस्तक शिक्षकों और दिव्यांगजनों के परिवारजनों को प्रशिक्षण देने और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने पर भी केंद्रित है। इसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों के दिव्यांगजनों की 15 प्रेरणादायक कहानियों को भी शामिल किया गया है, जो उनकी अदम्य इच्छाशक्ति, चुनौतियों पर विजय और असाधारण धैर्य की मिसाल पेश करती हैं। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक के लेखकगण सु के. शारदा एवं मती प्रीति शांडिल्य शासकीय विद्यालयों में शिक्षिकाएं हैं, जबकि डॉ. अभिनव मिश्रा एक पत्रकार हैं। दुर्ग जिले की सु के. शारदा, जो स्वयं भी दिव्यांग हैं, को हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है।

धमतरी जिले की शासकीय विद्यालय की शिक्षिका मती प्रीति शांडिल्य को राज्यपाल पुरस्कार 2024 के लिए चयनित गया है। वहीं, डॉ. अभिनव मिश्रा को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अंग्रेजी पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों के लिए सराहा जा चुका है।

नई महिला चौपाटी, हाई मास्क लाइटों, गार्डन, भारत माता एवं अटल के निर्माण एवं गांधी चौक के सौन्दर्यीकरण और चौपाटी से संवरेगा पंडरिया नगर

विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से पंडरिया नगर को मिली 2.35 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं को देखते हुए लगातार विकास कार्य किये जा रहें हैं। पंडरिया विधानसभा में भी विधायक भावना बोहरा के निरंतर प्रयासों से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार निर्माण कार्यों की सौगात क्षेत्रवासियों को मिल रही है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद पंडरिया के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना विकास व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद के तहत 19 विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 35 लाख 62 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके पूर्व भी नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए, नगर पंचायत पांडातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए एवं नगर पंचायत इंदौरी हेतु 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। विधायक भावना बोहरा ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के नेतृत्व में आने वाले समय में पंडरिया सहित पूरे प्रदेश का दस गुना तेजी से विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार काम कर रही है। केवल 10 माह में मोदी की गारंटी में किये अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकाँक्षाओं अनुरूप कार्य किये जा रहें हैं, ध्रुव गति से अधोसंरचना विकास के साथ ही मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं पर भी जमीनी स्तर पर कार्य किये जा रहें हैं, जिसका सकारातमक परिणाम दिखाई दे रहा है। पंडरिया विधानसभा में भी विकास की लहर दिखाई दे रही है, हर गाँव-गली में समृद्धि व खुशहाली आ रही है। विगत पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार की अनदेखी और जनविरोधी नीतियों से हमारा पंडरिया विधानसभा विकास से कोसो दूर हो गया था केवल कुछ ही महीनों में अब भाजपा सरकार में वहां विकास तीव्र गति से आगे बढ़ रही है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में भी इन सभी विकास कार्यों और जनता की सुविधाओं एवं अपने वादों को जिस प्रकार भाजपा सरकार ने निभाया है एवं प्रदेश के युवा, महिला, किसान तथा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया है उससे हमें पूर्ण विश्वास है कि नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनावों में भाजपा प्रचंड विजय हासिल करेगी। जनता के मन में भी भी इसके प्रति विश्वास अभी से देखा जा रहा है, कि भाजपा जो कहती है वह करती है। महिलाओं को 1000 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहयता, किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस का भुगतान, 3100 रुपए में धान खरीदी, गन्ना किसानों का पूर्ण भुगतान, युवाओं के लिए रोजगार तथा शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को 46 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करके मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हर व्यक्ति एवं वर्ग की आकाँक्षाओं को पूरा करने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले समय में पंडरिया विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी नगरीय निकाय एवं जिला पंचायत चुनाव में अपने इन्हीं जनसरोकार एवं क्षेत्र के विकास के लक्ष्यों के साथ बड़ी जीत हासिल करेगी। यह तो अभी केवल शुरुआत है, आने वाले समय में सौन्दर्यीकरण, तालाबों व उद्यानों का जीर्णोद्धार जैसे कई विकास कार्यों की सौगात डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में पंडरिया विधानसभा में हम सभी को देखने को मिलेगा। केवल दस माह में जिस प्रकार से पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ ही हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है उससे निश्चित ही पंडरिया विधासनभा सहित पूरे प्रदेश में नगरीय निकाय व जिला पंचायत चुनाव में भाजपा ऐतिहासिक जीत का पताका लहराएगी।

नगर पालिका पंडरिया में 19 विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

पंडरिया विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से वित्तीय वर्ष 2024-25 अधोसंरचना मद के तहत नगर पालिक पंडरिया अंतर्गत नई महिला चौपाटी निर्माण लागत 31.30 लाख, पुरानी चौपाटी रेनोवेशन कार्य लागत 46.17 लाख, भारत माता चौक सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 21.08 लाख, ध्वजा चौक निर्माण लागत19.95 लाख, वार्ड क्र. 10 भाड़ी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 16.00 लाख, गांधी चौक सौन्दर्यीकरण कार्य लागत 15.54 लाख, हाई मास्ट लाईट स्थापना लागत 11.23 लाख, वार्ड क्र. 08 घोघरा पारा में सर्वमांगलिक भवन निर्माण लागत 10.00 लाख, यात्री प्रतिक्षालय गांधी चौक के पास लागत 9.44 लाख, वार्ड क्र. 01 मुक्तिधाम में सी.सी. रोड निर्माण लागत 8.00 लाख, मोतिमपुर में जैतखाम से नाला तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य लागत 7.49 लाख, रौहा में धनीराम के घर से बैसाखु के घर तक सी.सी. रोड निर्माण लागत 6.16 लाख, वार्ड क्र 14 में सामुदायिक भवन में मंच निर्माण लागत 5.00 लाख, वार्ड क्र. 06 शनिदेव मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5.00 लाख, वार्ड क्र. 15 दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण लागत 5.00 लाख, कुबा खुर्द में हैण्ड पम्प से पुत्री निषाद के घर तक नाली निर्माण लागत 4.88 लाख, देवपुरा में सहेतरिन के घर से अन्नपूर्णा के घर तक नाली निर्माण लागत 4.88 लाख, वार्ड क्र. 04 प्रहलाद गुप्ता के घर से परमात्मा साहू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण लागत 4.50 लाख, वार्ड क्र. 04 महामाया मंदिर से बरगद पेड़ तक सी.सी. रोड निर्माण लागत 4.00 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है।

श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल सांइस ने शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र लाभांड़ी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी डस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल सांइस रायपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र (यूएचटीसी) लाभांडी में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एमबीबीएस बैच 2023 के विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की मेडिकल आफिसर, सभी नर्स स्टाफ, सामुदायिक चिकित्सा विभाग से असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अनुप्रिया झा, डॉ. भाव्या मेडिकल सोशल वर्कर मनोज साहू एमबीबीएस बैच 2023 के छात्र-छात्राएं साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र में आए मरीज व उनके परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये दूसरे कड़ी में उन्होंने दिखाया कि ग्रामीण महिलाएं इलाज के लिए बैगा व झाड़-फूंड वालो से पहले संपर्क करती है जिसके कारण समय पर इलाज न मिलने से गंभीर स्थिति उत्पन्न होती है। कई बार मौत भी हो जाती है, जिसके कारण परिवार में लोगों के मानसिक स्वास्थ्य भी खराब रहता है, नशा करने पर भी मानसिक स्वास्थ प्रभावित होता है। उपस्थित सभी लोगो ने नुक्कड़ नाटक को ध्यानपूर्वक देखा व आनंद लिया। स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी ने नुक्कड़ नाटक के आयोजन के लिए श्री बालाजी मेडिकल कालेज की सराहना की। उन्होंने समय-समय पर अलग-अलग विषयों मे ऐसे आयोजन करने के लिए आग्रह भी किया।

नन्ही रिकॉर्ड होल्डर बेटियों को मुख्यमंत्री ने दिया आशीर्वाद

6 वर्षीय भव्या को अविष्कारकों और 3 वर्षीय भविषा कोटडिया को 100 देशों की राजधानियों का नाम याद है

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय में 6 वर्षीय भव्या और 3 वर्षीय भविषा कोटडिया अपने माता-पिता के साथ मुलाकात की। भव्या को अविष्कारकों के नाम और 3 वर्षीय भविषा को 100 देश की राजधानियों के नाम कंठस्थ है। भव्या के नाम आविष्कारों के नाम सुनकर उनके अविष्कारकों का नाम सबसे तेजी से बताने का वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस दर्ज है, भव्य ने 1 मिनट 35 सेकंड में 50 अविष्कारकों के नाम बताकर यह उपलब्धि हासिल की है। इसी तरह भविषा के नाम 2 मिनट 21 सेकंड में 100 देश की राजधानियों के नाम बताने का रिकॉर्ड वर्ल्डवाइड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स में दर्ज है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन नन्ही बेटियों की इतनी छोटी उम्र में मिली इस बड़ी उपलब्धि के लिए उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इन बच्चियों के पिता गौरव कोटडिया ने मुख्यमंत्री साय को अपनी बेटियों की उपलब्धियां की जानकारी देते हुए उनके प्रमाण पत्र और मेडल दिखाएं। इस अवसर पर बच्चियों की माता नमिता कोटडिया भी उपस्थित थीं।

बिलासपुर को मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित करने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला बिलासपुर में मार्च 2024 की स्थिति में कुल 524 दोनों आंखों से मोतियाबिंद के सभी मरीजों का सफलतापूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन किया गया है। सीएमएचओ ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले को दोनों आंखों से मोतियाबिंद की सूची नेत्र सहायक अधिकारियो द्वारा प्राप्त हुई है। इसके बाद जिला बिलासपुर को दोनों आंखों से मोतियाबिंद मुक्त जिला घोषित किया जाना है। जिले को दोनो आंखों से मोतियाबिंद मुक्त ग्राम सरपंच, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, सेक्शन प्रभारी/सेक्टर प्रभारी, नेत्र सहायक अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) से पूर्व में मोतियाबिंद मुक्त ग्राम का प्रमाण पत्र लिया गया था। वर्तमान मे मोतियाबिंद मुक्त ग्राम का प्रमाण पत्र पुनः लिया जा रहा है। सीएमएचओ ने कहा कि इस संबंध में आम नागरिक जो दोनों आंखों से मोतियाबिंद पीड़ित हैं, से अपील की जाती है कि आगामी 07 दिवस के भीतर उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जिला चिकित्सालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में सम्पर्क कर जिला चिकित्सालय, बिलासपुर, छत्तीसगढ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में एवं 8 एनजीओ हॉस्पिटल जूनेजा आई हॉस्पिटल, जय अम्बे नेत्रालय, मार्क हॉस्पिटल, वेगस हॉस्पिटल, संकल्प आई हॉस्पिटल, श्रीनाथ नेत्रालय, यूनिटी हॉस्पिटल नोबल हॉस्पिटल बिलासपुर में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन का लाभ ले।

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत बच्चों को दिया गया पोषण संबंधी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत के अन्तर्गत अक्टूबर माह के तृतीय शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला अमोदी में स्कूली बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक गुलजार बरेठ ने बच्चो को पोषण संबंधी जानकारी साझा करते हुए कहा कि संतुलित भोजन से शरीर को सही पोषण मिलता है और शारीरिक और मानसिक विकास होता है। भोजन में जरूरत के हिसाब से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स के अभाव में शरीर कमजोर हो जाती है, बीमारियां होने लगती है और शरीर कुपोषित हो जाती है। थकान, कमजोरी, चक्कर आना, शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता में कमी होना, मसूड़ों में सूजन और खून बहना, दांतों का टूटना, त्वचा का शुष्क और स्केलयुक्त होना, उम्र और शरीर के लम्बाई के अपेक्षा में वजन का कम होना ये सभी कुपोषण के लक्षण है। आहार में पौष्टिक भोजन को शामिल कर, जंक फूड न खा कर, संतुलित भोजन लेकर, भोजन में दाल और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करके, कुपोषित बच्चों को डॉक्टरी इलाज करके, विद्यालय में नियमित हेल्थ चेकअप करके, समय-समय पर टीकाकरण करके, मध्यान्ह भोजन में मेन्यू के हिसाब से भोजन परोसकर कुपोषण को दूर किया जा सकता है। कुपोषण से बचने के लिए सभी बच्चो को पौष्टिक भोजन करने, जंक और फास्ट फूड से दूर रहने तथा नियमित व्यायाम करने का सलाह दिया गया।

रेडक्रॉस समिति द्वारा किया गया स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

शासकीय अरविंद महाविद्यालय किरन्दुल एवं शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय विद्यानगर में रेडक्रास समिति द्वारा स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदत्त सेनेटरी नेपकिन का निःशुल्क वितरण किया गया। मौके पर रेडक्रास प्रभारी प्राध्यापक बिंदु ठाकुर के मार्ग दर्शन में रेडक्रास प्रतिनिधि छात्राओं ने पूर्ण सहयोग दिया। अरविंद महाविद्यालय किरन्दुल की प्रार्चाया डॉ तनजीन आरा खान ने इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को मासिक धर्म से संबंधित स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर जानकारी प्रदान किया, इस अवसर पर रेडक्रास समिति की प्रभारी एवं विद्यानगर प्राचार्या उमा ठाकुर ने छात्राओं को सेनेटरी नेपकिन के उपयोग को स्वास्थ्यजनक बताते हुए। स्वच्छता ही स्वास्थ्य जागरूकता की नींव है। यह जानकारी प्रदान करते हुए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता की ओर प्रेरित किया गया।

अस्पताल में संक्रमण रोकथाम की जिम्मेदारी हम सबकी : डॉ. खरे

अम्बेडकर अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में अंतरराष्ट्रीय संक्रमण रोकथाम सप्ताह (आईआईपीडब्ल्यू/ इंटरनेशनल इन्फेक्शन प्रिवेंशन वीक) का आयोजन अस्पताल के टेलीमेडिसिन हाल में किया गया। यह कार्यक्रम अम्बेडकर अस्पताल के इन्फेक्शन कंट्रोल विभाग के डॉक्टरों एवं नर्सिंग टीम के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य अस्पताल में संक्रमण की रोकथाम एवं इसको फैलने से रोकने के उपायों के बारे में लोगों को जागरूक और शिक्षित करना है। इन्फेक्शन कंट्रोल वीक के इस वर्ष की थीम मूविंग द नीडिल ऑन इन्फेक्शन प्रिवेंशन थी जिसका अर्थ संक्रमण की श्रृंखला को तोड़कर संक्रमण की रोकथाम पर ध्यान केंद्रित करना है। कार्यक्रम में अस्पताल के समस्त नर्सिंग और पैरामेडिकल स्टॉफ ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जैसे रंगोली, पोस्टर मेकिंग और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल के विभिन्न आईसीयू, वार्ड और ओपीडी में स्वच्छता बनाए रखने एवं संक्रमण प्रसार को रोकने की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले नर्सिंग इंचार्ज एवं उनकी टीम को सम्मानित किया गया। नीडल स्टिक इंजरी हो जाने पर उसके त्वरित प्रबंधन पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी इस मौके पर किया गया। मेडिसिन विभाग के डॉ. आर. एल. खरे ने कार्यक्रम में पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से बताया कि अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोकने की जिम्मेदारी हम सबकी है, हम सबको लगातार इस दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। सबकी साझेदारी एवं सामूहिक जिम्मेदारी से ही हम संक्रमण की रोकथाम कर सकते हैं। हैंड हाइजीन, एंटीमाइक्रोबियल स्टीवर्डशिप, वैक्सीनेशन, वातावरणीय स्वच्छता, पीपीई किट, नीति और नेतृत्व की प्रतिबद्धता और नये नवाचारों तथा उन्नत प्रौद्योगिकी के जरिए अस्पताल में संक्रमण के प्रसार को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि कैथेटर एसोसिएटेड यूटीआई, सेंट्रल लाइन एसोसिएटेड ब्लड स्ट्रीम इन्फेक्शन, वेंटिलेटर एसोसिएटेड न्यूमोनिया और सर्जिकल साइट इन्फेक्शन का डॉक्यूमेंटेशन कर मरीजों को अस्पताल अर्जित संक्रमण से बचाया जा सकता है। सहायक नर्सिंग अधीक्षक डॉ. नंदा रंगारी ने बताया कि इन्फेक्शन प्रिवेंशन की छोटी-छोटी आदतों के जरिए हम इन्फेक्शन को कंट्रोल कर सकते हैं। सतत निगरानी, स्पष्ट संक्रमण नियंत्रण नीतियां और उन्नत स्टरलाइजेशन तकनीकियों को अपनाकर मरीजों को स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संक्रमणों और कई अन्य संक्रामक खतरों से बचा सकते हैं। वर्तमान में अम्बेडकर अस्पताल में इन्फेक्शन कंट्रोल विभाग कार्यरत है जिसमें इन्फेक्शन कंट्रोल ऑफिसर के रूप में सभी विभाग के विभागाध्यक्ष एवं इन्फेक्शन कंट्रोल नर्सेस के रूप में पांच नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी के मार्गदर्शन में यह विभाग अस्पताल में संक्रमण रोकथाम की दिशा में लगातार कार्यरत है। इस विभाग का उद्देश्य मानक संक्रमण नियंत्रण सावधानियों (एसआईसीपी) जैसे हैंड हाइजिन (हाथ की स्वच्छता), व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई), रेस्पिरेटरी हाइजिन एंड कफ एटिक्वेट (श्वसन स्वच्छता और खांसने का शिष्टाचार), इंजेक्शन लगाने का सुरक्षित तरीका (सेफइन्जेक्शन प्रैक्टिस), अस्पताल की सफाई और संक्रमण की निगरानी को अपनाकर स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संक्रमणों और अन्य संक्रामक खतरों से बचाना है।

बीजापुर जिले से कुल 16 विद्यार्थी जूनियर रेडक्रास जम्बूरी मे शामिल होने दुर्ग रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले से से 4 स्कूलों से कुल 8-8 छात्र एवं छात्राएं कुल 16 बच्चे एवं 1 महिला कांउसलर 1 पुरुष काउंसलर एवं 1 प्रभारी कुल 19 लोग दुर्ग कैम्प मे शामिल होने कलेक्टर से मिलकर रवाना हुए। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बच्चों से अपने कक्ष मे कैम्प से संबधित चर्चा के दौरान बच्चों को हर प्रतियोगिता मे सीखने के तौर से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जीत हार होती रहती है, किन्तु राज्य के सभी जिले से आये बच्चों से प्रतियोगिता के माध्यम से कुछ सीखने को मिलता है और सीखना महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने बच्चो को हमेशा अनुशासन में रहकर अपने दायित्वों को पूरा करने अपने शिक्षकों प्रभारियों के निर्देशों का पालन करने सहित शिविर में शामिल होने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कड़ी मेहनत से बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

बीजापुर जिले के चारों विकास खण्डों में पहुंचविहीन क्षेत्र होने के कारण मोबाईल नेटवर्क नहीं है। ऐसे गांवों मे शासन के महत्वाकांक्षी योजनाओं को पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से कड़ी मेहनत और चुनौतियों का सामना करके आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया की जा रही है। ताकि शासन निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ पहुंचविहीन क्षेत्र के ग्रामीण भी उठा सके इसके लिए नेटवर्क विहीन क्षेत्रों में दूसरे गांव जहां नेटवर्क है। वहां जाकर ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। नेटवर्क विहीन गांव ग्राम फुलादी, पुजारी, कांकेर, मुरकीनार, मलेपल्ली, नेंड्रा, चिपुरभट्टी पुसबाका, टेकमेटला, सेण्ड्रा, केरपे, सागमेटा जैसे विभिन्न गांवो में स्वास्थ्य विभाग के टीम के साथ आयुष्मान ऑपररेटर उपस्थित होकर आयुष्मान कार्ड बना रहे है। ग्रामीणों में आयुष्मान कार्ड बनवाने के प्रति उत्सुकता भी नजर आ रहे है।

गिरिराज रेन बसेरा में आंख जाला का 16वां शिविर संपन्न

शिविर के आयोजक सहित अनेकों लोगों ने लगातार 16 महीनों तक करवाई आंखो की जाला सफाई

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com

शहर के होटल गिरिराज रेन बसेरा स्टेशन रोड में 19 अप्रैल 2023 को आंख जाला सफाई शिविर का शुभारंभ हुआ था, तथा लगातार 16 महीनो तक यह शिविर कंटिन्यू 19 तारीख को ही प्रत्येक महीने आयोजित होता रहा एवं 19 अक्टूबर 2024 को भी आंख जाला सफाई का 16वां शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के दूरस्थ आदिवासी अंचल सिहावा से पहुंच कर वैद्य जनों ने लोगों की आंख सफाई की तथा इस शिविर के आयोजक वर्ल्ड वैश्य फाउंडेशन के शक्ति जिले के अध्यक्ष एवं होटल गिरिराज रैन बसेरा के संचालक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार सहित शक्ति के रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के प्रसिद्ध पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा, गिरिराज रैन बसेरा के संचालक पंकज अग्रवाल पिंटू एवं कन्हैया गोयल ने लगातार 16 महीनो तक इस आंख जाला शिविर में अपनी आंखों की सफाई करवाई तथा 19 अक्टूबर 2024 को आयोजित शिविर में छत्तीसगढ़ शासन पुलिस विभाग के ऊर्जावान टीआई नरेंद्र यादव ने भी अपनी आंखों की सफाई करवाई तो वही शिविर के आयोजक अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने बताया कि आंख जाला सफाई शिविर में एक व्यक्ति को कम से कम आठ बार नियमित रूप से प्रत्येक महीने अपने आंखों की सफाई करवानी चाहिए, जिससे काफी लाभ होता है, तथा उन्होंने 16 महीने तक नियमित अपनी आंखों की सफाई करवाई है, जिससे उन्हें काफी लाभ मिला है, तथा इस शिविर में लोग पहुंच कर अपने आंखों की सफाई करवा रहे हैं, वहीं शिविर में पहुंचे वैद्य संतोष, सावित्री साहू एवं अन्य ने भी आंख जाला सफाई के फायदे बताएं तथा लोगों को इस शिविर का लाभ दिलाया।

आयुष स्वास्थ्य मेला में 432 मरीजों का नि :शुल्क इलाज

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गोंदईया, वि.ख. बिल्हा में विकास खण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ जनपद सदस्य दिलहरन साहू एवं सरपंच संतोष केवट ने भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर किया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुमुदिनी पटेल एमडी कायचिकित्सा ने स्वागत भाषण में आयुष विभाग की गतिविधियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को ज्यादा से ज्यादा आयुष पद्धति द्वारा लाभ देना है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) एवं आयुष ग्राम के योजनाओं से आम जनता को अवगत कराया। शिविर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु 350 रोगियों को काढ़ा वितरण किया गया। शिविर में वात रोग, आमवात, उदर रोग, ज्वर, कास प्रतिश्याय, श्वास, अर्श, भगंदर, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्त्री रोग, पांडू रोग, नेत्र, कर्ण इत्यादि रोग का इलाज किया गया। मौसमी बीमारी के लिए जागरूक करते हुए ऋतु अनुसार लोगों को खान पान आहार विहार, पथ्य अपथ्य, दिनचर्या के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में 432 लोगों का इलाज किया गया, जिसमें 130 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में डॉ. कोमल डोटे, डॉ. राजेश दुबे, डॉ रश्मि जितपुरे, डॉ.गरिमा पटेल, डॉ पूजा पाटले, फार्मासिस्ट लक्ष्मी कुमार साहू, खिलेश्वर प्रसाद, सुरेंद्र अज़गले, किशुन लाल ध्रुव, औषधालय सेवक सत्यप्रकाश माथुर, राजकुमार दुबे, हेलन बाई इंदुवा, पी टी एस कुशल प्रसाद यादव ने अपनी सेवाएं दी। डॉ. कुमुदिनी पटेल ने मंच संचालन करते हुए सभी जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जनों का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

चिकित्सा व्यवसाय नहीं सबसे पवित्र सेवा कार्य : बागडे

पायनियर संवाददाता ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने चिकित्सा को व्यवसाय नहीं, सबसे पवित्र सेवा कार्य बताते हुए कहा है कि चिकित्सक को कम से कम दवा और सस्ता सुलभ इलाज करते हुए अपने रोगियों को ठीक करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। बागडे इटर्नल हॉस्पिटल द्वारा सिनाई हॉस्पिटल, न्यूयार्क के सहयोग से आयोजित 'हार्ट कॉन्क्लेव 2024' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हृदय रोग से बचाव और उपचार के लिए जागरूकता का प्रसार किए जाने पर भी जोर देते हुए कहा कि हृदय रोग इस समय सबसे बड़े रोग के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। हर उम्र के लोगों को यह हो रहा है। इससे बचाव के साथ इसके होने पर जीवन रक्षा के लिए निरंतर कार्य किया जाए। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि दुनिया भर में हृदय रोग से संबंधित एक करोड़ 79 लाख मौतों में से कम से कम पांचवां हिस्सा भारत का है। उन्होंने कहा कि हृदय रोगों से होने वाली मौतों में युवा उम्र के लोगों की संख्या बहुत अधिक है। यह चिंताजनक है। उन्होंने इस संबंध में हृदय रोग की आरंभिक पहचान और रोकथाम के लिए समाज में वातावरण बनाए जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हृदय रोग की बुनियादी समझ और रोग से बचाव के लिए समाज में वातावरण निर्माण की दिशा में भी प्रभावी कार्य किया जाए। बागडे ने योग की भारतीय संस्कृति और शारीरिक व्यायाम से युवा पीढ़ी को जोड़ने, कार्यस्थलों पर हैल्दी वातावरण निर्माण करने और हृदय रोगों से बचाव के साथ इसके होने पर तुरंत रखी जाने वाली सावधानियां पर भी चिकित्सकों को जागरूक किए जाने के कार्य करने पर जोर दिया।

क्रिम्स हॉस्पिटल में 25 अक्टूबर शुक्रवार को लंग ट्रांसप्लांट ओपीडी लगभग 12 प्रकार के फेफड़ों के विकारों पर विशेष मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ नागपुर
www.dailypioneer.com



श्वसन संबंधी विकारों पर गुणवत्तापूर्ण उपचार करने के लिए पूरे मध्य भारत में प्रसिद्ध रामदासपेठ के क्रिम्स हॉस्पिटल और हैदराबाद के यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से शुक्रवार 25 अक्टूबर को फेफड़ों के प्रत्यारोपण विशेष बाह्य रोगी जांच शिविर का आयोजन किया गया है। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस शिविर में प्रसिद्ध फेफड़े के प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. मंजूनाथ बाले विशेष उपचार की आवश्यकता वाले जरूरतमंदों को 12 प्रकार के श्वसन विकारों पर मार्गदर्शन देकर बाह्य रोगी विभाग में सेवाएं देंगे। इनमें मुख्य रूप से फेफड़ों की कोशिकाओं की आंतरिक सूजन, इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कारण सांस लेने में तकलीफ, हाइपरसेंसिटिव न्यूमोनाइटिस, सारकॉइड्स के कारण फेफड़ों की सूजन, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, वातस्फीति, श्वसन ब्रोंकाइटिस, फाइब्रोसिस के कारण फेफड़ों में चिपचिपापन, कोरोना के बाद फेफड़ों का फाइब्रोसिस, जहरीली गैस के संपर्क में आने से श्वास नलिका में संक्रमण, सूक्ष्म सिलिका कणों के कारण फेफड़ों में होने वाले सिलिकोसिस और खदानों में काम करने वाले श्रमिकों को होने वाला कोल न्यूमोकॉकोसिस जैसे अत्यधिक जटिल श्वसन विकारों के लिए विशेष बाह्य रोगी उपचार सुविधा उपलब्ध की जाएगी। क्रिम्स हॉस्पिटल, रामदासपेठ में इस विशेष फेफड़ों के प्रत्यारोपण बाह्य रोगी विभाग के लिए सुबह 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पूर्व पंजीकरण करना आवश्यक है।

कर वसूली को लेकर ठनी... कुलबीर - भ्रष्टाचार की दुकानदारी खोलने का काम रहे निगम आयुक्त, किशुन बोले-महापौर का नाम भी क्यूं नहीं लेते

आरोप : गूगल अर्थ एप से निगम पांच गुना अधिक नियम विरूद्ध टैक्स वसूल रहा

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में राजस्व सर्वे के नाम पर गूगल अर्थ के नक्शे पर खाका खिंचकर निगम ने 583 भवन मालिकों को कर में अंतर की राशि का पांच गुना भुगतान करने का विवरण थमा दिया है। इस वसूली को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। निगम के कांग्रेसी पार्षद ने इसे भ्रष्टाचार की दुकानदारी करार देते हुए आयुक्त को कठघरे में खड़े कर दिया है। भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने कुलबीर के आरोपों को आड़े हाथों लेते हुए महापौर का उल्लेख न किए जाने को लेकर उन्हें घेर लिया है। दूसरी ओर शहर के लोगों में कर वसूली के लिए इस डिजिटल माप पर भी बहस हो रही है। पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने आरोप लगाया कि, शहर के 583 मकान मालिकों के भवनों को डिजिटल मैप के नाप पर अंतर की राशि निर्धारित कर पांच गुना कर की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि गूगल अर्थ के नक्शे और जीपीएस से नापकर टैक्स लेने के संबंध में कोई विषय सामान्य सभा में नहीं आया है। इसलिए यह पूरी तरह गलत है। नगर निगम आयुक्त सत्ता सरकार के इशारे पर राजनांदगांव की जनता को प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। मोर्हरिर से नाप के बिना अंतर की राशि का निर्धारण पूरी तरह अनुचित है। इस मामले में आयुक्त पर कार्यवाही जरूर होनी चाहिए। नोटिस भेजकर भ्रष्टाचार की दुकानदारी खोलने का काम किया जा जा रहा है।

महापौर के खिलाफ क्यूं नहीं बोलते : किशुन

इधर, कांग्रेस पार्षद कुलबीर छाबड़ा के बयान पर भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने कहा कि, निगम महापौर हेमा देशमुख के विज़न के साथ काम कर रहा है जो कि कांग्रेसी नेत्री हैं। स्पष्ट है कि, कर वसूली के मामले में किसी तरह की गड़बड़ी के लिए सीधे तौर पर महापौर और आयुक्त जिम्मेदार हैं। इन दोनों की एकराय से ही शहर में कर वसूली का ये नया सिस्टम शुरु किया गया है। एक ओर तो पार्षद छाबड़ा जनहित की बात कह रहे हैं लेकिन जो अहित किया जा रहा है उसके लिए जिम्मेदार कांग्रेस और कांग्रेस के नेता को बचाने की कोशिश भी कर रहे हैं। वे क्यूं इस मामले में महापौर को बचाने और उनका नाम तक लेने से बच रहे हैं। अगर वे जनता की आवाज ही उठाना चाहते हैं तो जरुरी है कि वे पहले निगम की सत्ता की मनमानियों की खिलाफत करें। न कि श्रेय लेने की राजनीति करते हुए खुद का महिमा मंडन करें। उन्होंने कहा कि, चिन्हांकित भवनों की नाप-जोख सामान्य सभा की स्वीकृति होने तक रोक लगाई जाए।

आईजी, कलेक्टर, एसपी पहुंचे सुदूर वनांचल

खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का किया आकस्मिक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने डोंगरगढ़ विकासखंड के सुदूर वनांचल ग्राम खुर्सीपारखुर्द, खोलारघाट, कौहापानी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा कर गांव में मिल रही शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन की वस्तुस्थिति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत की और बच्चों से पढ़ाई के साथ-साथ स्कूल में मिल रहे मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच की और विद्यालय का निरीक्षण भी किया। शिक्षकों को समय पर विद्यालय आने, बच्चों को अनुशासित रखने के साथ-साथ उन्हें विषयों की जानकारी देने तथा विद्यालयों को स्वच्छ लिए रखने के आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंनगबाड़ी केन्द्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों, गर्भवती माताओं एवं किशोरी बालिकाओं को मिलने वाले रेडी टू ईट तथा आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों, कुपोषित बच्चों के संबंध में जानकारी ली और नन्हे बच्चों से बातचीत की।

26 विद्यालयों के लिए 81.41 लाख की स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह की अनुशंसा पर राजनांदगांव के अंजोरा, धर्मापुर, नंदई वार्ड नंबर 49, परमालकसा, पार्रीखुर्द और पेंड्री के पूर्व माध्यमिक शाला में जीर्णोद्धार कार्य समेत पार्रीखुर्द के प्राथमिक शाला में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 19 लाख 89 हजार रुपए स्वीकृत किए गए हैं।

इसके साथ ही पूर्व माध्यमिक शाला रीवागहन, प्राथमिक शाला अंजोरा, प्राथमिक शाला आशा नगर, प्राथमिक शाला बागतराई, प्राथमिक शाला बापू स्टेशन पारा, प्राथमिक शाला बरगा में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 19 लाख 34 हजार रुपए की स्वीकृति। प्राथमिक शाला बेलटिकरी, प्राथमिक शाला भर्रेगांव, प्राथमिक शाला धनगांव, प्राथमिक शाला फरहद, प्राथमिक शाला गौरी नगर, प्राथमिक शाला जंगलेसर और प्राथमिक शाला खैरा में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 18 लाख 94 हजार रुपयों की स्वीकृति के साथ ही प्राथमिक शाला खुटेरी, प्राथमिक शाला कुम्हालोरी, प्राथमिक शाला मोखला, प्राथमिक शाला पार्रीकला में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 11 लाख 91 हजार रुपए की स्वीकृति और प्राथमिक शाला शंकरपुर और प्राथमिक शाला सोमानी में जीर्णोद्धार कार्य के लिए 11 लाख 33 हजार रुपए को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस प्रकार 26 स्कूलों में जीर्णोद्धार कार्यों के लिए कुल 81 लाख 41 हजार रुपयों की राशि प्राप्त होने से राजनांदगांव के विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने प्रसन्नता जताते हुए राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह का आभार प्रकट किया है।

प्रतीक ने कराया बैगलेस डे पर पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम की जयंती पर विविध आयोजन

बेमेतरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो की विज्ञान एवं नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने माह के तृतीय शनिवार को हमारे पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती पर शाला में मॉडल एवं जीवनी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बहुत ही सुंदर ढंग से उनकी जीवनी को अपने शब्दों में ढाला और बहुत सुंदर मॉडल बनाए। शिक्षक अवध राम वर्मा ने बच्चों को सामूहिक रूप से पूर्व राष्ट्रपति डॉ कलाम के जीवन से संबंधित बातों, उनकी उपलब्धियों एवं जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों तथा वे किस तरह से एक होनहार विद्यार्थी से देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक पहुंचे, इन सभी बातों का उल्लेख किया। शिक्षिका कनकलता सरसुधे ने उस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वह अपनी मां के बहुत क़रीब थे। और उनकी माता अपने परिवार की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण जब सबके लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिल पाता था तो वो किस तरह अपने बेटे अब्दुल को दे दिया करती थी। और जब ये बात कलाम को पता चली तो उन्हें बहुत दुःख होता था। अंत में नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने इस आयोजन के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए बताया कि जिस तरह डॉ कलाम जी ने अपने जीवन की चुनौतियों को अपने जीवन में बाधा बनने नहीं दिया।

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में समय सीमा निर्धारित

- त्यौहारों में सीमित समय के लिए ग्रीन पटाखों का करें उपयोग

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में समय सीमा निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार इस वर्ष दीपावली के दिन पटाखें फोडने के लिए रात 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक की समय सीमा निर्धारित की गई है। इसी तरह छठ पूजा के लिए सुबह 6 बजे से सुबह 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक, नया वर्ष व क्रिसमस पर रात्रि 11.55 बजे से रात्रि 12.30 बजे तक ही पटाखे फोड़े जाने का समय निर्धारित किया गया है। आदेश का पालन कराने के लिए कड़ी निगरानी की जाएगी। कम उत्सर्जन करने वाले इम्प्रुव्ड एवं हरित पटाखों का निर्माण एवं विक्रय किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य पटाखों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाई जाएगी। उच्चतम न्यायालय द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में रिट पिटीशन (सिविल) अर्जुन गोपाल विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया में पारित आदेश के परिपालन में सीरीज पटाखे अथवा लडियों के विक्रय, उपयोग एवं निर्माण को प्रतिबंधित करना है। केवल उन्हीं पटाखों का विक्रय किया जाना है, जिसका ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा 125 डेसीबल के भीतर हो। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारी वेबसाईटों जैसे फ्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। उच्चतम न्यायालय ने कम्युनिटी फायर क्रेकिंग के लिए नगरीय निकायों को अपने अधिकार क्षेत्र में एक उपयुक्त स्थल का निर्धारण शीघ्र कर आम जनता को निर्धारित स्थल की जानकारी दीपावली के एक सप्ताह पूर्व आवश्यक रूप से देने के निर्देश दिए हैं। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। वायु प्रदूषण बढने के कारण बीमारियों के घातक रूप की संभावना होती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देशों के संबंध में नागरिकों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने कहा गया है। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल भिलाई द्वारा दीपावली के अवसर पर शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का मापन का कार्य किया जा रहा है। जिसे पूर्ण करने के उपरांत मण्डल मुख्यालय के माध्यम से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली को प्रेषित किया जाएगा।

शिक्षक की धर्म विरोधी बातों से विद्यालय में बवाल

- बजरंग दल ने संभाला मोर्चा, शिक्षक ने माँगी माफी
- डोंगरगांव के सालिगझिटिया स्कूल का मामला

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक के ग्राम सालिकझिटिया के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में एक शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों को हिन्दू धर्म के विरोध में बातें कहने का मामला सामने आया है। विद्यार्थियों की शिकायत पर बजरंग दल ने स्कूल मे धमक देते हुए अपने स्तर पर जानकारी ली। शिकायत पुख्ता होने पर स्कूल में कुछ देर बवाल हो गया। तब शिक्षक ने मामले को गहराते देख माफी माँग ली।

स्कूली बच्चों की शिकायत के मुताबिक उनके शिक्षक द्वारा कड़ा या मौली धागा नहीं बांधने, तिलक नहीं लगाने, माता तुलसी का विवाह नहीं कर पाये तो तुम्हारा विवाह कैसे होगा, मां सरस्वती की पूजा से मना किया जाता है। वहीं हिन्दू धर्म मानने वाले बच्चों को विभिन्न गीतों आदि के माध्यम से चिढ़ाने के लिए उलाहना देते हुए हिन्दू देवी देवताओं का मजाक उड़ाते हैं। बच्चे अपने पालकों और स्कूल प्रबंधन तक यह बात नहीं बता सके थे। हालांकि विद्यार्थियों के मध्य की ये बात देर सबेर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तक पहुंची तो बवाल हो गया। बजरंग दल के पदाधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर बच्चों से चर्चा कर शिकायत की पुष्टि की। उपरांत शिकायत आधार पर बजरंग दल के पदाधिकारी ग्रामीणों के साथ स्कूल पहुंचकर शिक्षक की जमकर खबर ली।

आरएसएस के पदाधिकारी नंदू साहू, अर्जुनी प्राचार्य, पत्रकारों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में संबंधित शिक्षक ने अपनी भूल स्वीकार करते हुए सभी से मांफी मांगते हुए पुनरावृत्ति नहीं करने की बात कही है। इस मौके सरपँच रेशम साहू, ग्राम पटेल गणेश राम साहू व स्कूल प्रबंधन समिति सहित गणमान्यजन मौजूद थे।

जन औषधि केंद्रों में मरीजों को मिलेगी सस्ते में जीवन रक्षक दवाइयां

- जिले में पीएचसी केंद्रों में खुलेगी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की दुकानें

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जिले में चलाई जा रही जन औषधि केंद्रों की समीक्षा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा जिले के डोंगरगढ़ विकासखंड से जन औषधि केंद्र योजना की शुरूआत की गई थी। राजनांदगांव में भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा 10 दवाई दुकानों का संचालन जिला अस्पताल व सीएचसी में किया गया था। शासन के निर्देश पर जन औषधि केंद्रों में अच्छी गुणवत्ता की जीवन रक्षक दवाइयों का लाभ जनसामान्य को कम दर पर मिलेगी। सीएमएचओ डॉ. नवरतन ने कहा कि शासन की योजना का नागरिकों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो, इसके लिए जिले की सभी सीएचसी, पीएचसी सेंटरों में भी जन औषधि केंद्रों को रेडक्रास या जीवनदीप समिति के माध्यम से खोलने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी हैं। बैठक में जिला अस्पताल से सिविल सर्जन व मेडिकल कालेज अस्पताल के प्रतिनिधि, जिला अस्पताल, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रतिनिधि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, जन औषधि केंद्रों के क्षेत्रीय अधिकारी व रेडक्रास सोसायटी के जिला संगठक सह प्रबंधक, ड्रग एवं औषधि नियंत्रण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

एकलव्य विद्यालय पेण्ड्री के तीन छात्रों का एमबीबीएस के लिए चयन

राजनांदगांव। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव के तीन छात्रों का एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। जिसमें सत्र 2020-21 में कक्षा 12वीं के छात्र रविन्द्र कुमार तोप्पा का शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर, छात्र टेमन लाल का शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ एवं छात्र कुलेश्वर ठाकुर का शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में सत्र 2024-25 में एमबीबीएस के लिए चयन हुआ है। संस्था के प्राचार्य अमीय श्रीवास्तव एवं विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

मामला वन परिक्षेत्र खुज्जी-कुमरदा का, बगैर अनुमति कटाई के बाद डोंगरगांव भेज दी लकड़ियां

डिप्टी रेंजर के इशारे पर बीट गार्ड ने करवाई अवैध कटाई, खम्हार के 117 पेड़ ठिकाने लगा दिए

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

वन परिक्षेत्र खुज्जी कुमरदा के कक्ष क्रमांक 518 में विभागीय लोगों द्वारा अवैध तरीके से खम्हार के 117 पेड़ काट दिए गए हैं। काटी गई लकड़ियों को डोंगरगांव में डंप किया गया है। इस पूरे मामले का भंडाफोड़ होने के बाद गांव में आक्रोश है। वहीं जिम्मेदार डिप्टी रेंजर रवि सोनी और बीट गार्ड मनीष यादव की इस गड़बड़ी पर विभाग पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है।

डीएफओ व एसडीओ के जरुरी अनुमति के बगैर ही खम्हार के पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। 117 पेड़ों को डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड के इशारे पर काटे जाने की जानकारी है। महंगे काष्ठ को किसी ठेकेदार के ट्रैक्टर में भरकर ले जाए जाने की बात सामने आई है। जबकि कटाई के बाद लकड़ियों को काष्ठगार सड़क चिरचारी भेजा जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लोगों ने लाखों रुपए में लकड़ियां अवैध तरीके से बेच दी। अवैध कटाई को लेकर ग्राम बागद्वार की वन सुरक्षा समिति में भी नाराजगी है। समिति के लोगों ने कहा कि, पेड़ों की कटाई को लेकर उन्हें कोई जानकारी नहीं दी जाती। सहमति और प्रस्ताव लेना तक उचित नहीं समझा जाता। हमें लंबे समय से आशंका है कि, विभागीय अधिकारी यहां वन की कटाई कर लकड़ियों को बेच कर भ्रष्टाचार कर रहे हैं। इन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

यह भी बताया जा रहा है कि कटाई के लिए विभागीय अनुमति न होने के चलते यहां ठूंठ में किसी दूसरे स्थान के हैमर का इस्तेमाल किया गया है। यह लकड़ी की चोरी वाली ठूंठ मे लगाया जाता है। इस मामले में डिप्टी रेंजर रवि सोनी का कहना है कि, 117 खम्हार पेड़ की कटाई के परमिशन मांगी गई है लेकिन अनुमति अभी मिली नहीं है। गांव वाले चोरी कर लकड़ी ले जा रहे थे इसलिए कटाई की गई है।

रेंजर बचाने की कोशिश कर रहे

इन सारे पहलुओं पर कुछ सवाल विभाग पर भारी पड़ रहे हैं कि आखिर कैसे विभागीय अधिकारी ही नियमों को ताक पर रखकर कटाई को अंजाम दे रहे हैं। अगर, सही नियत से कटाई की गई तो लकड़ियों को काष्ठागार क्यूं नहीं भेजा गया। इस पूरे मामले में डिप्टी रेंजर गोल-मोल जवाब देकर बचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं रेंजर भी इस गड़बड़ी में डिप्टी रेंजर और बीट गार्ड को बचाने की जुगत में दिख रहे हैं।

जानकारी मिलने पर बीट क्रमांक 518 में आकर निरीक्षण किया। यहां 117 पेड़ की मार्किंग की गई है जिसे काटा जा रहा है। परमिशन के लिए आवेदन गया हुआ है। गांव वालों द्वारा लकड़ी की चोरी की जा रही थी जिसके कारण यह कटाई की गई है। कटाई के बाद लकड़ियों को डोंगरगांव भेजा गया है।

-चंद्रशेखर भंडारी, रेंजर

वन सुरक्षा समिति को डिप्टी रेंजर द्वारा कभी भी कोई सूचना नहीं दी जाती और न ही वे जानकारी देना उचित समझते हैं। अभी भी पेड़ों की कटाई हुई है जिसका भी कोई जानकारी वन सुरक्षा समिति को नहीं दिया गई है और। हमसे कोई प्रस्ताव भी नहीं लिया गया है।

-भेष बाई साहू, अध्यक्ष वन सुरक्षा समिति बागदवार

पटाखा दुकानों के लिए एडवाइजरी जारी नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित समस्त स्थायी/अस्थायी पटाखा दुकानों में आग लगने से बचाव हेतु नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीएआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ सेक्टर 19 अटल नगर नवा रायपुर से एडवाइजरी जारी किया गया है। जांच के दौरान उक्त नियमों का पालन नहीं करने पर छत्तीसगढ़ अग्निशमन एवं आपातकालीन नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह से प्राप्त जानकारी अनुसार पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर, अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी (साइड) पर एवं एक दूसरे के सामने न बनायी जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैम्प एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होनी चाहिए। विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं प्रत्येक मास्टर स्विच में फ्युज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए, जिससे शार्ट सर्किट की स्थिति में विद्युत प्रवाह स्वतः बंद हो जाए। दुकाने ट्रांसफार्मर के पास न हो और उनके ऊपर से हाई टेंशन पावर लाइन न गुजरती हो। प्रत्येक पटाखा दुकान में 5 कि.ग्रा. क्षमता का डीसीपी अग्नि नामक यंत्र होना चाहिए (इसकी मारक क्षमता 6 फीट की होती है)। दुकानों के सामने कुछ अंतराल में 200 लीटर क्षमता के ड्रम की व्यवस्था बाल्टियों के साथ होनी चाहिए। पटाखा दुकानों के सामने बाइक/कार की पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। अग्निशमन विभाग एवं एम्बुलेंस का फोन नंबर, दुकान परिसर के कुछ स्थानों में लगाया जाए। अग्निशमन वाहन के मूवमेंट के लिए पर्याप्त होना चाहिए।

सावधानियां-क्या करें- लायसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही पटाखे खरीदें, यह सुनिश्चित करें कि गुणवत्ता वाले पटाखे खरीदे, जो दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए अनुमोदित हो। इमारतों, वाहनों और ज्वलनशील पदार्थों से दूर पार्क, बड़े मैदान जैसे खुले स्थानों में पटाखे जलाए। पटाखे जलाते समय संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए पानी की बाल्टी निकट रखें। आग से संबंधित चोटों के जोखिम को कम करने के लिए सूती वस्त्र पहनने को प्राथमिकता दें, क्योंकि सिंथेटिक कपड़े आसानी से आग पकड़ सकते हैं। पटाखे जलाते समय बच्चों की निगरानी के लिए हमेशा एक व्यस्क को साथ रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे सुरक्षा उपायों का पालन कर रहे हैं। पटाखे पकड़ने के बाद इस्तेमाल किए गए पटाखों का पानी की बाल्टी में सुरक्षित तरीके से निपटान करें, ताकि किसी बची हुई चिंगारी से अग्नि दुर्घटना ना हो। एक बार में एक ही पटाखा जलाएं, आग लगने की आशंका को देखते हुए एक साथ कई पटाखे लगाने से बचें। पटाखे में आग लगने के बाद उससे सुरक्षित दूरी रखें। पटाखे जलाते समय हमेशा हवा की दिशा को ध्यान में रखें, जिससे कि उसकी चिंगारी घरों या व्यक्तियों की ओर न उड़े।

जशपुर में साईको चोर...4 साल से चोरी करता रहा

महिलाओं का वस्त्र, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

- अधिकारी के घर में ताला तोड़कर 07 नग नई साड़ी की चोरी की

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पुलिस ने एक साइको चोर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक प्रार्थी सलिल कुजूर उम्र 49 साल निवासी रानीकोम्बो थाना नारायणपुर ने शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ है, यह 12 अक्टूबर को अपनी पत्नी का स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के बाहर लेकर गया था।

वापस 18 अक्टूबर को शाम को अपने क्वार्टर में आकर देखा कि इसके क्वार्टर में दरवाजे के बाहर लगा ताला टूटा हुआ था, अन्दर जाकर देखा कि इनके अलमारी में रखा 07 नग साड़ी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की विवेचना दौरान मुखबीर से ज्ञात हुआ कि इस तरह की साड़ी चोरी का आरोपी ग्राम चिटकवाईन का रहने वाला इमिल तिर्की हो सकता है, इस सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में उसके द्वारा उक्त घटना दिनांक को प्रार्थी के क्वार्टर का ताला तोड़कर 07 नग साड़ी की चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से चोरी किया हुआ 07 नग साड़ी को जप्त किया गया है। आरोपी इमिल तिर्की से पूछताछ करने पर बताया कि वह विगत 04 वर्ष से गांव-गांव जाकर घरों के बाहर सूख रहे महिलाओं के कपड़े जैसे-साड़ी, पेटीकोट, ब्लाउज इत्यादि की चोरी कर उसे पहन कर खूब नाचना बताया। वह विगत 04 वर्ष से महिलाओं के कपड़े चोरी करते आ रहा है, पर इसके विरूद्ध किसी प्रकार का पूर्व में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुआ है। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक सतीश सोनवानी, प्र.आर. 416 अनानियुस टोप्पो, न.सै. विरेन्द्र भगत का योगदान रहा है।

सक्ती से लूथरा शरीफ की 80 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा पर निकलेंगे सक्ती के यात्री

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में जांजगीर चांपा जिले के बलौदा विकासखंड में स्थित बाबा लूथरा शरीफ की यात्रा पर आगामी 21 अक्टूबर दिन-सोमवार को सुबह 5:00 बजे अग्रसेन चौक शक्ति से पैदल यात्रियों का जत्था रवाना होगा, उपरोक्त जत्था शेख जहिर जो कि विगत 16 वर्षों से निरंतर पैदल यात्रा पर जा रहे हैं, उनके नेतृत्व में रवाना होगा तथा इस यात्रा में मोहम्मद सिराज, शाहरुख खान एवं घासी शर्मा भी रवाना होंगे, इस संबंध में शेख जहीर ने बताया कि बाबा लूथरा शरीफ के आशीर्वाद से आज शक्ति शहर से प्रतिवर्ष काफी संख्या में लोग पैदल यात्रा कर अपनी आस्था व्यक्त करते हैं, तथा इस वर्ष भी यह पैदल यात्रा रवाना होगी तथा बाबा का आशीर्वाद हम सब पर निरंतर बना हुआ है, तथा शेख जहीर ने ऐसे बंधु जो की लूथरा शरीफकी पैदल यात्रा में जाना चाहते हैं उनसे संपर्क करने की अपील की है।

उल्लेखित हो कि जांजगीर चांपा जिले में स्थित लूथरा शरीफलोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है, यहां प्रतिवर्ष जहां बड़े मेले का आयोजन होता है,तो वहीं देश के विभिन्न स्थानों से सर्वधर्म के लोग यहां पहुंचकर मन्नते एवं दुआएं मांगते हैं, तथा ऐसी मान्यता है कि बाबा लूथरा शरीफ के दरबार में आने वाले हर एक व्यक्ति की समस्याओं का निराकरण होता है, तो वही उनकी मुरादे भी पूरी होती है,तथा लूथरा शरीफमें लोग पहुंचकर बाबा को चादर चढ़ाते हैं एवं अपनी आस्था व्यक्त करते हैं।

राज्य स्तरीय विज्ञान मेले में द्वितीय विजेता बनकर देवांशी यादव ने गौरवान्वित किया सक्ती के अनुनय कॉन्वेंट स्कूल को

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

सकती-स्थानीय अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा देवांशी यादव ने अंबिकापुर में विज्ञान सेमिनार में बिलासपुर जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर भाग लिया, घोषित परिणाम में इनको द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। संस्था प्रमुख योगेश साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष विज्ञान से संबंधित अनेक प्रतियोगिताएं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के सहयोग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के सौजन्य से राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता 2024 25 आयोजित की गई थी। जिसमें संसाधन प्रबंधन resource management विषय पर शिक्षक निखिल साहू, कुमकुम सोनी,मयंक साहू एवं अजय सर के सहयोग से इनका मॉडल प्रस्तुत किया गया था। नगर जिले एवं बिलासपुर संभाग का मान बढ़ाते हुए देवांशी को अब राष्ट्रीय स्तर के लिए मुंबई में अपना प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। देवांशी यादव प्रारंभ से ही होनहार व प्रतिभावान छात्रा रही है। कक्षा दसवीं में भी उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण हुई थी। इनकी पांडेय सफलता पर जिला शिक्षा अधिकारी एन. के. चंद्रा, राकेश अग्रवाल, जिला प्रभारी छबिलाल राठौर, आर. आर. साहू , शैल कुमार पांडेय एवं विद्यालय के संचालक योगेश साहू तथा देवासी के परिवार जनों एवं प्राचार्य किरण श्रीवास, निखिल साहू, मयंक साहू, अजय प्रजापति, कुमकुम सोनी, उमा पटेल, सीमा पटेल, मोनिका पटेल, ममता देवांगन, श्रुति वर्मा, मधु लता सोनी ने इसे नगर की बहुत बड़ी उपलब्धी बताते हुए इनकी सफलता के लिए बधाई दी है।

जिले में पटाखा दुकानों के लिए दिशा-निर्देश जारी : सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

पायनियर संवाददाता ◄ कोरिया
www.dailypioneer.com

जिले में संचालित स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं और एसडीआरएफ के सहयोग से ये निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, पटाखा दुकानें ज्वलनशील पदार्थों जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट आदि से न बनाकर अज्वलनशील सामग्री से निर्मित टिन शेड में होनी चाहिए। इसके साथ ही, पटाखा दुकानों के बीच न्यूनतम 3 मीटर की दूरी अनिवार्य की गई है और ये दुकानें आमने-सामने नहीं होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल, लैंप, गैस या खुली बिजली बत्ती का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा दुकानों के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित रहेगा। दुकानों में शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए फ्यूज या सर्किट ब्रेकर का उपयोग अनिवार्य होगा और विद्युत तारों में कोई खुला ज्वाइंट नहीं होना चाहिए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक दुकान में 5 किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र अनिवार्य किया गया है। साथ ही, दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम और बाल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। दुकानों के सामने वाहन पार्किंग पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई है। अग्निशमन वाहन व एम्बुलेंस का फोन नम्बर दुकान परिसर में लगाना होगा। प्रशासन ने सभी पटाखा विक्रेताओं से इन दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है।

50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार। नवागढ़ पुलिस को मुखबीर सूचना मिलने पर ग्राम कटौद कोदवारी तालाब पर रेड कार्यवाही किया गया जहां पर मौके पर रामधन दिवाकर उपस्थित मिला जिसके कब्जे से नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम के अंदर छीपाकर रखा 04 नग प्लास्टिक पन्नी 10 लीटर में भरा 10-10 लीटर एवं एक 10 लीटर वाले सफेद प्लास्टिक जरिकेन में भरा करीबन 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कुल जुमला 50 लीटर कीमती 5000 रूपये बरामद किया गया, आरोपी का कृत्य 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 18.10.24 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सउनि भुवनेश्वर राठौर, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डनसेना, श्याम कुमार शांते, कुलदीप खुंटे, जनक कश्यप, रमेश भारद्वाज, संजय टण्डन एवं थाना नवागढ़ स्टॉप का सराहनीय योगदान रहा।

आम नागरिक भी जम्बूरी उत्सव का आनंद उठा सकते हैं आदिवासी संस्कृति से जुड़ी स्थानीय सामग्रियों का स्टाल

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर प्रयास कर रहे। जशपुर जिला वन संपदा से भरपूर जिला है साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण जिला माना जाता है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल के मार्गदर्शन में जशपुर में युवाओं के चार दिवसीय जम्बूरी उत्सव मनाया जा रहा है। जहां अन्य राज्य के युवा शामिल हुए हैं। और हर मौके का आनंद उठा रहे। आज की भागदौड़ जिन्दगी में जशपुर में कुछ पल सुकुन से बिताने का अच्छा मौका मिला है। जिसका युवा वर्ग भरपूर लाभ उठा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि अंतिम दिवस 20 अक्टूबर को जशपुर जम्बूरी देश देखा में सुबह 11 बजे से शिविर स्थल के पास व्यापारिक एवं खाद्य स्टॉल लगाया जाएगा। साथ ही युवाओं को क्षेत्र के स्थानीय जनजातीय लोगों के हाथों से तैयार दोना पत्तल और छिद कांसा से तैयार सामग्री का परिचय भी करवाया जाएगा। स्थानीय लोक कला लोकनृत्य का भी आनंद उठाएंगे। संगीत बैण्ड प्रस्तुति भी दी जाएगी। आम जनता भी अंतिम दिवस देश देखा के जम्बूरी उत्सव का आनंद उठा सकते हैं। साथ ही आम नागरिक अपनी इच्छा अनुसार रॉक क्लाइंबिंग नेचर वॉक टेंट एक्सपीरियंस आदि गतिविधियों में शामिल होकर आनंद उठा सकते हैं।

नशे के विरूद्ध जशपुर पुलिस ने छेड़ा अभियान जिले में COTPA एक्ट में कुल 48 प्रकरण दर्ज

सार्वजानिक जगहों पर बीड़ी-सिगरेट पीने पर हुई कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

नशे की विरुद्ध जशपुर पुलिस द्वारा स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जो संयुक्त रूप से कार्यवाही करती है। शुक्रवार को COTPA एक्ट के उल्लंघन करते पाये जाने पर थाना जशपुर क्षेत्र से 04 प्रकरण, थाना दुलदुला से 01, थाना कुनकुरी से 02, थाना तपकरा से 07, थाना फरसाबहार, बागबहार, पत्थलगांव, कांसाबेल, बगीचा से 05-05, थाना नारायणपुर से 06 एवं चौकी दोकड़ा क्षेत्र से 03 प्रकरण में कुल 9600 रू. जुर्माना शुल्क वसूल करते हुये दुकान संचालकों को कड़ी हिदायत दी गई है। यह कार्यवाही निरंतर चलती रहेगी। स्कूल, कॉलेज के नजदीक धुम्रपान सामग्री विक्रय करने एवं नाबालिगों को धुम्रपान संबंधी सामग्री विक्रय करने पर COTPA एक्ट के तहत कार्यवाही की जायेगी। तंबाकू से बने विभिन्न उत्पाद एवं सिगरेट से होने वाली बीमारियों का इलाज एवं काउंसलिंग निशुल्क जिला अस्पताल जशपुर में उपलब्ध है। कार्यवाही के दौरान COTPA एक्ट को लेकर पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा अभिनित एवं निर्मित शॉर्ट फिल्म लोगों को दिखाकर बताया गया कि तम्बाकू गुटखा इत्यादि के सेवन करने से मुंह में कैंसर होता है एवं मुंह कम खुलता है, सिगरेट पीने से फेफड़ों में समस्या होती है इसके बारे में विस्तार से आमलोगों को बताया गया। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा, COTPA एक्ट के संबंध में पूर्व में जिले में जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है, इस एक्ट के उल्लंघन करते पाये जाने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

जनसमस्या निवारण शिविर में हुआ आमजनों की समस्या एवं शिकायतों का समाधान, मिले 555 आवेदन 501 का किया गया तत्काल निराकरण

खोखली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के संकल्पों के अनुरूप भाटापारा विकासखंड के ग्राम खोखली में सातवां जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया शिविर का आयोजन गांव के स्कूल परिसर में किया गया जिसमें स्थानीय नागरिक सहित आस पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबधित कुल 555 आवदेन प्राप्त हुए जिसमे से 501 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया है। साथ ही बचे हुए 54 आवेदनों को अलग से समय सीमा में दर्ज कराया गया है। इसके साथ ही बड़ी संख्या में हितग्राहियों को मुख्यमंच से योजनाओं से लाभांवित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी, 5 महिला स्व सहायता समूह को कुल 10 लाख रूपये का ऋण, मत्स्य पालन विभाग द्वारा 1 आईस बाक्स,1 मछली जाल, खाद्य विभाग द्वारा 14 नए राशन कार्ड, 3 को उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 आयुष्मान कार्ड, 15 को सिकलिंग कार्ड, समाज कल्याण विभाग 33 विभिन्न प्रकार के पेंशन हितग्राहियों के स्वीकृत करते हुए प्रदान किया गया है। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 10 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई एवं 10 बच्चों का अन्नप्राशन भाटापारा विधायक इंद्र साव, कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू गांव के सरपंच दुर्गेश चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर का मुख्य उद्देश्य यही है कि शासन-प्रशासन के सभी विभागों को एक जगह उपस्थित होकर आम लोगों की समस्या, जरूरत, मांग को यथा समय समाधान करना है ताकि जरूरतमंद व पात्र हितग्राहियों व जनहित के मुद्दे का निराकरण हो सके। उन्हें छोटी छोटी कार्यों के लिए आम लोगों को दफ्तरो के चक्कर लगाने की जरूरत ना पड़े एवं शासन की योजनाओं से अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभांवित किया जा सके. इसके पूर्व विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में योजनाओं का लाभ प्राप्त करने, किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सम्बंधित विभाग में संपर्क करने का सुझाव संबधित जानकारी दिए। इस दौरान कलेक्टर ने आम नागरिकों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी. कुछ समस्याओं का मौके पर निराकरण किया। कुछ के लिए समय-सीमा निश्चित कर समाधान करने, कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए। विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। शिविर स्थल में जिला प्रशासन द्वारा 35 विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाया गया था जिसमें अपने अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी आमजनों की दी गई.जैसे कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषक हितैषी योजनाओं का बताया गया लाभ व राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत कृषकों को खाद-बीजों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा हितग्राहियों के मेडिकल टेस्ट कर उन्हें बुखार, उल्टी- दस्त, पेट-दर्द, हीमोग्लोबिन, शुगर जैसी दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड के कुल 32 नए फार्म भरे गए व 15 आयुष्मान कार्ड धारकों को तुरन्त आयुष्मान कार्ड मुहईया करवाया गया,शिविर में ग्रामीणों की सिकलसेल 35 जांच किये व 15 सिकल सेल कार्डों का वितरण त्वरित किया गया। शिविर में पहुंचे भाटापारा नगर निवासी पूजा कुमारी यादव ने अपनी आय जाति एवं निवास हेतु आवदेन किया जिस पर उन्हे तत्काल प्रमाण पत्र बनाकर मुहैया कराया गया। तत्काल प्रमाण पत्र मिलने पर उन्होंने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है. इसी तरह 32 वर्षीय लता बाई निर्मलकर एवं 31 वर्षीय मनीष मिरी को आयुष्मान कार्ड मिलने पर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा की अब इलाज के लिए पैसों की चिंता नही सताएंगी.इसी तरह ग्राम खोखली निवासी ईश्वर प्रसा कीद साहू को नया किसान किताब मुहैया कराया गया। उन्होंने किसान किताब मिलने पर जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम नितीन तिवारी,जनपद सीईओ सत्यव्रत तिवारी सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी गण, कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बीएसपी प्रबंधन और निर्माणाधीन कंपनी जगन्नाथ पैलेट एंड पावर के खिलाफ 500 मजदूरों ने खोला मोर्चा

■ ठेकेदार के द्वारा की जा रही सेफ्टी रूल्स रेगुलेशन की अनदेखी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के लौहनगरी के नाम से पहचान बनाने वाले दल्लीराजहरा में भिलाई इस्पात संयत्र अंतर्गत नवनिर्मित पैलेट एंड पावर प्लांट के मजदूरों ने बीएसपी प्रबंधन और निर्माणाधीन कंपनी जगन्नाथ पैलेट एंड पावर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं मजदूर निर्माण कार्य को बंदकर प्लांट के सामने धरने पर बैठ गए है। पूरे मामले को लेकर आंदोलन कर रहे मजदूरों कि माने तो जगन्नाथ पैलेट प्लांट कम्पनी के प्रबंधन द्वारा लगातार मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मजदूरों को श्रम कानून के तहत निर्धारित 6 घंटे के बजाय 8 घंटे काम लिया जाता है। यही नहीं कंपनी द्वारा यहां काम कर रहे मजदूरों के सुरक्षा को लेकर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है और इसी के चलते बीते दिनों दो मजदूर लोमेश्वर मसीह एवं योगेश बारेझर करीब 60 फीट की ऊंचाई पर काम करते समय नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद भी प्रबंधन द्वारा घायल मजदूरों को समुचित इलाज सुविधा उपलब्ध नही करने के चलते मजदूरों द्वारा अपने साथियों का इलाज दल्लीराजहरा के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। मजदूर सुरेंद्र कुमार बंसोड़े ने बताया कि एक मजदूर का हड्डी टूट गया है, और एक का पैर के घुटने की हडडी टूट गई है। तहसीलदार, टीआई भी धमकी देकर गए है। न ही प्रशासन और न ही बीएसपी मैनेजमेंट मजदूरो का साथ दे रहा हैं। मैनेजमेंट तो मजदूरो पर ही दबाव बनाता जा रहा है लगातार। उन्होंने बताया कि अगर ऐसा ही अड़ियल रवैय्या रहा तो हमारा आंदोलन और बढ़ता जाएगा। प्रबंधन के लगातार उदासीनता से नाराज करीब 500 मजदूर अनिश्चित कालीन आंदोलन पर चले गए है मजदूरों का मानना है कि जब तक प्रबंधन द्वारा उन्हें समुचित सुविधा उपलब्ध नही कराई जायेगी तब तक मजदूर काम पर नहीं लौटेंगे।

सेफ्टी रूल्स रेगुलेशन की अनदेखी

संबंधित ठेकेदार के द्वारा सेफ्टी रूल्स रेगुलेशन की अनदेखी की जा रही है, सुरक्षा मानकों के नाम पर सिर्फ मजदूरो की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा हैं, जिसमें बीएसपी प्रबंधन भी कोई हस्तक्षेप नहीं कर रहा है और न किसी प्रकार की कार्यवाही। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि बीएसपी प्रबंधन की ठेकेदार से मिलीभगत हैं। बिना सेफ्टी बेल्ट के मजदूर ऊंचाई पर काम कर रहे हैं। जिसके कारण इस तरह के हादसे हो रहे हैं। करोड़ों की लागत से बन रहे प्लांट में काम कर रहे मजूदरों की सुरक्षा का जिम्मा ठेकेदार व बीएसपी प्रबंधन का है। लेकिन उन्हें मजदूरों की सुरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है। इतने दिनों से माइंस के अंदर काम कर रहे किसी भी मजदूर का गेट पास नहीं बनाया गया है।

कलेक्ट्रेट जनदर्शन में ग्रामीण मजदूर कर चुके है शिकायत

आपको बता दे एक माह पूर्व ही इस कंपनी में कार्यरत क्षेत्र मजदूर के जिसमे धोबेदंड के आश्रित ग्राम कोडेकसा, झीकाटोला, दर्रेकसा और कुंजामटोला के ग्रामीणों ने बालोद कलेक्ट्रेट में कम्पनी प्रबंधन के खिलाफ शिकायत किया था। जिसमे कम्पनी पर यहां काम कर रहे ग्रामीण मजदूरों को गेट पास ट्रेनिंग उपलब्ध नही करने की शिकायत की गई थी। जिसके चलते इन मजदूरों को समुचित सुविधा नही मिल पा रही हैं। वही हाल ही में हुए हादसे ने मजदूरों के शिकायत पर मुहर लगा दी। वही मामले को लेकर जब मीडिया द्वारा कम्पनी के प्रबंधक से बात करने का प्रयास किया तो प्रबंधक ने मीडिया से मिलने से ही मना कर दिया गया। बहरहाल मजदूरों का यह आंदोलन आगे क्या रुख इख्तियार करती है, यह देखना होगा।

बीएसपी के अफसरों को देखने तक की फुर्सत नहीं

कार्यरत ग्रामीण मजदूरो को सुरक्षा ट्रेनिंग नहीं दी गई हैं। ए-फार्म रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया है। मजदूरों से 8 की जगह 12 घंटे काम लिया जा रहा है। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन का अड़ियल रवैय्या सामने आया है। और यह आज की बात नहीं है, बीएसपी प्रबंधन के द्वारा लगातार मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मजदूरों को दी जाने वाली सुविधाएं से उन्हें वंचित किया जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन ठेकेदारों से मिलीभगत कर मजदूरो का अहित में करने में लगा हुआ है। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने कहा है कि ठेकेदार मनमानी कर रहा है, 60 फीट ऊंचाई में मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट लगाए काम कर रहे है। इसे देखने बीएसपी के अधिकारियों को फुर्सत नहीं है।

मनमानी के विरोध में 500 मजदूर धरने पर बैठ गए

ठेकेदार की मनमानी व अधिकारियों की अनदेखी के चलते विरोध में गुरुवार से लगभग 400 मजदूर धरने पर बैठ गए। यह सिलसिला शनिवार तक अनवरत जारी रहा। मजदूर सुरेंद्र कुमार हंसर, नमन बंसोड़े, विकास कुमार साहू का कहना है कि मजदूरों की सुरक्षा को लेकर ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा है। सुरक्षा ट्रेनिंग नहीं कराया गया है। वेतन भुगतान कर मस्टर रोल में हस्ताक्षर नहीं कराया जाता है। मजदूरो की माने तो जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। मजदूरो ने आगे बताया कि उन्हें धोखे में रखकर काम करवाया जा रहा है, प्लांट बता फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है। न आज तलक रजिस्ट्रेशन हुआ है।

अब किसी के साथ नहीं होगा अन्याय, आपके साथ हमेशा खड़ी है हमारी सरकार : मुख्यमंत्री साय

■ दिवंगत शिक्षक पंचायत के परिजनों को लम्बे संघर्ष यात्रा का मिला सुखद परिणाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

हमें लम्बे संघर्ष के बाद आज यह सम्मान मिला है। हमारे संवेदनशील मुख्यमंत्री ने हमारी पीड़ा समझी और बड़ी राहत देने का काम किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से उनके निवास कार्यालय, रायपुर में दिवंगत शिक्षक पंचायत संवर्ग संघ के आश्रितों ने मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री को उन्होंने ग़जमाला पहनाकर अभिवादन किया। मुख्यमंत्री साय ने भी सभी बहनों को शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी सरकार हमेशा आपके साथ खड़ी है और किसी के साथ भी अन्याय नहीं होगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में दिवंगत शिक्षक पंचायत संवर्ग संघ के परिजनों की अनुकंपा नियुक्ति के लिए निर्णय लिया गया था। दिवंगत शिक्षक पंचायत संवर्ग संघ के आश्रित अनुकंपा नियुक्ति के लिए आंदोलन कर रहे थे। संघ के सदस्यों ने बताया कि दिवंगत शिक्षकों के परिजनों द्वारा पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में 300 से अधिक दिनों तक लगातार आंदोलन किया गया था, जिसमें उन्होंने अलग-अलग ढंग से प्रदर्शन कर सरकार के सामने अपनी मांगे रखी थी। उनके लम्बे संघर्ष का सुखद परिणाम अब सामने आया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने दिवंगत शिक्षक पंचायत के परिजनों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उन्हें अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का रास्ता खोल दिया है। इस अवसर पर संजय श्रीवास्तव, गौरी शंकर श्रीवास दिवंगत शिक्षक पंचायत कल्याण संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्री बालाजी हॉस्पिटल में पहला पेन रिलिफ क्लीनिक का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मोवा स्थित श्री बालाजी हॉस्पिटल और चिकित्सा संस्थान के सहयोग से रायपुर में अपना पहला पेन रिलिफ क्लीनिक और पहला केंद्र लॉन्च किया गया है। इसका प्रमुख उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को दर्द से राहत दिलाना है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. बीरेंद्र पटेल, डॉ. कमलकांत भोई, डॉ. दीपक जायसवाल, डॉ. राम, डॉ. मनीष चौरासिया समेत अन्य उपस्थित थे।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर के मुख्य मार्गों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर के मुख्य मार्गो का निरीक्षण निगम अपर आयुक्त यू. एस. अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) पंकज कुमार पंचायती, जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, विमल शर्मा, प्रीति सिंह, ए. के. हालदार, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति में किया एवं प्रमुख मार्गो में जारी मार्ग सौंदर्यीकरण कार्यों एवं सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया. आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बूढ़ातालाब नीलाभ उद्यान, मुख्य मार्ग, जीई मार्ग, साइंस कॉलेज के बाजू से डीडी नगर गोल चौक रोहिणीपुरम जाने वाले बाईपास मार्ग, एम्स अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग से टाटीबंध चौक तक मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को डीडी नगर गोल चौक जाने वाले बाईपास मार्ग को सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने का कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कोटा के महंत तालाब, डबरा तालाब एवं कारी तालाब का निरीक्षण कर तालाब को निरन्तर स्वच्छ रखने के सम्बन्ध में निर्देश दिए।

कांग्रेस और उसके जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं : गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में इन दिनों कांग्रेस और उसके दीगर संगठनों से जुड़े लोग आपराधिक, हिंसक और विभाजनकारी गतिविधियों में संलिप्त पाए जा रहे हैं और कांग्रेस के आपराधिक चेहरे लगातार उजागर हो रहे हैं, उससे यह बात एकदम साफ है कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ में आराजकता और आतंक का वातावरण निर्मित करने के अपने एजेंडे पर काम कर रही है। गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस के इस शर्मनाक राजनीतिक चरित्र की भाजपा कटु निंदा करती है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि अभी हाल ही में सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में एक पुलिस आरक्षक पर खौलता हुआ तेल डालने और बाद में प्रधान आरक्षक की पत्नी व उसकी मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपियों में कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियों की गिरफ्तारी कांग्रेस के इसी राजनीतिक चरित्र का प्रमाण है, जिसके चलते कांग्रेस ने राजनीति का अपराधीकरण और अपराधियों का कांग्रेसीकरण करने में जरा भी लज्जा का अनुभव नहीं किया और कांग्रेस पदाधिकारियों के अनुरोध को दरकिनार कर आदतन बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति के लोगों को एनएसयूआई समेत अपने विभिन्न संगठनों में पद देकर अपराधियों की हौसला-अफजाई की। गुप्ता ने कहा कि सूरजपुर के मामले में कानून-व्यवस्था का प्रश्न उठाकर प्रलाप करने में लगी कांग्रेस के छात्र संगठन के पूर्व और वर्तमान दो पदाधिकारियों की संलिप्तता सामने आने पर अब कांग्रेस पूरी निर्लज्जता के साथ इनसे अपने रिश्तों को नकार रही थी, लेकिन सवाल यह है कि जो कांग्रेस पहले अपराधियों को अपना कार्यकर्ता नहीं मान रही थी, तो उस कांग्रेस ने पद से किसे और क्यों हटाया है? गुप्ता ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव समेत तमाम कांग्रेस नेताओं को राजनीतिक ढोंग करने के बजाय स्पष्टीकरण देना चाहिए।

हमें अपने देश में उत्पादित वस्तुओं पर गर्व करना चाहिए : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कबीरधाम में आयोजित स्वदेशी मेला में हुए शामिल उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा के पीजी कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला के दूसरे दिन शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने भारत माता की तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने इससे पहले स्वदेशी मेला का अवलोकन किया। कबीरधाम जिले के महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों और अन्य प्रांतो से आए स्वदेशी विक्रेता ने उपमुख्यमंत्री शर्मा का स्वागत और अभिनंदन किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा मेले के अवलोकन के दौरान स्वदेशी मेला की भव्यता देखकर बहुत अभिभूत हुए। उन्होंने दूसरे राज्यो से आएं स्वदेशी विक्रेता का कवर्धा की इस धरती पर स्वागत और अभिनंदन किया। स्वदेशी मेला के दूसरे दिन अंचल शर्मा और उनकी म्यूजिकल ग्रुप के कार्यक्रम की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का यह एक शानदार अवसर है। हमें अपने देश के उत्पादों पर गर्व करना चाहिए और उन्हें अपनाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी कहा कि ऐसे मेलों का आयोजन हमारे सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने और स्थानीय उद्यमियों के विकास में समर्थन देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का संकल्प है हमे इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए, लेकिन ग्लोबल मार्केट में हमारा प्रोडक्ट होना चाहिए। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया और मेड इन इंडिया दोनों कॉन्सेप्ट से देश में कार्य प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा है कि हमारे देश में नवाचार और स्टार्टअप बढ़ना चाहिए। स्टार्टअप बढ़ाने के लिए हमारे छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया आई हब छत्तीसगढ़ संस्था का प्रारंभ किया जा रहा है। आई हब गुजरात की तरह है। उन्होंने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी युवा या व्यक्ति के पास टेक्नोलॉजी में नवाचार करने का आइडिया है लेकिन उसके पास संसाधन नहीं है तो उन्हें साधन और संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से नवाचार उभर कर सामने आए और एक नई दिशा मिले। उन्होंने बताया कि इसके लिए गुजरात से ओएमयू किया गया है। छत्तीसगढ़ में आई हब का प्रारंभ नवंबर से रायपुर के इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रारंभ किया जाएगा। ये स्टार्टअप स्वदेशी होगा। जिसे हमें आगे आने वाले सालों में आई हब छत्तीसगढ़ में बनने वाला नवाचार को स्वदेशी मेला में देखने मिलेगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि स्वदेशी मेला मतलब हमारे देश की बनी हुई सामग्री से है। एक तरफ इसका आर्थिक पक्ष है जो मजबूत करता है और दूसरा पक्ष भाव का है जो स्वाभिमान को प्रदर्शित करता है। उन्होंने कहा कि सन 1991 का समय याद होगा जब भारत सुपर कम्प्यूटर के लिए भटकता था।

20 Oct. 2024 Pride Of Raipur

M A K AZAD COLLEGE OF PHARMACY, RAIPUR (C.G.)
Since – 2004
Approved by PCI New Delhi
Affiliated with CSVTU Bhilai
ADMISSION / REGISTRATION OPEN - 2024-25
B Pharmacy – D Pharmacy
XII Science – PCB/ PCM
B Pharmacy lateral entry
CHOURASIYA COLONY NAV DURGA NAGAR RAIPUR
9329621221 , 9425214413 , 9981224037 ,7714913335
email ID - makazadpharmacy123@gmail.com
For online registration Visit: www.makazadpharmcy.com

DYNAMO
Price 72000/- Offer 59,990/- Today Only
ESCAPE EXPLORE EXHILARATE
3 Year Warranty
XL
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं। बाकि आसान किस्तों में पाएं।
निश्चित उपहार प्रत्येक बुकिंग पर 2999/- देकर बुक करें।
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कैशबैक 5000/-
सिर्फ 9999/- देकर घर ले जायें
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

SAVI Arts
ONE STOP SHOP FOR ALL FINE ART ITEMS
Deals In
Resin work and material
Festival decoration
Handmade bandhanwar (Toran)
Diyas
Painting
Crockery items
Tealight holder (Metal/ cloth/ wood etc)
Call Now 8964029818, 8319103510
Savi Arts And Craft Store, Shop No. 4, Business Apartment Near Shankar Nagar, Chowpaty, Beside Post Office, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

KSR Kisan Parryware
Shree Vijay Sales
Near Ganesh Vinayak Eye Hospital Opp Colors Mall, Dhamtari Road, Pachpedi Naka Raipur, Mob. 9993376888

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करे -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

9575261555
VASTU समाधान
दीपक गुप्ता
(PGD In Vaastu, MBA, MA, LLB, MSW)
(वास्तुशास्त्री एवं अंक वास्तुशास्त्र)
Life Designer and Mentor
वास्तुशास्त्र- घर, दुकान, ऑफिस, प्लॉक, फैक्टरी, कारखाना का नींव से लेकर निर्माण तक संपूर्ण वास्तु।
अंक वास्तुशास्त्र- हस्ताक्षर वास्तु, नाम स्पलिंग वास्तु मोबाईल नंबर, घर का नंबर, कार एवं अन्य किसी भी प्रकार के नंबर अंक से जीवन में सुख शांति, सफलता और संपन्नता प्राप्त करने के अचूक सरल उपाय।
पता- उषा इस्टेट, B8/6 फ्लोर, पंडरी मोवा ब्रिज के बगल में, रायपुर

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध है।
9329846567
9827146567

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403